3 राजधानी
कांवड़ियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

6 अभिमत
आर्थिक समृद्धि हेतु प्राचीन विवेक

11 विदेश
बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शनों के बाद शांति

12 स्पोर्ट्स
पेरिस ओलंपिक श्रीजेश का आखिरी टूर्नामेंट

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 254
नई दिल्ली, मंगलवार, 23 जुलाई, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



देश के भूजल स्तर में छह प्रतिशत का सुधार
राष्ट्रीय-10

# आर्थिक समीक्षाः चालू वित्त वर्ष में 6.5 से 7 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान

पीटीआई। नई दिल्ली

**बजट से** पहले पेश सरकार की आर्थिक समीक्षा में चालू वित्त वर्ष में 6.5 से 7.0 प्रतिशत की वृद्धि दर रहने का सतर्क अनुमान जताया गया है। साथ ही इसमें अर्थव्यवस्था में अधिक नौकरियां सृजित करने की जरूरत के साथ निर्यात को बढ़ावा देने के लिए चीन से अधिक प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) का समर्थन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद में पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को रेखांकित करता है और सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी प्रदर्शित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आर्थिक सर्वेक्षण हमारी अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को रेखांकित करता है और हमारी सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा, यह आगे के विकास और प्रगति के क्षेत्रों की भी पहचान करता है क्योंकि हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रह हैं।

आर्थिक समीक्षा मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) कार्यालय ने तैयार की है। इसमें खाद्य पदार्थों को छोड़कर, मुद्रास्फीति का लक्ष्य तय करने पर गौर करने का भी सुझाव दिया गया है। प्रायः खाद्य वस्तुओं की ऊंची कीमतें मांग के बजाय आपूर्ति की समस्या के कारण होती हैं। इसमें बढ़ते शेयर बाजार को लेकर भी आगाह किया गया है। खुदरा निवेशकों की भागीदारी काफी बढ़ी है और अति आत्मविश्वास तथा ज्यादा रिटर्न की उम्मीदों के कारण सट्टेबाजी की संभावना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश समीक्षा में अप्रैल में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024) की 8.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में कम है। साथ ही यह चालू वित्त वर्ष के लिए आरबीआई के 7.2 प्रतिशत अनुमान से भी कम है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने अर्थव्यवस्था की स्थिति पर समीक्षा की प्रस्तावना में लिखा, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बीच बेहतर प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अतिरिक्त क्षमता वाले देशों से सस्ते आयात की आशंका निजी पूंजी के निर्माण को सीमित कर सकती है। समीक्षा में यह स्वीकार किया गया है कि इस वर्ष के लिए वृद्धि दर का अनुमान जताते समय सतर्कता बरती गई है और यह बाजार की अपेक्षाओं से कम है। इस सतर्क रुख का कारण निजी क्षेत्र के निवेश की गति धीमी होने के साथ ही मौसम प्रतिरूप का अनिश्चित होना है। इसमें कहा गया है कि मध्यम अवधि में यदि संरचनात्मक सुधार लागू किए गए तो टिकाऊआधार पर सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर की संभावना बनती है।

बजट से एक दिन पहले पेश समीक्षा में निजी निवेश को बढ़ावा देने, छोटी कंपनियों और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने का सुझाव दिया गया है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वित्तीय संसाधन बढ़ाने, छोटी कंपनियों के लिए कारोबार को सुगम बनाने और आय असमानता पर गौर करने की भी बात कही गई है। इसमें कहा गया है कि प्राथमिकताओं में शिक्षा और रोजगार के बीच अंतर को पाटना भी शामिल होना चाहिए। समीक्षा में रोजगार सृजन के लिए अधिक अनुकूल माहौल बनाने को लेकर श्रम सुधारों के क्रियान्वयन में तेजी लाने का भी आह्वान किया गया है। देश में बढ़ते कार्यबल की जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर-कृषि क्षेत्र में 2030 तक सालाना औसतन लगभग 78.5 लाख नौकरियां सृजित करने की जरूरत है। समीक्षा की प्रस्तावना में सीईए ने कहा कि रोजगार सृजन मुख्य रूप से निजी क्षेत्र में (शेष पेज 9)




नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आर्थिक सर्वे को संसद में पेश किए जाने के बाद मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए।



नई दिल्ली में टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा शपथ ग्रहण करने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का अभिवादन करते हुए।

# नीट पर लोस में हंगामा

दीपक कुमार झा। नई दिल्ली

**संसद के** मानसून व बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों के बीच नीट और एनटीए विवाद को लेकर आमना-सामना हुआ। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तत्काल इस्तीफे की मांग की, जिन्होंने बदले में कहा कि मैं मेरे नेता (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी)की अनुमति से इस पद पर हूं और सरकार 'सामूहिक रूप से जवाबदेह' है। जबकि विपक्ष ने वर्तमान प्रवेश परीक्षा प्रणाली की आलोचना की, केंद्र ने कहा कि पिछले सात वर्षों में प्रवेश परीक्षा पेपर लीक का कोई सबूत नहीं है। राहुल ने अपने तीखे हमले जारी रखे। कांग्रेस नेता ने कहा, 'यह पूरे देश के लिए स्पष्ट है कि हमारी परीक्षा प्रणाली में एक बहुत गंभीर समस्या है। मंत्री ने खुद को छोड़कर सभी को दोषी ठहराया है। मुझे नहीं लगता कि वह यहां जो कुछ भी हो रहा है उसके बुनियादी सिद्धांतों को समझते हैं।'

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यह सरकार पेपर लीक के मामले में नए रिकॉर्ड बनाएगी। उन्होंने कहा, 'देश भर में छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जांच से खुलासे हो रहे हैं, गिरफ्तारियां हो रही हैं। मेरा एक ही अनुरोध है कि अगर यह मंत्री बने रहे तो छात्रों को न्याय नहीं मिलेगा।' जवाब में प्रधान ने कहा कि नतीजे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के मुताबिक सार्वजनिक किए गए हैं। उन्होंने कहा, 'मैं राजनीति नहीं करना चाहता, लेकिन मेरे पास इसकी सूची है कि जब अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तो कितने पेपर लीक हुए थे।' पलटवार करते हुए प्रधान ने कहा कि उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों का समर्थन प्राप्त है और उन्हें संसद में किसी से खुफिया प्रमाणन की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, 'चिल्लाने से झूठ सच नहीं हो जाएगा। देश की परीक्षा प्रणाली को बकवास कहा गया है। विपक्ष के नेता का इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण बयान नहीं हो सकता। मैं इसकी निंदा करता हूं।' इसके बाद घिरे हुए प्रधान ने 'रिमोट कंट्रोल' प्रहार किया, ये एक ऐसा हमला है जिसे भाजपा नियमित रूप से मनमोहन सिंह सरकार पर निशाना साधने के लिए इस्तेमाल करती है। उन्होंने कहा, 2010 में, उनके मंत्री कपिल सिब्बल ने शिक्षा सुधारों के लिए तीन विधेयक पेश किए थे। उनमें से एक अनुचित प्रथाओं पर रोक लगाने के लिए था। उनकी समस्या क्या थी? वह विधेयक किसके दबाव में वापस लिया गया था। क्या यह निजी मेडिकल कॉलेजों के दबाव के कारण था? और वे हमसे सवाल पूछ रहे हैं।'

विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि एनटीए ने 240 से अधिक परीक्षाएं आयोजित की हैं और 5 करोड़ से अधिक छात्र उनमें शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा, 'पिछले सात वर्षों में पेपर लीक का कोई सबूत नहीं है।' केंद्र 'कुछ भी नहीं छिपा रहा है।' जैसा कि विपक्ष ने पेपर लीक के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की, अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सभी परीक्षाओं के बारे में सवाल उठाना सही नहीं है और सदस्यों को एक बेहतर परीक्षा प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता पर चर्चा करनी चाहिए। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मेडिकल प्रवेश परीक्षा एनईईटी में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही है और छह एफआईआर दर्ज की है। नीट-यूजी का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए किया जाता है।

अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि इस मुद्दे पर रचनात्मक चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर देश में सभी परीक्षाओं पर सवाल उठाए जाते हैं, तो इसका भारतीय शिक्षा प्रणाली और दुनिया भर में इसके बारे में धारणा पर असर पड़ता है। बिरला द्वारा अपनी टिप्पणी समाप्त करने के बाद, राहुल गांधी बोलना चाहते थे लेकिन उन्हें अनुमति नहीं दी गई और जल्द ही टीएमसी और डीएमके सहित सभी विपक्षी सदस्य सदन से (शेष पेज 9)

# विपक्ष ने विफलताओं को छिपाने के लिए नकारात्मक राजनीति कीः मोदी

## ● कहा- लोकतंत्र में प्रधानमंत्री को ढाई घंटे तक चुप कराने की कोशिश हुई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अपनी** सरकार के तीसरे कार्यकाल में अपना पहला बजट पेश करने से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष से अपील और एक आक्रामक संदेश के साथ इस सत्र के एजेंडे की रूपरेखा तैयार की, जिसमें कहा गया कि कुछ दलों ने अपनी राजनीतिक विफलताओं को छिपाने के लिए 'नकारात्मक राजनीति' की है और संसद का 'दुरुपयोग' किया है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में प्रधानमंत्री को ढाई घंटे तक चुप कराने, उनकी आवाज दबाने की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। यह चिंताजनक है कि ऐसे कार्यों के लिए कोई पछतावा नहीं है। उनकी टिप्पणी पिछले सत्र की घटना का एक स्पष्ट संदर्भ थी जब मोदी ने विपक्ष के जोरदार विरोध और नारेबाजी के बीच राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब दिया था। विपक्ष मांग कर रहा था कि मणिपुर के दोनों सांसदों को बोलने दिया जाए।

संसद सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मंगलवार को पेश होने वाला केंद्रीय बजट अगले पांच वर्षों में सरकार की यात्रा की दिशा तय करेगा और 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने की नींव रखेगा। मोदी ने कहा कि लोगों ने लोकसभा चुनाव में अपना फैसला दे दिया है और अब सभी राजनीतिक दलों को अगले पांच साल देश के लिए मिलकर लड़ना होगा। उन्होंने यह अपील सभी दलों के सांसदों से की। उन्होंने हाल में संपन्न आम चुनाव की ओर संकेत करते हुए कहा, गत जनवरी से लेकर (जून में आम चुनाव संपन्न होने तक) हम लोगों के पास जितना सामर्थ्य था, जितनी लड़ाई लड़नी थी... लड़ ली, जनता को जो बात बतानी थी- बता दी। किसी ने राह दिखाने का प्रयास किया, किसी ने गुमराह करने का प्रयास किया। लेकिन अब वो (चुनाव प्रचार का) दौर समाप्त हुआ है, देशवासियों ने अपना निर्णय दे दिया है। उन्होंने कहा, अब चुने हुए सभी सांसदों का कर्तव्य है, सभी राजनीतिक दलों की विशेष जिम्मेदारी है कि...आने वाले पांच वर्ष के लिए हमें देश के लिए लड़ना है, देश के लिए जूझना है। एक और नेक बनकर जूझना है। प्रधानमंत्री ने राजनीतिक दलों से पार्टी लाइन से ऊपर उठने और अगले चार से साढ़े चार वर्षों तक संसद के मंच का (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में सोमवार को संसद सत्र के पहले दिन मीडिया को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। फोटोः रंजन डिमरी

# कांवड़ मार्ग की दुकानों पर नेमप्लेट जरूरी नहीं

## ● उप्र और उत्तराखंड सरकार के निर्देश पर शीर्ष अदालत ने लगाई अंतरिम रोक


पीटीआई। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने भाजपा शासित उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों द्वारा जारी उन निर्देशों पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी, जिनमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकारों के इन निर्देशों का उद्देश्य धार्मिक भेदभाव को बढ़ावा देना है। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस. वी. एन. भट्टी की पीठ ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी किया और उनसे निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने को कहा।



मध्य प्रदेश में उज्जैन नगर निगम ने भी दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर नाम और मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने का शनिवार को निर्देश दिया था। पीठ ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी करने के साथ ही कहा कि भोजनालयों के लिए यह प्रदर्शित करना आवश्यक किया जा सकता है कि वे किस प्रकार का भोजन परोस रहे हैं, जैसे कि वे शाकाहारी हैं या मांसाहारी। हिंदू कैलेंडर के सावन महीने की शुरुआत के साथ सोमवार को शुरू हुई कांवड़ यात्रा के लिए कई राज्यों में व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सावन में लाखों शिव भक्त हरिद्वार में गंगा से पवित्र जल अपने घरों को ले जाते हैं और रास्ते में शिव मंदिरों में इसे चढ़ाते हैं। (शेष पेज 9)

# काशी में उमड़े श्रद्धालु



वाराणसी में सावन के पहले सोमवार को केदार घाट पर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए उमड़े श्रद्धालु।

# बिहार को विशेष दर्जे की मांग पर लगा झटका

पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली

**संसद के** दोनों सदनों में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठने के बीच सरकार ने 2012 में तैयार एक अंतर-मंत्रालई समूह की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सोमवार को कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई मामला नहीं बनता है। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा में जहां एक प्रश्न के माध्यम से यह मुद्दा उठाया गया, वहीं राज्यसभा में राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा ने शून्यकाल में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और विशेष पैकेज, दोनों देने की मांग उठाई। गौरतलब है कि संसद सत्र से पहले रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी पार्टियों सहित बिहार के कुछ दलों द्वारा राज्य को विशेष दर्जा दिए जाने की मांग उठाई गई थी।



लोकसभा में जनता दल (यू) के सदस्य रामप्रीत मंडल ने प्रश्न किया था कि क्या सरकार का आर्थिक विकास और औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए बिहार राज्य और अन्य अत्यधिक पिछड़े राज्यों को विशेष दर्जा प्रदान करने का विचार है? इस प्रश्न के लिखित उत्तर में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि अतीत में राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) ने कुछ राज्यों को विशेष श्रेणी का दर्जा दिया है। मंत्री ने कहा कि इन राज्यों में कुछ ऐसी विशेषताएं थीं जिन पर विशेष (शेष पेज 9)

# जम्मू में आतंकवादियों के दो हमले

## ● सेना की चौकी और शौर्य चक्र विजेता के घर को निशाना बनाने की कोशिश, मुठभेड़ जारी

मोहित कंडारी। जम्मू

**जम्मू हाइट्स** से पाकिस्तानी आतंकवादियों को बाहर निकालने की रणनीति तैयार करने के लिए सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक के ठीक बाद, आतंकवादियों के एक भारी हथियारों से लैस समूह ने सोमवार तड़के सेना की चौकी तथा सीमांत राजौरी जिले की खवास तहसील के गुंडा गांव में शौर्य चक्र विजेता के घर पर हमला किया। इन ताजा हमलों के बाद, कारगिल युद्ध में विजय के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कारगिल विजय दिवस समारोह में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की द्रास यात्रा को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का नए सिरे से ऑडिट करने के लिए पूरे सुरक्षा ग्रिड को सतर्क कर दिया गया है।



राजौरी जिले के गुंडा इलाके में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बल के जवान।

हमले में ग्राम रक्षा समूह के सदस्य परषोतम कुमार सुरक्षित रहे, जबकि उनके एक करीबी रिश्तेदार को गोलीबारी की घटना के दौरान मामूली चोटें आईं। हाल के महीनों में यह इस तरह का पहला प्रयास है जहां आतंकवादियों ने ग्राम रक्षा गार्ड के एक सदस्य को निशाना बनाया। आधिकारिक सूत्रों ने दावा किया कि विदेशी आतंकवादियों को कथित तौर पर गांव में शौर्य चक्र विजेता की मौजूदगी के बारे में जानकारी दी गई थी और स्थानीय ओवर-ग्राउंड कार्यकर्ताओं ने उसे निशाना बनाने के लिए आतंकवादियों के साथ सटीक निर्देशांक साझा किए होंगे। कुमार को 5 जुलाई को नई दिल्ली में भारत के राष्ट्रपति द्वारा युद्ध के वीर चक्र के बराबर शांतिकाल में शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था।

उद्धरण के अनुसार, पिछले साल अगस्त 2023 में, परषोत्तम कुमार ने एक पुरानी राइफल से पीएएफएफ-जैश के दो उच्च प्रशिक्षित गुरिल्ला आतंकवादियों से मुकाबला किया था, जो अत्याधुनिक असॉल्ट राइफलों और ग्रेनेड से लैस थे। सुरक्षित रहते हुए, उन्होंने दो आतंकवादियों का पीछा किया और अदम्य साहस और उत्कृष्ट क्षेत्र कौशल का प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने आतंकवादियों को करीब से घेर लिया और उनको तब तक घेरे रखा जब तक सुरक्षा बल मौके पर नहीं आ गया। बाद में मुठभेड़ में एक विदेशी आतंकवादी मारा गया था। आतंकी हमले को विफल करने के तुरंत बाद सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम द्वारा आतंकवादियों के पदचिन्हों का पता लगाने के लिए सघन तलाशी अभियान चलाया गया। घने जंगली इलाके में चल रहे अभियान में विशेष बलों को भी शामिल किया गया। एक्स पर एक पोस्ट में, व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने कहा, आतंकवादियों ने राजौरी के गुंडा में एक वीडीसी के घर पर सुबह 3.10 बजे हमला किया। पास की सेना की एक टुकड़ी ने जवाब देते हुए गोलीबारी शुरू की । एक अन्य अपडेट में व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय सेना राजौरी-रियासी के एक दूरदराज के इलाके में (शेष पेज 9)

# नीट-यूजीः कोर्ट ने विशेषज्ञों की टीम बनाकर एक प्रश्न के सही उत्तर पर रिपोर्ट सौंपने को कहा

पीटीआई। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने विवादों में घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई शुरू की और आईआईटी-दिल्ली के निदेशक से तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने को कहा, जो इस परीक्षा में पूछे गए एक विशेष प्रश्न पर विचार करेगी और मंगलवार दोपहर तक सही उत्तर पर एक रिपोर्ट पेश करेगी। शीर्ष अदालत ने कुछ अभ्यर्थियों की उस दलील पर गौर किया कि परमाणु और उसकी विशेषताओं से संबंधित एक प्रश्न के दो सही उत्तर थे और परीक्षार्थियों के एक समूह, जिन्होंने दो सही उत्तरों में से एक विशेष उत्तर दिया था, उन्हें चार अंक दिए गए। याचिकाकर्ताओं ने प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष दलील दी कि इसका सफल उम्मीदवारों की अंतिम मेधा सूची पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। संबंधित प्रश्न का हवाला देते हुए पीठ ने कहा, जैसा कि प्रश्न में दर्शाया गया है, छात्रों को अपने उत्तर के रूप में एक विकल्प चुनना था। सही उत्तर के संबंध में इस मुद्दे को हल करने के लिए, हमारा विचार है कि आईआईटी दिल्ली से एक विशेषज्ञ राय मांगी जानी चाहिए। पीठ ने कहा, हम आईआईटी दिल्ली के निदेशक से संबंधित विषय के (शेष पेज 9)

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर गलत दिशा से आ रही कार ने ली मां-बेटे की जान

## महरौली के पास स्कूटी टकराई, एक्सप्रेसवे पर प्रतिबंधित है दोपहिया वाहन

● दिल्ली के वेस्ट विनोद नगर के थे मां-बेटे, टक्कर के बाद 10 मीटर दूर गिरी महिला


दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर हादसे के बाद खड़ी गाड़ियां और एंबुलेंस में रखा शव।

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर ऑल्टो कार की टक्कर से स्कूटी सवार मां-बेटे की मौत हो गई। ऑल्टो कार के रॉन्ग साइड आने से यह हादसा हुआ। पुलिस ने कार ड्राइवर को गिरफ्तार करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हादसे की एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। हादसा इतना भीषण था कि कार की टक्कर से स्कूटी पर पीछे बैठी महिला 10 फुट ऊपर उछलकर सड़क पर दूर जाकर गिरी। एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया, रविवार रात ये हादसा गाजियाबाद में महरौली अंडरपास के नजदीक हुआ। मां-बेटे स्कूटी पर मेरठ से दिल्ली की तरफ जा रहे थे।

उसी लेन पर सामने से ऑल्टो कार आ रही थी। कार ने स्कूटी में तेज टक्कर मार दी। हादसे में घायल स्कूटी सवारों को तुरंत नजदीक के मणिपाल हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उनको मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान 20 वर्षीय यश गौतम और उनकी 40 वर्षीय मां मंजू देवी के रूप में हुई। दोनों दिल्ली में वेस्ट विनोदनगर के रहने वाले थे। अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) ने बताया- दुर्घटना के समय स्कूटी चालक यश ने हेलमेट पहना हुआ था, लेकिन मां ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। इस एक्सप्रेस-वे पर दुपहिया वाहनों का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके अलावा कार रॉन्ग साइड से आ रही थी। इस वजह से ये हादसा हुआ है। इस हादसे परिवार में हाहाकार मचा हुआ है।

## गाजियाबाद में हाईवे पर धू-धू कर जला ट्रक, ड्राइवर-क्लीनर ने कूदकर बचाई जान

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में नेशनल हाईवे-9 पर वेव सिटी थाना क्षेत्र में स्क्रैप से भरे ट्रक के केबिन में भीषण आग लग गई। ड्राइवर-क्लीनर ने कूदकर जान बचाई। फायर फाइटर्स ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। माना जा रहा है कि किसी वायरिंग में शॉर्ट सर्किट से ये आग लगी थी। घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया- सोमवार दोपहर करीब 12 बजे फायर स्टेशन कोतवाली पर चार्ली वन ने सूचना दी कि आईएमएस कॉलेज के सामने डासना में हाईवे पर एक ट्रक में आग लग रही है। इस सूचना पर दो फायर टेंडर रवाना किए गए। घटनास्थल पर पहुंचकर देखा तो एक ट्रक में आग लगी हुई थी। फायर यूनिट ने तत्काल हौजपाइप फैलाकर आग पर काबू पाया। ये ट्रक लोहा मंडी गाजियाबाद निवासी किशन भगत का था, जिसमें लोहे का स्क्रैप भरा हुआ था। ये ट्रक पिलखुवा से स्क्रैप लेकर गाजियाबाद लोहा मंडी आ रहा था।

## ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात युवक की मौत

**नोएडा।** थाना कासना क्षेत्र में एक अज्ञात युवक ट्रेन की चपेट में आ गए। इस घटना में उनकी मौत हो गई है। थाना कासना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को थाना क्षेत्र में एक अज्ञात पुरुष ट्रेन की चपेट में आ गए। इस घटना में उनकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मावा शॉप में भीषण आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कोतवाली इलाके में रविवार देर रात एक दुकान में आग लगने से देसी घी और मावा रखा हुआ था। एक सिलेंडर फटने की भी सूचना है। फायर फाइटर्स ने आग पर काबू पा लिया। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया- रविवार रात करीब पौने 10 बजे आग की सूचना मिली थी।

# सावन के पहले सोमवार पर उमड़े श्रद्धालु


सावन के पहले सोमवार को दूधेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए लाइन में अपनी बारी का इंतजार करते श्रद्धालु।

पीएनएस। गाजियाबाद/नोएडा

सावन के पहले सोमवार के साथ ही श्रावण मास की शुरूहो गया है। सावन के पहले सोमवार को प्रसिद्ध दूधेश्रनाथ मंदिर सहित शहर के अन्य शिव मंदिरों जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड उमड़ी।

देर रात से ही दूधेश्वरनाथ मंदिर के बाहर भक्तों की लाइन लगना शुरू हो गई थी जो सुबह होते-होते घंटाघर तक पहुंच गई। हालांकि भीड को देखते हुए जिला अस्पताल तक बेरीकेट्स लगाई गई थी और जीटी रोड पर एक लाइन का यातायात बंद कर दिया गया था। ताकि लाइन में लगे भक्तों को समस्या न हो। तड? सुबह मंदिर के पुजारियों के साथ मंदिर के महंत नारायण गिरी महाराज ने भगवान दूधेश्वर का पूजन कर जलाभिषेक किया व आरती के उपरांत भक्तों के लिए मंदिर के कपाट खोले गए। जलाभिषेक के लिए दूरदराज से सैंकडो की संख्या में भक्त पहुंचे। महंत नारायण गिरी महाराज ने बताया कि सावन के पावन महीने की शुरुआत सोमवार से हुई, जिससे सावन मास का महत्व और भी बढ गया है। मंदिर श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल के नेतृत्व में भगवान का भव्य श्रृंगार किया गया व उन्हें छप्पन भोग अर्पित किए गए।

### नोएडा में 1 लाख से अधिक भक्तों ने किया जलाभिषेक

**नोएडा।** नोएडा के मंदिरों में सावन के पहले सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। सुबह 4 बजे मंदिरों के कपाट खोलने के बाद से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। मंदिरों में लाइटिंग की गई और परिसर को फूलों से सजाया गया। इस पवित्र महीने के पहले दिन यानी आज महिलाएं मंगला गौरी का व्रत भी है। अब तक नोएडा के एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। ये संख्या लगातार बढ़ती गई।

# 5 मिनट में लग्जरी कार चुराने वाले 6 गिरफ्तार

● गाड़ी की रि प्रोग्राम करके नया कोड जनरेट करना और की-मोड जनरेट कर डुप्लीकेट चाबी बना लेते थे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

लग्जरी कारों के (इलेक्ट्रानिक कंटेंट मैनेजमेंट) को रि प्रोग्राम करके नया कोड जनरेट करना और की-मोड जनरेट करके गाड़ी की डुप्लीकेट चाबी बनाना। महज पांच मिनट में ये काम करके लग्जरी कार चोरी करने वाले छह शातिर बदमाशों को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इनके पास से 10 लग्जरी कार बरामद की गई। चोरी की ये कार दिल्ली, नोएडा के अलावा हरियाणा से चोरी की गई। इनको देश के अलग-अलग राज्यों में मनमाफिक दामों पर पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, चेन्नई व नार्थ-ईस्ट बेचते थे। डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि नोएडा से एक फॉर्च्यूनर कार चोरी की शिकायत मिली थी। थाना सेक्टर-113 पुलिस ने कार की बरामदगी के लिए दो टीम बनाई। सर्विलांस और मुखबिर की सूचना पर पुलिस एफएनजी रोड पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान भारत अस्पताल के पास दोपहर में 6 लोगों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान खलील, मोनु कुमार, सोनू , राजेश कक्कड उर्फ राजा , अली शेर उर्फ इमरान, प्रमोद को गिरफ्तार किया गया।

## 28 वीं मंजिल से गिरी महिला ठेकेदार, मौत

**नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी- दो क्षेत्र में निर्माणाधीन एक मकान में मजदूरों से काम करवा रही ठेकेदार महिला 28वीं मंजिल से नीचे गिर गई। वह 10वीं मंजिल से गिरी। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि संघमित्रा पत्नी प्रवीण शर्मा उम्र 45 वर्ष निवासी जनपद फरीदाबाद एक निर्माणाधीन सोसाइटी में ठेकेदार के रूप में कार्य करती थी। साइट पर काम करवाने के दौरान वे असंतुलित होकर 28वीं मंजिल से नीचे गिरी।

**एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")**
CIN : U65993DL2002PLC115769
**पंजीकृत कार्यालय:** 14वीं मंजिल, ईआरओएस कॉर्पोरेट टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019. ई-मेल: acre.arc@acreindia.in,वेबसाइट: www.acreindia.in
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** यूनिट नंबर 502, सी विंग, वन बीकेसी, प्लॉट नंबर सी - 66, जी - ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051. फोन: 022 68643101

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड ("आईएचएफएल")** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **कुलवीर सिंह और हर्ष शर्मा (गारंटर)** को **21.09.2019** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. K019XII (आईएचएफएल का पूर्व कर्ज खाता नं. HHLVAS00242784)** की राशि रू. **20,12,263/- (रूपये बीस लाख बारह हजार दो सौ तिरसठ मात्र)** और **20.09.2019** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी । इसके अलावा **आईएचएफएल** ने **इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के पक्ष में **इंडियाबुल्स एआरसी –XII ट्रस्ट के ट्रस्टी** के रूप में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज **31.12.2019**. को एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से सौपा है, इसके अलावा **इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, इंडियाबुल्स एआरसी –XII ट्रस्ट के ट्रस्टी** ने दिनांक **26.04.2021** के असाइनमेंट करार के माध्यम से **एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")** के पक्ष में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज सौंपा है, जिसे दिनांक **26.08.2021** के सुधार समझौते के साथ पढ़े और कर्ज खाता जिसे **एसीआरई** की पुस्तकों में कर्ज खाता नं.**K019XII** के रूप में पुन: क्रमांकित किया गया है ।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **18.07.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।
विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि रू. **20,12,263/- (रूपये बीस लाख बारह हजार दो सौ तिरसठ मात्र) 20.09.2019** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.** के आधीन होगा.
उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**
ब्लॉक- 'एफ', आदित्य "अर्बन होम्स", बारहवीं मंजिल, फ्लैट नं. एफ/यूएच-1225, सुपर एरिया 840 स्क्वे.फीट (2- बीएचके), खसरा नं. 2377, 2378, 2380, 2381, 2382, 2406, 2407, 2410, 2411, 2422, गाँव शाहपुर बम्हेटा पर स्थित, एनएच-24, परगना डासना, गाज़ियाबाद- 200111, उत्तर प्रदेश।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 18.07.2024 असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.
स्थान : गाज़ियाबाद (102- ट्रस्ट)

किसी भी शिकायत के लिए आप **श्री मोहम्मद शारिक मलिक**, शिकायत निवारण अधिकारी, फोन नंबर **011-66115609**, ईमेल: **complaint@acreindia.in** से संपर्क कर सकते हैं। संगठन के अंतर्गत शिकायत निवारण तंत्र विस्तृत रुप से **https://www.acreindia.in/compliance** पर देखी जा सकती है।

**एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")**
CIN : U65993DL2002PLC115769
**पंजीकृत कार्यालय:** 14वीं मंजिल, ईआरओएस कॉर्पोरेट टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019. ई-मेल: acre.arc@acreindia.in,वेबसाइट: www.acreindia.in
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** यूनिट नंबर 502, सी विंग, वन बीकेसी, प्लॉट नंबर सी - 66, जी - ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051. फोन: 022 68643101

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड ("आईएचएफएल")** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **शशि कांत सिन्हा, रश्मी श्रीवास्तव और रवि कुमार (गारंटर)** को **24.08.2019** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. S040XII (आईएचएफएल का पूर्व कर्ज खाता नं. HHLKHU00127461)** की राशि रू. **20,52,732 (रूपये बीस लाख बावन हजार सात सौ बत्तीस मात्र)** और **24.08.2019** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी । इसके अलावा **आईएचएफएल** ने **इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के पक्ष में **इंडियाबुल्स एआरसी –XII ट्रस्ट के ट्रस्टी** के रूप में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज **31.12.2019**. को एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से सौपा है, इसके अलावा **इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, इंडियाबुल्स एआरसी –XII ट्रस्ट के ट्रस्टी** ने दिनांक **26.04.2021** के असाइनमेंट करार के माध्यम से **एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")** के पक्ष में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज सौंपा है, जिसे दिनांक **28.08.2021** के सुधार समझौते के साथ पढ़े और कर्ज खाता जिसे **एसीआरई** की पुस्तकों में कर्ज खाता नं.**S040XII** के रूप में पुन: क्रमांकित किया गया है, सौंपा है ।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **19.07.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।
विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि रू. **20,52,732 (रूपये बीस लाख बावन हजार सात सौ बत्तीस मात्र) 24.08.2019** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.** के आधीन होगा.
उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**
" ला गैलेक्सिया " नामक कॉम्प्लेक्स के टावर/ब्लॉक-ई में पहली मंजिल पर यूनिट नं. ई-103, जिसका सुपर एरिया 1195.00 स्क्वे. फीट, एक खुली कार पार्किंग की जगह के साथ, प्लॉट नं. एचआरए-11,1ए पर निर्मित, सूरजपुर साइट-सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश ।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 19.07.2024 असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.
स्थान : नोएडा (102- ट्रस्ट)

किसी भी शिकायत के लिए आप **श्री मोहम्मद शारिक मलिक**, शिकायत निवारण अधिकारी, फोन नंबर **011-66115609**, ईमेल: **complaint@acreindia.in** से संपर्क कर सकते हैं। संगठन के अंतर्गत शिकायत निवारण तंत्र विस्तृत रुप से **https://www.acreindia.in/compliance** पर देखी जा सकती है।

**एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")**
CIN : U65993DL2002PLC115769
**पंजीकृत कार्यालय:** 14वीं मंजिल, ईआरओएस कॉर्पोरेट टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019. ई-मेल: acre.arc@acreindia.in,वेबसाइट: www.acreindia.in
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** यूनिट नंबर 502, सी विंग, वन बीकेसी, प्लॉट नंबर सी - 66, जी - ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051. फोन: 022 68643101

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड ("आईएचएफएल")** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **मृणाल घोष और जयति घोष** को **16.07.2019** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. M052OXXIII (आईएचएफएल का पूर्व कर्ज खाता नं. HHLNOD00269514)** की राशि **रू. 38,82,101 (रूपये अड़तीस लाख बयासी हजार एक सौ एक मात्र)** और **16.07.2019** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी । इसके अलावा **आईएचएफएल** ने **इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के पक्ष में **इंडियाबुल्स एआरसी –XXIII ट्रस्ट के ट्रस्टी** के रूप में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज **31.12.2021**. को एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से सौपा है, इसके अलावा **इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, इंडियाबुल्स एआरसी –XXIII ट्रस्ट के ट्रस्टी** ने दिनांक **29.06.2022** के असाइनमेंट करार के माध्यम से **एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")** के पक्ष में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज और कर्ज खाता जिसे **एसीआरई** की पुस्तकों में कर्ज खाता नं.**M052OXXIII** के रूप में पुन: क्रमांकित किया गया है, सौंपा है ।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **19.07.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।
विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू. 38,82,101 (रूपये अड़तीस लाख बयासी हजार एक सौ एक मात्र) 16.07.2019** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.** के आधीन होगा.
उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**
मिगसन अल्टीमो नाम की ग्रुप हाउसिंग आवासीय परियोजना में, नौवीं मंजिल पर फ्लैट नं. सन 1-0910, जिसका सुपर एरिया लगभग 1595 स्क्वे. फीट, एक कवर्ड कार पार्किंग की जगह के साथ, प्लॉट नं. जीएच 03 पर निर्मित, सेक्टर-ओमिक्रॉन-3, ग्रेटर नोएडा, नोएडा-201307, उत्तर प्रदेश ।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 19.07.2024 असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.
स्थान : नोएडा (102- ट्रस्ट)

किसी भी शिकायत के लिए आप **श्री मोहम्मद शारिक मलिक**, शिकायत निवारण अधिकारी, फोन नंबर **011-66115609**, ईमेल: **complaint@acreindia.in** से संपर्क कर सकते हैं। संगठन के अंतर्गत शिकायत निवारण तंत्र विस्तृत रुप से **https://www.acreindia.in/compliance** पर देखी जा सकती है।

**एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")**
CIN : U65993DL2002PLC115769
**पंजीकृत कार्यालय:** 14वीं मंजिल, ईआरओएस कॉर्पोरेट टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019. ई-मेल: acre.arc@acreindia.in,वेबसाइट: www.acreindia.in
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** यूनिट नंबर 502, सी विंग, वन बीकेसी, प्लॉट नंबर सी - 66, जी - ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051. फोन: 022 68643101

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **राकेश कुमार जायसवाल, मोना जायसवाल और जायसवाल मिश्रा एंड कंपनी** को **13.04.2021** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. R031OXXIII (आईएचएफएल का पूर्व कर्ज खाता नं. HHLKAN00163443)** की राशि **रू. 12,62,106.84 (रूपये बारह लाख बासठ हजार एक सौ छह और चौरासी मात्र)** और **31.03.2021** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी । इसके अलावा **आईएचएफएल** ने **इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के पक्ष में **इंडियाबुल्स एआरसी –XXIII ट्रस्ट के ट्रस्टी** के रूप में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज **31.12.2021**. को एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से सौपा है, इसके अलावा **इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, इंडियाबुल्स एआरसी –XXIII ट्रस्ट के ट्रस्टी** ने दिनांक **29.06.2022** के असाइनमेंट करार के माध्यम से **एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")** के पक्ष में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज सौंपा है ।
धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **18.07.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।
विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू. 12,62,106.84 (रूपये बारह लाख बासठ हजार एक सौ छह और चौरासी मात्र) 31.03.2021** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.** ("एसीआरई") के आधीन होगा.
उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**
सेक्टर पाइनवुड एन्क्लेव में दूसरी मंजिल पर आवासीय मंजिल नंबर 1006, जिसका विक्रय योग्य क्षेत्र 930 स्क्वे. फीट, जिसमें भूतल प्लस दो मंजिलों की शामिल योजना, प्लॉट नंबर 757 पर निर्मित, जिसका क्षेत्र 112.88 स्क्वे.मीटर्स (लगभग 135 स्क्वे.यार्डस), वेव सिटी के लेआउट प्लान में स्थित, सेक्टर -2, एनएच -24, गाँव डासना, काजीपुरा मोड, गाज़ियाबाद- 201001, उत्तर प्रदेश ।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 18.07.2024 असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.
स्थान : गाज़ियाबाद (102- ट्रस्ट)

किसी भी शिकायत के लिए आप **श्री मोहम्मद शारिक मलिक**, शिकायत निवारण अधिकारी, फोन नंबर **011-66115609**, ईमेल: **complaint@acreindia.in** से संपर्क कर सकते हैं। संगठन के अंतर्गत शिकायत निवारण तंत्र विस्तृत रुप से **https://www.acreindia.in/compliance** पर देखी जा सकती है।

**जैश इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड**
पंजी कार्यालयः 502, एनडीएम–II, एनएसपी, पीतमपुरा, दिल्ली–110034
सीआईएनः एल24302डीएल1985पीएलसी383771 वेबसाइटः www.jaschindustries.com ई–मेलः accounts@jasch.biz

**30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए समीक्षित इंड–एएस वित्तीय परिणामों का उद्धरण।**
**(सूचीकरण विनियमों के विनियम 47(1)(बी) के तहत पृथक्कृत वित्तीय परिणाम)**
[रु. लाख में]

| क्र. स. | विवरण | पृथक्कृत | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | |
| | | 30.06.24 | 31.03.24 | 30.06.23* | 31.03.24* | 31.03.23* |
| | | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 4185.68 | 4003.77 | 3915.36 | 17231.31 | 16712.34 |
| 2 | ब्याज, मूल्यहास एवं करों से पूर्व लाभ (ईबीआईटीडीए) | 358.08 | 194.27 | 360.38 | 1585.52 | 708.82 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर तथा (अपवाद मदों से पहले) | 253.26 | 95.33 | 271.64 | 1202.77 | 399.65 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर से पहले (अपवाद मदों से बाद) | 253.26 | 95.33 | 271.64 | 1201.81 | 399.65 |
| 5 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर पश्चात (अपवाद मदों से बाद) | 189.52 | 77.07 | 203.24 | 900.10 | 297.26 |
| 6 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है | 189.52 | 77.07 | 203.24 | 900.10 | 297.26 |
| 7 | इक्विटी शेयर पूंजी | 679.80 | 679.80 | 679.80 | 679.80 | 679.80 |
| 8 | संचेय | 5157.69 | 4968.19 | 4196.14 | 4968.19 | 4053.78 |
| 9 | प्रति शेयर अर्जन (रु.10/– प्रत्येक का) मूल एवं तनुकृत (रुपये) | 2.79 | 1.13 | 2.99 | 13.24 | 4.37 |

नोटः
1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप बी.एस.ई. लिमिटेड के वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.jaschindustries.com पर उपलब्ध है।
2. इन अवधियों के आंकड़े माननीय एनसीएलटी द्वारा दिनांक 12–09–2023 के आदेश के तहत अनुमोदित व्यवस्था योजना के अनुसार 01–04–2022 से पुनः प्रस्तुत किए गए हैं।
3. पिछली अवधि के आंकड़ों को वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए, जहां आवश्यक हो, पुनः समूहित किया गया है।

सोनीपत, 20 जुलाई 2024
जय किशन गर्ग
अध्यक्ष

**जैश गेजिंग टेक्नोलॅजीज़ लिमिटेड**
पंजी कार्यालयः 502, एनडीएम–।।, एनएसपी, पीतमपुरा, दिल्ली–110034
सीआईएनः एल33111डीएल2021पीएलसी381513

**30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए समीक्षित इंड–एएस वित्तीय परिणामों का उद्धरण।**
**(सूचीकरण विनियमों के विनियम 47(1)(बी) के तहत पृथक्कृत वित्तीय परिणाम)**
[रु. लाख में]

| क्र. स. | विवरण | पृथक्कृत | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | |
| | | 30.06.24 | 31.03.24 | 30.06.23 | 31.03.24 | 31.03.23 |
| | | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 1361.06 | 1797.59 | – | 3153.13 | – |
| 2 | ब्याज, मूल्यहास एवं करों से पूर्व लाभ (ईबीआईटीडीए) | 469.10 | 695.29 | – | 1235.40 | (0.49) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर तथा (अपवाद मदों से पहले) | 444.99 | 669.25 | – | 1184.51 | (0.49) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर से पहले (अपवाद मदों से बाद) | 444.99 | 669.25 | – | 1184.51 | (0.49) |
| 5 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर पश्चात (अपवाद मदों से बाद) | 332.99 | 494.24 | – | 879.80 | (0.49) |
| 6 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है | 332.99 | 494.24 | – | 879.80 | (0.49) |
| 7 | इक्विटी शेयर पूंजी | 453.20 | 453.20 | 5.00 | 453.20 | 5.00 |
| 8 | संचेय | 7613.55 | 7290.28 | (0.49) | 7290.28 | (0.49) |
| 9 | प्रति शेयर अर्जन (रु.10/– प्रत्येक का) – मूल एवं तनुकृत (रु.) | 7.35 | 10.91 | – | 19.41 | (0.98) |

नोटः
1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप बी.एस.ई. लिमिटेड के वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.jasch.net.in पर उपलब्ध है।
2. कंपनी के वित्तीय परिणाम भारतीय लेखामानकों (इंडएएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।
3. पिछली अवधि के आंकड़ों को वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए, जहां आवश्यक हो, पुनः समूहित किया गया है।

सोनीपत, 20 जुलाई 2024
जय किशन गर्ग
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

# पिलर से टकराई इलेक्ट्रिक बस, महिला की मौत

## पंजाबी बाग में शिवाजी पार्क मेट्रो के पास हुए हादसे में बस-कंडक्टर समेत 23 यात्री हुए घायल

● घायलों में 13 को महाराजा अग्रसेन अस्पताल में और अन्य 10 को मोती नगर के आचार्य भिक्षु अस्पताल में भर्ती कराया गया


पंजाबी बाग क्षेत्र में मेट्रो पिलर से टकराई डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके में तेज रफ्तार दिल्ली परिवहन निगम की बस मेट्रो पिलर से टकरा गई, जिसमें एक महिला की मौत हो गई जबकि बस का चालक और कंडक्टर समेत 23 लोग घायल हो गए। यह बस रूट नंबर 939 मंगोलपुरी से आनंद विहार के बीच चलती है। हादसे के समय बस आनंद विहार जा रही थी। वह मेट्रो पिलर 146 से टकरा गई उस दौरान बस के ठीक पीछे चल रहा एक ऑटो रिक्शा भी बस के पीछे से टकरा गया था।

पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि सोमवार सुबह करीब पौने आठ बजे पंजाबी बाग पुलिस स्टेशन को रोहतक रोड पर शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के पास दिल्ली परिवहन निगम की इलेक्ट्रिक बस दुर्घटना होने की जानकारी मिली थी। यह बस मंगोलपुरी और आनंद विहार के बीच चलती है। विचित्र वीर ने के अनुसार बस के अचानक टक्कराने से पीछे चल रहा एक ऑटो-रिक्शा उससे टकरा गया। इस दुर्घटना में बस चालक और कंडक्टर सहित 23 लोग घायल हो गए। घायलों में से 13 का महाराजा अग्रसेन अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि अन्य 10 को मोती नगर के आचार्य भिक्षु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस हादसे में जान गंवाने वाली महिला की पहचान सुल्तानपुरी निवासी सविता के रूप में हुई है। दुर्घटना के समय वह बस में यात्रा कर रही थी। एक अन्य यात्री, 55 वर्षीय शरीफ गंभीर रूप से घायल है और उसे महाराजा अग्रसेन अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पंजाबी बाग थाने में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए फोरेंसिक साइंस की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य इकत्र किए हैं। पुलिस घटना के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के लिए बस में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। डीटीसी के एक अधिकारी ने दावा किया कि बस अपनी निर्धारित लेन में चल रही थी एक मोटरसाइकिल सवार और एक ऑटोरिक्शा चालक ने अचानक दाई ओर मोड़ लिया। दुर्घटना से बचने के लिए बस चालक ने बस को भी दाईं ओर मोड लिया जिससे बस मेट्रो खंभे से जा टकरा गई।

# केजरीवाल सरकार जेल से बेल पाने के खेल में फंसी : सचदेवा

● कहा, दिल्ली आज कराह रही है, परिवर्तन और केजरीवाल का इस्तीफा मांग रही है



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा के नेताओं ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप सरकार पर जमकर निशाना साधा है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल सरकार प्रेस कांफ्रेसों से चलने वाली सरकार है जिसके शासन में राजधानी में केवल भ्रष्टाचार का विकास। आप के मंत्री, विधायक, पार्षद पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहते हैं। पूरी केजरीवाल सरकार जेल से बेल के खेल में फंसी है नतीजा विकास कार्य ठप्प हैं। दिल्ली आज कराह रही है, परिवर्तन और केजरीवाल का इस्तीफा मांग रही है।

वीरेंद्र सचदेवा और रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि हरियाणा में आप नेताओं को हरियाणा वालों को कुछ गारंटियां देते देखा तो सोचा मीडिया और दिल्ली वालों के साथ हरियाणा वालों को भी वर्ष 2015 से आज तक अरविंद केजरीवाल से दिल्ली वालों को मिली प्रमुख पांच झूठी गारंटियों से अवगत कराएं।

# राजधानी के 185 शिविरों में कांवड़ियों को मिलेगी बेहतर सुविधाएँ : आतिशी

● उच्च क्वालिटी के वाटर प्रूफ टेंट, चिकित्सा सुविधा, साफ पानी, शौचालय, फर्नीचर से होंगे लैस


संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करतीं राजस्व मंत्री आतिशी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

श्रावण मास की शुरुआत आज से हो गई है. हर साल शिव भक्त बड़ी संख्या में शिव मंदिरों में पवित्र गंगा जल चढ़ाने के लिए गोमुख, गंगोत्री धाम और हरिद्वार की पैदल यात्रा करते हैं. कावड़ यात्रा के मद्देनजर बड़ी संख्या में कांवड़िए देश के अलग-अलग राज्यों से दिल्ली पहुंचते हैं. इस साल करीब 15 से 20 लाख कावड़ियों की आवाजाही का अनुमान है।

दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में कांवड़ियों के स्वागत के लिए जोर-शोर से तेयारी कर रही है। इस बाबत राजस्व मंत्री आतिशी जानकारी साझा करते हुए बताया कि उनकी सरकार पूरी दिल्ली में 185 कांवर शिविरों के जरिए कांवड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएँ सुनिश्चित कर रही है। सरकारी शिवरों में क्वालिटी वाटर प्रूफ टेंट, चिकित्सा सुविधा, साफ पानी, शौचालय व फर्नीचर सहित तमाम सुविधाओं से लैस होंगे।

अतिशी ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सावन के पवित्र महीने में शिवभक्तों की सेवा में कोई कमी नहीं छूटेगी। उनको बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने के लिए हर जरुरी कदम उठाए जाएँगे। दिल्ली में कांवड़ियों का आगमन 25 जुलाई के बाद से होगा और अगले 2-3 दिन में सभी कांवड़ शिविर पूरी तरह तैयार होंगे। पूर्वी दिल्ली, उत्तरी पूर्वी दिल्ली व शहादरा जिलें दिल्ली में कांवड़ियों के प्रवेश व निकास द्वार होते है। ऐसे में इन तीनों जिलों में कांवड़ियों की सुविधा के लिए सबसे अधिक शिविर लगाए जाएंगे। सबसे ज्यादा 38 शिविर शाहदरा जिले में लगाए जा रहे है। उत्तरी पूर्वी, सेंट्रल और पूर्वी दिल्ली में क्रमश: 29,22 व 19 शिविर लगाए जा रहे है। राजस्व मंत्री ने दिल्ली वालों से अपील करते हुए कहा कि, सरकार तो अपनी तैयारियाँ कर रही लेकिन जो लोग धर्म के इस कार्य में अपना सहयोग देना चाहते हैं दे और जहां भी जरूरत हो वहाँ कांवड़ियों की मदद करें।

## सिसोदिया-कविता की हिरासत 26 तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट से शराब घोटाला से जुड़े सीबीआई केस में मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के कविता को अदालत से राहत नहीं मिली है।

स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने कविता को 26 जुलाई को कोर्ट में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए पेश करने का आदेश दिया। कविता के साथ ही मामले में सिसोदिया की भी न्यायिक हिरासत 26 जुलाई तक बढ़ाने का आदेश दिया. सिसोदिया को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। दोनों की न्यायिक हिरासत आज खत्म हो रही थी।

# अवैध पार्किंग, अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करें : शैली

● महापौर ने ईस्ट पटेल नगर का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


अधिकारियों को निर्देश देतीं महापौर शैली ओबरॉय।

महापौर शैली ओबरॉय ने सोमवार को करोल बाग में ईस्ट पटेल नगर और वेस्ट पटेल नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया और क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर मेयर ने स्थानीय लोगों से इलाकी समस्याओं जैसे की अनाधिकृत पार्किंग, रोड पर पड़े कचरे व मलबे के ढ़ेर, अतिक्रमण आदि के संबंध में चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान मेयर ने निगम अधिकारियों को टैंक रोड पर अनाधिकृत पार्किंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अनाधिकृत पार्किंग की वजह से लोगों को आवाजाही में परेशानी होती है जिसके मद्देनजर अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में कहीं पर भी अनाधिकृत पार्किंग नहीं हो। इसके साथ ही मेयर ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में कहीं पर भी अतिक्रमण न हो। मेयर ने निरीक्षण के दौरान वेस्ट पटेल नगर के ब्लॉक 15 में लगने वाले अवैध साप्ताहिक बाजार के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अवैध साप्ताहिक बाजार के कारण सड़क पर आवागवन में बाधा होती है।

## पंजाबी बाग गोल चक्कर से प्रेमबाड़ी पुल के बीच सड़क का होगा कायाकल्प

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रिंग रोड स्थित पंजाबी बाग गोल चक्कर से प्रेमबाड़ी पुल के बीच सड़क का होगा कायाकल्प। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने सड़क के अपग्रडेशन और सुदृढ़ीकरण को मंजूरी दी। यह सड़क रिंग रोड का महत्वपूर्ण हिस्सा है और रोजाना लाखों यात्री उपयोग करते हैं।

परियोजना को मंजूरी देते हुए, आतिशी ने कहा, केजरीवाल सरकार का विजन अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए शहर में एक वर्ल्ड क्लास और सुरक्षित परिवहन नेटवर्क स्थापित करने पर है।

इस दिशा में सरकार रिंग रोड जो यातायात के लाइफ-लाइन की तरह है, शहर के विभिन्न हिस्सों को जोड़ती है और लाखों निवासियों के दैनिक आवागमन को सुविधाजनक बनाती है।

# आर्थिक सर्वेक्षण में शिक्षा, रोजगार के बीच संतुलन बनाने पर जोर : खंडेलवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



चाँदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने संसद के पटल पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए आर्थिक सर्वेक्षण को विकसित भारत का महत्वपूर्ण दस्तावेज कहते हुए कहा की आर्थिक सर्वेक्षण से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत विजन की दिशा में एक बढ़ता हुआ कदम है जिसमें साकार बेरोजगारी के गिरते ग्राफ के साथ ही देश की तेजी से बढ़ती जीडीपी ग्रोथ का भी आंकड़ा साफ दिखाई देता है।

खंडेलवाल ने कहा कि इस इकनोमिक सर्वे में प्राइवेट सेक्टर, पीपीपी और एग्रीकल्चर सेक्टर पर विशेष जोर दिया गया है और देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 से 7 फीसदी तक लगाया गया है जो देश में व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत है। सरकार को घेरने वाले लोगों के लिए करारा जवाब है। वर्ष 2026 तक भारत का वित्तीय घाटा काफी हद तक कम हो जाएगा। कुल मिला कर यह आर्थिक सर्वे भारत के उज्वल भविष्य को दर्शाता है, इसके लिए वह सीतारमण को बधाई देते हैं।

## मोहम्मद शाहिद खान जामिया के मुख्य प्रॉक्टर व सुरक्षा प्रभारी नियुक्त

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय ने मोहम्मद शाहिद खान को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक मुख्य प्रॉक्टर और सुरक्षा प्रभारी नियुक्त किया है। जारी आदेश में कहा गया कि यह नियुक्ति विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति मोहम्मद शकील द्वारा अतीकुर रहमान को मुख्य प्रॉक्टर और सुरक्षा प्रभारी के रूप में उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त करने के बाद की गई है।

20 जुलाई के आदेश में कहा गया, जेएमआई के कार्यवाहक कुलपति ने विज्ञान संकाय के भूगोल विभाग के अतीकुर रहमान को तत्काल प्रभाव से जेएमआई के मुख्य प्रॉक्टर और प्रभारी (सुरक्षा) की जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया है। कुलपति के अनुसार मोहम्मद शाहिद खान को अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से मुख्य प्रॉक्टर नियुक्त करते हुए प्रसन्ता हो रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### निरंकारी भक्तों ने किया 57 यूनिट रक्तदान


निरंकारी शिविर में रक्तदान करते लोग।

**नई दिल्ली।** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के मार्गदर्शन में, संत निरंकारी मिशन के संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने सोमवार को संत निरंकारी सत्संग भवन, लाजपत नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें मिशन के भक्तों द्वारा 57 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का उद्घाटन मिशन के केंद्रीय योजना एवं सलाहकार बोर्ड के सदस्य एस सी तलवार जी ने किया उनके साथ डॉ. विजय कुमार, संयोजक, लाजपत नगर शाखा भी मौजूद थे। रक्त एकत्रित करने वाली टीमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थाान के डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ शामिल थे।

### मोरारी बापू ने डॉक्यूमेंट्री और दो किताबें रिलीज की



**नई दिल्ली।** राम कथावाचक मोरारी बापू ने गुरु पूर्णिमा पर दो पुस्तकों और डॉक्यूमेंट्री फिल्म को रिलीज़ किया। डॉक्यूमेंट्री फिल्म मोरारी बापू की ट्रेन से '12 ज्योतिर्लिंग राम कथा यात्रा' को लेकर है। इसके साथ ही दो पुस्तक 1. एक अदृश्य शक्ति के साथ यात्रा और 2. 12 ज्योतिर्लिंगों की अलौकिक कथा है। जिसमें मोरारी बापू के भक्तों के अलग - अलग अनुभवों को समाहित करते हुए कहानियों का भंडार बनाया गया। यह संग्रह, दिव्य जुड़ाव और अंतरात्मा जागृति के अलोकिल हर्ष से सराबोर करता है।

### गैंगस्टर गोल्डी बराड़ बता मांगी रंगदारी, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने खुद को गोल्डी बराड़ बताकर रंगदारी मांगने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मनोज उर्फ बंटी (40) और अनिल सिवाच (43) के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने बताया, 18 जुलाई को रात करीब 10 बजे दिल्ली के एक व्यक्ति को अज्ञात नंबर से रंगदारी के लिए कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को गोल्डी बराड़ बताया और रुपए मांगे और ऐसा नहीं करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी।

# सब्जियों के दाम बढ़ने का कारण बताना असंवेदनशीलता है : देवेन्द्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि केन्द्रीय वित्त निर्मला सीतारमण द्वारा आर्थिक सर्वेक्षण में सब्जियों के दामों को कम करने की जगह उनमें बढ़ोत्तरी के कारण बताना जनता के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आम लोगों के प्रति उदासीनता के कारण देश सहित दिल्ली में भी महंगाई दर आसमान छू रही है।

लोकसभा चुनावों के परिणामों के तुरंत बाद घरेलू जरुरत की खाने पीने की चीजों के दामों में हुई वृद्धि से साफ हो रहा है कि भाजपा सरकार ने सब कुछ बेलगाम छोड़ दिया है। पूंजीपति मित्रों के निजी सरंक्षण के लिए चिंतित मोदी सरकार गरीब आदमी की थाली को लगातार महंगी कर रही है। यादव ने कहा कि वित वर्ष का इकोनोमिक सर्वे पेश करते हुए निर्मला सीतारमन द्वारा यह कहना कि टमाटर की फसलों में बीमारी से उत्पादन कम हुआ है समय से पहले मानसून की बारिश और परिवहन में दिक्कत से टमाटर महंगा हुआ है।

## श्रद्धा वालकर हत्याकांड मामले में पूनावाला की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने सनसनीखेज श्रद्धा वालकर हत्याकांड के एकमात्र आरोपी आफताब अमीन पूनावाला की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपने वकील को बचाव की तैयारी के लिए उपयुक्त समय देने के लिए हर महीने केवल दो बार सुनवाई किए जाने का अनुरोध किया था।

अदालत ने कहा कि यह अनुरोध केवल मुकदमे को लंबा खींचने का एक साधन मात्र है। अदालत ने अंतिम संस्कार के लिए वालकर की अस्थियां तुरंत जारी करने से भी इनकार कर दिया। वालकर की कथित तौर पर 18 मई, 2022 को पूनावाला ने गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

# जब केंद्र कार्रवाई करे तो दाखिल करें याचिका

● उच्च न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड से कहा कि जब भी केंद्र सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के संबंध में उसकी संपत्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करे तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है।

न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि परियोजना को उच्चतम न्यायालय की मंजूरी मिली हुई है और उन्होंने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा। बोर्ड ने इस याचिका में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों की सुरक्षा के लिए निर्देश देने का आग्रह किया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील ने कहा कि वक्फ बोर्ड यह नहीं कह रहा है कि सेंट्रल विस्टा परियोजना को खत्म करना होगा बल्कि वह केवल यह आश्वासन चाह रहा है कि उसे उसकी संपत्तियों से बेदखल नहीं किया जाएगा।

न्यायाधीश ने कहा, इस याचिका को वापस ले लीजिए। हम मामले को उलझाना नहीं चाहते। जब भी वे कोई कार्रवाई करेंगे, आप आ सकते हैं। अदालत ने बोर्ड को याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए कहा कि यदि आवश्यक हो तो वह नई याचिका दायर कर सकता है। बोर्ड ने 2021 में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था। क्षेत्र में उस समय पुनर्विकास कार्य किया जा रहा था।

बोर्ड की इन संपत्तियों में मानसिंह रोड पर मस्जिद ज़ब्ता गंज, रेड क्रॉस रोड पर जामा मस्जिद, उद्योग भवन के पास मस्जिद सुनहरी बाग रोड, मोतीलाल नेहरू मार्ग के पीछे मजार सुनहरी बाग रोड, कृषि भवन परिसर के अंदर मस्जिद कृषि भवन और उपराष्ट्रपति के आधिकारिक आवास के अंदर स्थित मस्जिद शामिल है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दिसंबर 2021 में उच्च न्यायालय को आश्वासन दिया था कि परियोजना के आसपास के क्षेत्र में दिल्ली वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर कुछ नहीं हो रहा है।

# सावन के पहले सोमवार पर भोलेनाथ का जलाभिषेक

● भोर होते ही मंदिरों के कपाट खुले तो भक्तों ने शिव आराधना कर जलाभिषेक किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


सावन के पहले सोमवार को संत नगर ईस्ट ऑफ कैलाश के मंदिर में भक्तों की भीड़।

देवों के देव महादेव का प्रिय महीना सावन 22 जुलाई से शुरू गया है। मंदिरों में भगवान शिव के भक्तों में जबरदस्त उल्लास देखने को मिला। भोर होते ही जब मंदिरों के कपाट खुले तो भक्तों ने शिव आराधना की की जलाभिषेक किया। आज से शुरू हुए सावन में भक्तजन 19 अगस्त तक जलाभिषेक करोंगे। शहर भर के शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज सुनाई दी।

सबसे अधिक भीड़ प्राचीन गौरी शंकर मंदिर में देखने को मिली। इसके अलावा कनाट प्लेस स्थित वीरेश्वर महादेव मंदिर, वनखंडी मंदिर व तिलक नगर में स्थित श्री सनातन सात मंजिला मंदिर समेत अन्य देवालयों में उत्साह और भक्ति का माहौल दिखा। यहां भक्तों के लिए विघ्न भोले भंडारी के दर्शन के इंतजाम किए गए हैं। वहीं मंदिरों में आकर्षक सजावट के साथ रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर परिसर और बाहरी हिस्से में सीसीटीवी लगाए गए हैं। भक्तों की मदद के लिए वालंटियर्स भी तैनात किए गए हैं।

राजधानी के अलग-अलग मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ देखने को मिली। पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर में स्थित श्री सनातन सात मंजिला में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। यहां सुबह से ही हाथों में जल और दूध लेकर जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। इस दौरान मंदिर प्रांगण भगवान भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा।

मंदिर में मौजूद शिव भक्तों ने बताया कि वह पूरे वर्ष श्रावण के महीने का इंतजार करते हैं ताकि वह अपने भगवन को खुश कर सकें। मंदिर के प्रांगण में चारो ओर भगवन भोलेनाथ के भजन और मन्त्र गूंज रहे थे। सुबह सुबह मंदिर पहुंचे भक्तों ने बताया कि आज श्रावण का पहला सोमवार है। यहां दिन सभी शिव भक्तों के लिए विशेष होता है इसलिए वे सुबह सुबह अपने भगवन भोलेनाथ पर जल चढ़ाने आयें हैं।

भगवान शिव का दूसरा नाम भोलेभंडारी है वह अपने भक्तों की सभी कामनाएं पूर्ण करते हैं। वह अपने भक्तों के सभी दु:ख हर लेते हैं. यही वजह है कि सभी शिव भक्त पूरे वर्ष सावन के महीने का इंतजार करते हैं। शिवालय में मौजूद पुजारी सुनील शास्त्री ने बताया कि सावन के महीने में सोमवार का विशेष महत्व है।

# जेएनयू वीसी के खिलाफ एबीवीपी का धरना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



जेएनयू में विरोध प्रदर्शन करते एबीवीपी के छात्र।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को जेएनयू टी-पॉइंट पर वीसी के एवं जेएनयू में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में एक अनिश्चितकालीन धरने की शुरुआत की। यह धरना 11 प्रमुख मांगों को लेकर किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार एवं बुनियादी ढांचे और छात्रों के शैक्षणिक और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं में सुधार करना है। एबीवीपी ने प्रशासन से सभी मांगों के समाधान की मांग की है, ताकि छात्रों के हितों की रक्षा हो व विश्वविद्यालय का समुचित विकास हो सके।

एबीवीपी जेएनयू के अध्यक्ष राजेश्वर कांत दुबे ने कहा उन्होंने हमेशा छात्रों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है और इस बार भी उनकी मांगें विश्वविद्यालय के विकास और छात्रों के कल्याण के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उनका प्रशासन से अनुरोध है कि वे मांगों को गंभीरता से लें और शीघ्र समाधान निकालें। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। छात्रों के धैर्य की परीक्षा लेने का प्रयास ना करें, क्योंकि यह आंदोलन छात्रों की एकजुटता और उनकी आवाज का प्रतीक है।

छात्रों की मांग है कि बराक हॉस्टल खोला जाए। हॉस्टल नवीनीकरण में भ्रष्टाचार की जांच। पुस्तकालय का सुधार। 4. इंजीनियरिंग/मैनेजमेंट/आयुर्वेद भवन का निर्माण- इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और आयुर्वेद के नए भवनों का निर्माण तुरंत शुरू किया जाए।

# कर्फ्यू जैसे हालात में शांतिपूर्वक संपन्न हुई ब्रजमंडल यात्रा

## यात्रा में शामिल साधु-संतों के आगे-पीछे तैनात रहा भारी पुलिस बल, मुसलमानों ने भक्तों पर की पुष्प वर्षा, लगाए भाईचारे के नारे

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

31 जुलाई 2023 के दिन ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा को बुरा सपना मानकर लोग भूले और 2024 में इस यात्रा को पूरी शांति और भाईचारे के साथ संपन्न किया। हालांकि ऐहतियात के तौर पर नूंह जिले में भारी संख्या में पुलिस बल व अन्य सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। कर्फ्यू जैसे हालात के बीच 80 किलोमीटर लंबी यात्रा भारी सुरक्षा के बीच पूरी हुई। प्रशासन ने यात्रा पूरी होने का समय 5 घंटे तय किया था। यात्रा 4 घंटे में ही पूरी हो गई और प्रशासन की सांस में सांस आई।

नूंह जिला में पांडव कालीन नल्हड़ेश्वर मंदिर में जलाभिषेक के लिए कई दिनों से तैयारी की जा रही थी। हरियाणा सरकार के लिए यात्रा को शांतिपूर्वक संपन्न करवाना चुनौती था। गुरुग्राम शहर से यात्रा सेक्टर-10 से शुरू हुई। हरिद्वार से लाये गये गंगाजल नल्हड़ेश्वर मंदिर में चढ़ाया जाना था। भक्तगण गंगाजल को मटकानुमा बर्तन में लेकर रवाना हुए। इस दौरान जय श्री राम, जय शंकर की, भारत माता की जैसे नारे लगाए गए। यात्रा को सुबह 10 बजे मंदिर पहुंचना था, लेकिन तीन घंटे देरी से यात्रा मंदिर पहुंची। पिछले साल यात्रा में हुए उपद्रव के बुरे समय को भुलाकर इस बार सोमवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी यात्रा पर पुष्प वर्षा की। हिंदू-मुस्लिम भाइचारे के नारे भी बुलंद किए गए। धार्मिक उन्माद से इतर यह नजारा काफी सुकून देने वाला था। पूरे रीति-रिवाज के साथ यात्रा में साधु-संतों व श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। भारी पुलिस सुरक्षा के बीच साधु-संतों व भक्तों का काफिला नल्हड़ेश्वर मंदिर के अलावा फिरोजपुर झिरका के झिरकेश्वर मंदिर व पुन्हाना के सिंगार श्रृंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा। यात्रा को यहीं पर समाप्त कर दिया गया।

यात्रा के दौरान कोई उपद्रवी किसी भी तरह की गलत जानकारी सोशल मीडिया पर प्रचारित ना करे, इसके लिए एक दिन पहले ही यानी रविवार शाम 6 बजे से सोमवार देर रात 12 बजे तक जिला में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थी। पहाड़ी क्षेत्र होने के चलते अरावली की पहाड़ियों पर पुलिस ने ड्रोन से निगरानी रखी। नूंह में 2000 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी।


नूंह के नल्हड़ेश्वर मंदिर में ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा में जल लेकर जाते श्रद्धालु।


जलाभिषेक यात्रा के दौरान तैनात सुरक्षाकर्मी।

### डा. इमाम उमेर की अपील का दिखाई दिया असर

इस यात्रा के एक दिन पहले रविवार को ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के चेयरमैन डॉ. इमाम उमेर अहमद इलियासी भी नूंह पहुंचे थे। उन्होंने मेवात के मुस्लिमों को अच्छा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पिछली बार हिंसा होने से मुसलमानों पर एक दाग लगा था। इस बार की यात्रा को कामयाब बनाकर अपना यह दाग धोने का अच्छा समय है। उनके इस आह्वान पर मेवात के मुसलमानों ने पूरा अमल किया। किसी भी तरह से इस यात्रा में विघ्न नहीं डाला गया। भाईचारे के साथ यात्रा समाप्त हुई।

# रैपिडो ऐप के जरिए बुक करके युवक से बाइक लूटी

● पीड़ित का मोबाइल भी लूट ले गए आरोपी



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

रैपिडो ऐप के जरिए बाइक बुक कर एक रैपिडो बाइक चालक से तीन अज्ञात आरोपियों ने उसकी बाइक और मोबाइल लूट लिया। सदर थाने में इस संबंध में केस दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के फर्रूखाबाद जिले के मूल निवासी सूरज कुमार ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ सेक्टर 74 इलाके में किराए पर रहते हैं। उनके पिता ने उन्हें एक बाइक दी थी, जिसे वह रैपिडो बाइक के रूप में इस्तेमाल करते थे।

रविवार को रात के लगभग 9 बजे वे जब वे अपनी बाइक पर सेक्टर-46 से लौट रहा था। उसी समय मुझे रैपिडो ऐप से राइड का मैसेज मिला। वह स्थान मेरे स्थान से 600 मीटर दूर था और मैंने सवारी स्वीकार कर ली। वह ग्राहक की लोकेशन से थोड़ा आगे निकल गया। जब वह यू-टर्न लेकर वापस जाने लगा तो एक युवक ने रुकने का इशारा किया। वहां रुकते ही तीन युवकों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। जब उसने अपना हेलमेट उतारा तो वह भी छीन लिया और सिर पर हेलमेट मारा। इसके बाद उसकी बाइक छीनकर फरार हो गए।

सदर थाना में पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# बिजली विभाग के जेई पर 10 हजार का जुर्माना

● हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने की कार्रवाई, कमर्शियल सहायक पर भी लगाया तीन हजार का अर्थदंड

● आयोग ने बिल संशोधन संबंधी शिकायत पर लिया संज्ञान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम सोहना में कार्यरत जेई मुस्तकीम व कमर्शियल सहायक (सीए) दीपक कुमार पर 13 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जेई पर 10 हजार रुपये और कमर्शियल सहायक (सीए) पर 3 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

आयोग ने यह जुर्माना आवेदक को अधिसूचित सेवा निर्धारित समय सीमा में न देने व बिना किसी उचित कार्यवाही के अपील का निपटान करने के कारण लगाया गया। आवेदक कैलाश ने बिल संशोधन से सम्बंधित शिकायत दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम सोहना (गुरुग्राम) कार्यालय में दी गई थी। उन्होंने बताया कि एमआरबीडी एजेंसी के मीटर रीडर ने जुलाई, 2022 में गलत तरीके से 1491 (केडब्ल्यूएच) दर्ज किया, जबकि वास्तविक रीडिंग 779 (केडब्ल्यूएच) थी। 18 जुलाई 2022 से लेकर 3 दिसंबर, 2022 तक एमसीओ को अपडेट नहीं किया। जिससे समय पर मामला तथा सही बिल बनाने में देरी की गई। आयोग इससे संतुष्ट नहीं हुआ। इसलिए, जांच के लिए आयोग के मुख्य आयुक्त के समक्ष सुनवाई तय की गई।

जांच में पाया कि सीए, जेई, एसडीओ और एक्सईएन की ओर से बिल संशोधन के मामले में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। आयोग ने तत्कालीन एसडीओ लियाकत अली और एक्सईएन गौरव चौधरी को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत निर्धारित अपने कर्तव्यों का सही निर्वहन करने में विफल पाया।

इस मामले पर कड़ा संज्ञान लेते हुए ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को दोनों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की। आयोग ने कहा कि मुख्य दोष जेई मुस्तकीम का है, जिन्होंने पांच महीने तक न तो एमसीओ में प्रवेश किया और न ही इसे स्वीकृत करवाया।

# कैबिनेट मंत्री ने किया सीवरेज की सफाई कार्य का निरक्षण

फरीदाबाद। उद्योग वाणिज्य तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ के विकास कार्यों में कोई भी लापरवाही सहन नहीं होगी। अधिकारी निर्धारित समय पर विकास कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा में चल रहे सीवरेज की सफाई के कार्य का निरक्षण किया। उन्होंने कहाकि सफाई विभाग द्वारा सफाई के कार्य जारी रखे जाएंगे ताकि शहर में सीवर का गंदा पानी खड़ा न हो सके। उन्होंने बताया की जल्द ही शहर से सीवर के गंदे पानी की समस्याओं को दूर किया जायेगा, प्रशासन इस कार्य पर लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि शहर के सभी गंदे पानी की नालियों व नालों की सफाई की जानी जरूरी है।

# एक महिला समेत ठगी के 11 आरोपी गिरफ्तार

● ठगों ने देशभर में की है 14 करोड़ 7 लाख रुपयों की धोखाधड़ी

● आरोपियों के खिलाफ 4169 शिकायतें विभिन्न थानों में हैं दर्ज



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

देशभर में साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देने वाली एक महिला समेत 11 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूरे भारत से 14 करोड़ 7 लाख रुपये की ठगी की है। आरोपियों के खिलाफ 4169 शिकायतें देश के विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

सहायक पुलिस आयुक्त साइबर अपराध प्रियांशु दिवान के नेतृत्व में साइबर अपराध पुलिस थानों की टीमों ने यह सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी प्रशांत जैन, प्रदीप भुटाले व रंजीत को पुलिस थाना साइबर अपराध मानेसर में बतौर जांच अधिकारी तैनात मुख्य सिपाही कर्मबीर ने काबू किया। सुयाश शाह निवासी राजन गांव (छत्तीसगढ़) को जांच अधिकारी एसआई प्रमोद ने, जितेंद्र वशिष्ठ व पूजा चौहान को जांच अधिकारी पीएसआई दीपेश ने गिरफ्तार किया। यशपाल वासुदेव भाई निमावत व संचानिया अंकुर को पुलिस थाना साइबर मानेसर में तैनात मुख्य सिपाही कर्मबीर ने, देशराज निवासी गांव थारगांव जिला बरेली (उत्तर-प्रदेश) आरोपी देशराज को पुलिस थाना साइबर पश्चिम में जांच अधिकारी एएसआई अमित ने गिरफ्तार किया। नवजीस रहमान निवासी गांव शयादपुर जिला दक्षिण दिनाजपुर (पश्चिम-बंगाल), नवजीस रहमान को पुलिस थाना साइबर पश्चिम में तैनात एएसआई अमित द्वारा काबू किया गया। मोहम्मद अनास खान निवासी गांव सुदवास जिला अगर मालवा (मध्य-प्रदेश) को मोहम्मद अनास खान को पुलिस थाना साइबर पूर्व में तैनात मुख्य सिपाही शिव कुमार ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

पुलिस द्वारा उपरोक्त आरोपियों के कब्जा से बरामद किए 10 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप व 3 सिमकार्ड का इंडियन साईबर क्राईम कोर्डिनेशन सेंटर से जांच/डाटा की जांच कराने पर यह खुलासा हुआ कि आरोपियों के विरुद्ध देशभर में लगभग 14 करोड़ 7 लाख रुपयों की ठगी करने के संबंध में कुल 4169 शिकायतें और 192 अभियोग दर्ज हैं। इन केसों में से 16 केस हरियाणा में हैं। थाना साईबर अपराध पूर्व, गुरुग्राम में 1, थाना साईबर अपराध पश्चिम गुरुग्राम में 2 केस व थाना साईबर अपराध मानेसर में 4 केस दर्ज हैं।

पुलिस द्वारा की गई जांच में यह सामने आया कि उपरोक्त आरोपी टास्क बेस्ड फ्रॉड, फेडेक्स फ्रॉड, शेयर मार्केट व सोशल मीडिया के माध्यम से फ्रॉड करके पैसे ट्रांसफर करवाकर धोखाधड़ी करके ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे।


जाम में फंसे वाहन चालक।

# एनएच-19 पर दो किमी लंबे जाम में फंसे रहे लोग

● निर्माणाधीन पुल के चलते आए दिन लग रहा है लंबा जाम

● विपरीत दिशा में आने वाले वाहनों को रोक नहीं पा रही है पुलिस

दयाराम वशिष्ठ। फरीदाबाद

हाईवे एनएच 19 पर बघौला में निर्माणाधीन फ्लाईओवर के चलते लंबा जाम लगा रहता है। इससे दिल्ली मथुरा के बीच आने जाने वाले वाहन चालक अक्सर जाम का शिकार बने रहते हैं। सोमवार को हाईवे के दोनों ओर करीब 2 किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। इससे उमस भरी गर्मी में वाहन चालक बेहाल रहे। जाम में फंसे वाहन चालकों ने 112 पर कॉल करके इसकी सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया।

**पुलिस द्वारा किए गए इंतेजाम नाकाफी:** बघौला गांव में निर्माणाधीन फ्लाइओवर को बनने में अभी कई और महीने लग सकते हैं। ऐसे में यहां से गुजरने वालों को हर दिन जाम का झाम झेलना पड़ रहा है। पुलिस की ओर से यहां किए गए इंतजाम नाकाफी हैं। यहां मात्र कुछ पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, जो हाईवे के दोनों ओर व्यवस्था संभाल नहीं पाते हैं। औद्योगिक इलाका होने के नाते यहां उल्टी दिशा में वाहन दौड़ते रहते हैं, इसके चलते यहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। सोमवार को भी यही नजारा देखने को मिला। दिल्ली से पलवल दिशा में वाहनों की लंबी कतार लग जाने के कारण वाहन चालक पलवल से दिल्ली की दिशा में उल्टे दौड़ने लगे। इससे दोनों ओर जाम की स्थिति बन गई। करीब दो किलोमीटर में वाहन रेंग रेंगकर चले। इससे लोगों को अपने गंतव्य की ओर पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आखिर जाम में फंसे वाहन चालकों ने पुलिस कंट्रोल रूम 112 को इसकी सूचना दी। तब जाकर पुलिस ने उल्टी दिशा में पलवल की ओर जा रहे वाहन चालकों को रोककर वापस किया। तब जाकर व्यवस्था संभल पाई।

### जाम के बीच कैसे निकल पाएंगे कांवड़िए

सावन लगते ही कांवड़ियों का आवागमन भी शुरू हो गया है। ऐसे में जाम के बीच से आखिर कांवड़िए कैसे निकल पाएंगे? सबसे बड़ी समस्या डाक कांवड़ की रहेगी। हाईवे के जरिए पलवल, होडल, हथीन इलाके की सैकड़ों कांवड़ अपने गंतव्य तक पहुंचती है। इस ओर पुलिस को विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

# डेरा सेवादारों ने लगाई मीठे पानी की छबील

गुरुग्राम। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर बोहड़ाकलां ब्लॉक में मीठे पानी की छबील लगाई गई। साथ ही बच्चों को किताबें, कॉपियां भेंट की गईं। डेरा के सेवादारों के इस कार्य की लोगों ने खूब सराहना की। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर डेरा प्रेमियों ने अनेक जगहों पर सेवा के कार्य किए।

# 'दस अध्यापकों से भी अधिक होता है मां का प्रभाव'

● ससंघ के 32वें वर्षायोग में बोले आचार्य श्री 108 ज्ञान भूषण जी महाराज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

परम पूज्य आचार्य श्री 108 ज्ञानभूषण महाराज जी के ससंघ 32वां वर्षायोग (चातुर्मास) 2024 जैकमपुरा स्थित प्राचीन श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर गुरुग्राम में मनाया जा रहा है। इस दौरान भव्य कलश स्थापना की गई।

गुरु पूर्णिमा के दिन इस कार्यक्रम में आचार्य श्री 108 ज्ञान भूषण जी महाराज ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य की सबसे अधिक महत्वपूर्ण गुरु उसकी मां होती है। मां का प्रभाव 10 शिक्षित अध्यापकों से भी अधिक होता है। आध्यात्मिक गुरु का स्थान द्वितीय आता है और परमात्मा का स्थान तीसरा आता है। वर्षा योग के उपलक्ष्य में प्रथम मंगल कलश रविंद्र जैन (रवि), अभिषेक जैन परिवार ने सौभाग्य प्राप्त किया। दूसरा कलश पदमावती जैन परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ। तृतीय कलश कपिल जैन मालिबू टाउन परिवार ने सौभाग्य प्राप्त किया।


गुरुग्राम स्थित जैन बारादरी में 32वें वर्षायोग में कलश स्थापना कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु।

# गांधी पार्क में किया गया पौधरोपण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एनएच-पांच स्थित पी ब्लॉक के गांधी पार्क में आज पौधारोपण अभियान चलाकर पौधे लगाए। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में चौकी इंचार्ज मोनू कुमार, विशिष्ठ अतिथि के रूप में सरदार जसवीर सिंह रोटेरियन, एडवोकेट संदीप सेठी ऑल इंडिया टैक्स लॉयर्स एसोसिएशन प्रदेश महासचिव, समाजसेवी यशपाल शर्मा, अरुण मिश्रा ने पौधे लगाए। इस अवसर पर आयोजक समाजसेवी परविंदर राजपाल ने आए हुए सभी अतिथियों का चुन्नी ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए चौकी इंचार्ज मोनू कुमार, सरदार जसवीर सिंह रोटेरियन, एडवोकेट संदीप सेठी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष वर्षा ऋतु में पांच नम्बर पी ब्लाक के सभी पार्कों में सभी सदस्य पौधा रोपण करते है, ताकि बढ़ते प्रदूषण से लोगों को राहत मिल सकें और लोग पार्क में आकर स्वच्छ वायु ग्रहण कर सकें। सभी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने जन्मदिवस व अपनी शादी की सालगिरह पर पौधे लगाने के लिए आगे आना चाहिए।



# 2015 से पहले के सभी आधार कार्ड अपडेट कराने जरूरी: डीसी

● उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जिला की लक्षित आबादी के आधार नामांकन के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने व नामांकन की समग्र स्थिति की समीक्षा करने के लिए लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में डीसी निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक हुई।

बैठक में डीसी ने जिले में आधार नामांकन केंद्रों के संचालन, जारी आधार वेरिफिकेशन प्रक्रिया, स्कूल व बैंक में पंजीकरण सुविधाएं, आयु समूह के अनुसार नामांकन की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिक्षा संस्थानों, स्वास्थ्य केंद्रों और आबादी के अनुपात में व्यापक नामांकन शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। अस्पतालों, बैंकों, आईसीडीएस केंद्रों और अन्य विभागों को प्रदान की गई मशीनों/उपकरणों के संचालन के संबंध में उन्होंने इन संस्थानों में नामांकन के लिए उपकरणों का उपयोग नहीं करने का कारण जानने के लिए जांच का आदेश दिया।

# विधायक राजेश नागर ने किया स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन

फरीदाबाद। विधायक राजेश नागर ने कहा कि एक सेहतमंद व्यक्ति ही जीवन में तय किए लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है क्योंकि बीमारी और रोगी व्यक्ति अपनी संपूर्ण क्षमता के साथ काम नहीं कर पाता है। सेहत को अपनी प्राथमिकता में शामिल करें और कोई भी परेशानी महसूस होने पर तुरंत योग्य चिकित्सक से जांच करवाएं जिससे समय रहते बीमारी का इलाज किया जा सके। तिगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश नागर आज सोमवार को तिगांव स्थित सरकारी अस्पताल में सरकोमा कैंसर केयर फाउंडेशन तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने फीता काटकर स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य कैंप के जरिए ग्रामवासी यह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं कि वे किस समस्या या बीमारी से ग्रस्त हैं।


सोहना-तावडू विस में बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते कल्याण सिंह चौहान।

# सदा निष्पक्ष रहकर जनता की सेवा करूंगा: कल्याण चौहान

● जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन ने सोहना-तावडू विधानसभा से ठोंकी ताल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कल्याण सिंह चौहान का सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र के गांव कालरपुरी में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन हुआ। इससे गदगद कल्याण सिंह चौहान ने ग्रामीणों के बीच वायदा किया कि सोहना-तावडू की जनता मेरे लिए देवतुल्य है और वे सदा निष्पक्ष रूप से सेवा करते रहेंगे।

कल्याण सिंह चौहान ने गांव कालरपुरी के लोगों के साथ आत्मीयता से जुड़ते हुए कहा कि राजनीति ही नहीं व्यक्तिगत तौर पर वे जनसेवा में सदा हाजिर रहते हैं। उनका मानना है कि राजनीति में अवसर जनता ही देती है। जनता का आशीर्वाद ना हो तो राजनीति में कोई व्यक्ति सफल नहीं हो सकता। उन पर सोहना-तावडू की जनता का विशेष स्नेह और आशीर्वाद हमेशा रहता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बड़े-बुजुर्गों ने उन्हें जो आशीर्वाद दिया है, यह चुनाव में जीत का ही आशीर्वाद है। वे यह भी वायदा करते हैं कि इस आशीर्वाद को सदा अपनी शक्ति बनाकर रखेंगे। क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने के लिए, युवाओं को रोजगार के लिए, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए और बच्चों को अच्छी शिक्षा, संस्कारों पर वे काम करेंगे। कल्याण सिंह चौहान ने कहा कि युवा हमारे देश की शक्ति है। हमारा देश युवाओं का देश है, जिसका दुनियाभर में डंका बजता है। युवाओं को तकनीकी शिक्षा दिलवाकर उन्हें रोजगार लेने के साथ रोजगार देने वाले बनाने पर भी जोर है। केंद्र और हरियाणा सरकार युवाओं का कौशल बढ़ाकर उन्हें कामयाब बना रही है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र ने पिछड़ापन देखा है।

# नर्सिंग ऑफिसर्स काला बैज लगाकर जताएंगी विरोध

● आंदोलन से पहले अधिकारियों को पत्र सौंपकर दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में पीएमओ व सेक्टर-31 पॉलिक्लीनिक में अधिकारी को पत्र सौंपती नर्सिंग ऑफिसर्स।

ऑल नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की गुरुग्राम शाखा की ओर से नर्सिंग की लंबित मांगों को सरकार द्वारा पूरी नहीं करने के विरोध में नर्सिंग एसोसिएशन सक्रिय हो गई है। विरोध जताने के लिए दो दिन का कार्यक्रम तय किया गया है। इस संदर्भ में सोमवार को यहां सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल व सेक्टर-31 पॉलिक्लीनिक में अधिकारियों को सूचना पत्र दिए गए।

एसोसिएशन की ओर से नर्सिंग ऑफिसर्स की मांगों-नर्सिंग अलाउंस केंद्र के समान 7200 रुपये करने, ग्रुप सी से ग्रुप बी में शामिल करने के लिए बार-बार स्वास्थ्य विभाग व सरकार से आग्रह किया जाता रहा है। स्वास्थ्य विभाग व सरकार द्वारा इन मांगों पर अभी तक कोई भी सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। बीती 18 जुलाई 2024 को भी एसोसिएशन ने स्वास्थ्य मंत्री डा. कमल गुप्ता से हिसार में मुलाकात की थी।

मांगें पूरी नहीं किए जाने पर नर्सिंग ऑफिसर्स में भारी रोष है। इसलिए जिला के सभी नागरिक अस्पतालों, पीएचसी, सीएचसी, एसडीएच में नर्सिंग ऑफिसर्स दो दिन का विरोध कार्यक्रम करने जा रही हैं।

पहले दिन 23 जुलाई को ड्यूटी पर ब्लैक बैज लगाकर नर्सिंग ऑफिसर्स विरोध करेंगी। इसके बाद 28 जुलाई को करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा।

# हरियाणा में पीएम करेंगे चुनावी रैलियां

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बाद अब भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने की मोदी से मुलाकात

### ● संगठन के गठन और विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर दी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई दौरे करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रियों के भी क्षेत्रवार कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। अध्यक्ष बनने के बाद बड़ौली की प्रधानमंत्री के साथ यह पहली मुलाकात थी। करीब आधा घंटा चली इस मुलाकात के दौरान बड़ौली ने हरियाणा में संगठन के संबंध में अपनी रिपोर्ट दी।



दो दिन पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री से मुलाकात करके उन्हें सरकार द्वारा हालही में लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी प्रदान की थी। सैनी सरकार ने पिछले करीब एक माह के भीतर एक दर्जन से अधिक कई बड़े फैसले लिए हैं। नायब सैनी ने इस मुलाकात के दौरान जहां सरकार की रिपोर्ट प्रधानमंत्री को दी थी वहीं मोहन लाल ने आज प्रधानमंत्री से मुलाकात करके उन्हें संगठन की गतिविधियों के बारे में रिपोर्ट दी है।

हरियाणा में भाजपा विधानसभा चुनाव को लेकर सत्ता व संगठन के स्तर पर प्रचार अभियान शुरू करने जा रही है। जिसे लेकर बड़ौली ने प्रधानमंत्री को जानकारी दी है। इसके अलावा बड़ौली हाल ही में दक्षिण हरियाणा के नेता राव इंद्रजीत, ओपी धनखड़ से भी मुलाकात कर चुके हैं। इसके बाद आज उन्होंने प्रधानमंत्री से मुलाकात की है।

प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि संगठन के कई विषयों पर प्रधानमंत्री के साथ चर्चा हुई है। इसके अलावा विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन के स्तर पर चलाई जाने वाली गतिविधियों के बारे में भी प्रधानमंत्री को बताया गया है। बड़ौली ने कहा कि निकट भविष्य में प्रधानमंत्री के कई हरियाणा दौरे प्रस्तावित हैं।

# प्रदेश में एचकेआरएन से होंगी 13 हजार नियुक्तियां

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार कौशल रोजगार निगम के माध्यम से विभिन्न विभागों में विभिन्न श्रेणियों के 13,500 से अधिक भर्तियां करेगी। विभागों द्वारा निगम के पास अपनी मांग भेजी जा चुकी है। यह जानकारी हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। प्रसाद ने निगम को विभिन्न विभागों की मांग के अनुसार नौकरियों की एक सूची तैयार करने के लिए प्रशासनिक सचिवों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निगम को और अधिक पेशेवर तरीके से काम करने और बिना देरी के मैनपावर की जरूरतों को पूरा करने की जरूरत पर बल दिया। बैठक में बताया गया कि निगम विदेश मंत्रालय से भर्ती एजेंट लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया में है जो उसे अपने स्तर पर विदेश में नौकरी के इच्छुक युवाओं को नियुक्त करने में सक्षम बनाएगा।

# जजपा विधायकों के खिलाफ याचिका पर सुनवाई, स्पीकर ने मांगा जवाब

### ● दलबदल पर किरण चौधरी के खिलाफ कांग्रेस की याचिका खारिज

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा में सदस्यता रद्द किए जाने की मांग को लेकर चल रही कांग्रेस व जननायक जनता पार्टी की याचिकाओं पर कार्रवाई करते हुए विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने किरण चौधरी के खिलाफ दायर याचिका को जहां खारिज कर दिया वहीं जेजेपी की याचिका को दाखिल कर लिया है। विधानसभा स्पीकर की कोर्ट में सोमवार को इन लंबित याचिकाओं पर सुनवाई की गई।

किरण चौधरी वर्ष 2019 में कांग्रेस की टिकट पर तोशाम से चुनाव लड़कर जीती थीं। अब वह भाजपा में शामिल हो चुकी हैं। जिसके बाद विधानसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक भारत भूषण बत्रा और विधायक दल के उपनेता आफताब अहमद की ओर से गत 19 जून को विधायक किरण चौधरी की सदस्यता रद्द करने की मांग को लेकर विधान सभा अध्यक्ष को नोटिस भेजा गया था। इसके बाद 11 जुलाई को उन्होंने याचिका दायर कर किरण चौधरी की सदस्यता रद्द करने की मांग की। गुप्ता ने विधायक किरण चौधरी की सदस्यता रद्द करने संबंधी कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका विधान सभा के 'दल-बदल के आधार पर सदस्यों की अयोग्यता नियम, 1986' की कसौटियों पर खरी नहीं उतरी, जिसके कारण इसे निरस्त कर दिया गया।

इसी दौरान स्पीकर ने जननायक जनता पार्टी की तरफ से दायर याचिका पर भी आज ही सुनवाई की। याचिका में नरवाना के विधायक रामनिवास और बरवाला के विधायक जोगीराम सिहाग की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की मांग की गई है। जजपा ने दोनों विधायकों पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने तथा भाजपा को समर्थन देने का आरोप लगाया है।

यह याचिका जजपा के कार्यालय सचिव रणधीर सिंह की ओर से दायर की गई है। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने सर्वोच्च न्यायालय के एक निर्णय के आधार पर याचिका पर सुनवाई करने का निर्णय लिया है। हरियाणा विस अध्यक्ष ने नियम 7(3) (ए व बी) के प्रावधानों का पालन करते हुए दोनों आरोपित विधायकों और जजपा विधायक दल के नेता को अपना पक्ष उनके सम्मुख रखने के निर्देश जारी किए हैं।

# मां समेत पूरे परिवार की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

### ● पिता गंभीर रूप से घायल, सोते समय पूर्व सैनिक ने घटना को दिया अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। अंबाला

नारायणगढ़ में एक पूर्व सैनिक ने अपनी मां और नाबालिग भतीजे-भतीजी समेत अपने परिवार के पांच सदस्यों की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि घटना रविवार रात नारायणगढ के रटोर गांव की है। पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त जवान भूषण कुमार ने कथित तौर पर परिवार के पांच सदस्यों की बेरहमी से हत्या कर दी कुल्हाड़ी से हत्या कर दी और अपने पिता को भी घायल कर दिया। वारदात के समय पीड़ित सो रहे थे। उन्होंने बताया कि अपराध करने के बाद उसने शवों को जलाने की भी कोशिश की।

पुलिस ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता चला है कि दो भाइयों के बीच कथित भूमि विवाद के कारण यह घटना हुई। मृतकों की पहचान कुमार की मां सरूपी देवी (65), भाई हरीश कुमार (35), भाभी सोनिया (32) और उनके दो बच्चे पांच वर्षीय यशिका और छह साल के मयंक के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पिता ओम प्रकाश भी हमले में घायल हो गए हैं और उनका नारायणगढ़ के अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

# पांच साल से जमे डिप्टी कलेक्टरों को जाना होगा दूसरे डिवीजन में

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के किसी भी मंडल में पांच साल से जमे डिप्टी कलेक्टरों को अब दूसरे मंडल में जाना पड़ेगा। इसी तरह किसी सर्किल में दस साल पूरे कर चुके डिप्टी कलेक्टर को दूसरा सर्किल चुनना होगा।

प्रदेश सरकार ने सोमवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में कार्यरत डिप्टी कलेक्टरों के लिए आनलाइन स्थानांतरित पालिसी लागू कर दी है। इसके साथ ही स्थानांतरण में अब भाई-भतीजावाद और पर्ची सिस्टम खत्म हो जाएगा। किसी भी स्थान पर तीन साल का कार्यकाल पूरा कर चुके डिप्टी कलेक्टर आनलाइन स्थानांतरण में शामिल होने के पात्र होंगे। मेरिट के आधार पर स्थानांतरण होंगे जिसमें सबसे ज्यादा 60 अंक आयु के होंगे। महिलाओं, विधवा, तलाकशुदा, सैनिक की पत्नी को 10 अंक मिलेंगे। विधुरों, कपल केस, बेहतर प्रदर्शन के मामले में पांच अंक दिए जाएंगे, जबकि खराब कार्य वाले अधिकारियों के सात अंक काटे जाएंगे।

# फल केंद्र लाडवा बना आत्मनिर्भर मॉडल: सुधा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि इंडो-इजरायल प्रोजेक्ट के तहत लाडवा का उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र प्रदेश का पहला आत्मनिर्भर मॉडल के रूप में स्थापित हुआ है। यह फ्रूट सेंटर अब पूर्णत॰ अपने पैरों पर खड़ा हो चुका है और अपनी आय से खर्चों की पूर्ति कर रहा है। यह सेंटर प्रदेश ही नहीं देश के लिए एक रोल मॉडल फल केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है। अहम पहलू यह है कि इस फल केंद्र के इस वर्ष और पिछले वर्ष के बकाया खर्चों सहित कुल 55 लाख का खर्च हुआ और 83 लाख रुपए की आय अर्जित की है। इस प्रकार इस सेंटर ने इस वर्ष 28 लाख रुपए का लाभ अर्जित किया है। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह की सोच को आगे बढ़ाने का काम उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र लाडवा ने किया है। यह फल केंद्र अब प्रॉफिटेबल सेंटर के रूप में विकसित हो चुका है।

# नॉन स्टॉप नहीं, फुल स्टॉप हरियाणा होना चाहिए भाजपा का नारा: हुड्डा

### ● बीजेपी राज में अपराध बेरोजगारी, नशा व युवाओं का पलायन जारी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भाजपा द्वारा आगामी चुनाव के लिए दिए गए नॉन स्टॉप हरियाणा के नारे पर सरकार को घेरते हुए कहा है कि बीजेपी को अपने 'नॉन स्टॉप हरियाणा' के नारे को बदलकर 'फुल स्टॉप हरियाणा' कर लेना चाहिए। क्योंकि इस सरकार ने 10 साल में प्रदेश में निवेश, औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन, खिलाड़ियों के सम्मान, फसलों के दाम, शिक्षा व स्वास्थ्य तंत्र विस्तार पर फुल स्टॉप लगाने का काम किया है।

पत्रकारों से बातचीत में हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार में अगर कुछ नॉन स्टॉप है तो वो बेरोजगारी, महंगाई, अपराध, नशा और युवाओं का पलायन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान प्रदेश में एक स्वास्थ्य विश्वविद्यालय, 6 मेडिकल कॉलेज, एम्स और कैंसर इंस्टिट्यूट जैसे बड़े संस्थान बने। साथ ही 641 नए ग्रामीण अस्पताल सीएचसी और पीएचसी बने। लेकिन बीजेपी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे इस कार्य पर फुल स्टॉप लगा दिया। क्रीमी लेयर की लिमिट को 8 से घटकर 6 लाख करके इस सरकार ने ओबीसी आरक्षण पर, कांग्रेस की 'पदक लाओ, पद पाओ' नीति व नौकरियों में खिलाड़ियों के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण को बंद करके बीजेपी ने उनके भविष्य पर भी फुल स्टॉप लगाया है।


**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Anil Kumar Badgujar S/o Shri Mangu Ram R/o House No. 133-134, Second Floor, Block -E, Pocket-18, Sector -3 Rohini Delhi-110085 have changed my name Anil Kumar to Anil Kumar Badgujar for all purpose.

PD(616)C

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे क्लाइंट, मेसर्स पी एस कॉटेज क्राफ्ट्स एम्पोरियम प्राइवेट लिमिटेड अनुसूची संपत्ति के मालिक हैं। उप-पंजीयक, गांधीनगर कार्यालय में पंजीकृत मूल बिक्री विलेख दिनांक 27-06-2006, दस्तावेज सं. जीएएन-1-01425-2006-07, बुक-1, सीडी नं. जीएएनडी67 कहीं गुम हो गये हैं।

कोई भी व्यक्ति(यों) जिनके पास अनुसूची संपत्ति में किसी भी प्रकार का अधिकार, स्वामित्व, दावा ग्रहणाधिकार या हित अथवा दावा हैं, वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अपने दावे के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य के साथ अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित कर सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति को दस्तावेज़ मिल जाता है तो उसे अधोहस्ताक्षरी को वापस कर दें

*अनुसूची संपत्ति*

1 मेन रोड, जयमहल एक्सटेंशन, वार्ड नं. 92, बैंगलोर में स्थित फ्लैट नं. 19/10-6, पीआईडी नंबर 92-16-19/10-6, बहुमंजिला इमारत, जिसे 'कोहिनूर अपार्टमेंट' के नाम से जाना जाता है, के पिछले हिस्से में तीसरी मंजिल पर नगर निगम नं. 19/10-6 (पुराना नं. 19/4सी), 2109.27 वर्ग फीट सुपर निर्मित क्षेत्र के साथ 1/14 या 502.53 वर्ग मीटर के साथ बेसमेंट में एक कार पार्किंग स्थान सहित उपरोक्त संपत्ति में अविभाजित शेयर, हक और हित शामिल।

हस्ता/-
एडवोकेट (सैयद जीशान फरीद)
नं0. 8, प्रथम तल, एम.डी.एम. रोड, फ्रेज़र टाउन, बैंगलोर-560005
सेल नंबर: 8971957666

**PUBLIC NOTICE**

My client Monica Suri & Sanjeev Suri are the owners of Flat No. B1/912, Purvanchal Silver City Sector-Pi-II, Greater Noida, They have lost the original GPA, executed by them in favour of Shri Rajinder Puri, which was registered in Sub-Registrar, Faridabad on dated 09.04.2009 as Regd. Document No. 47, Book No, IV, Volume No. 1, on Page No. 12/34-36, the said GPA was used for registration of Sub-Lease Deed in their favour. Finder may contact at above address & Mobile No. 9911899114

Laxmi Advocate
Regd. No. D/947/2017
Delhi High Court

**PUBLIC NOTICE**

Mr. Bal Kishan Gupta are the owners of the property bearing Plot No. C-703 Vikash Puri Block-C (C-793) New Delhi 110018.

Any person who has any objection regarding the Mortgage of the aforesaid property in favour of Mr. Bal Kishan Gupta may submit his/her objection within 7 days from the date of the Notice in writing.

The said objection may be kindly sent to the undersigned by way of the Registered Post on the address given below and by E-mail.

Lavanya Sharma (Advocate)
Trinity Legal Partners
C-401, Fourth Floor, Nirvana Courtyard, Nirvana Country, Sector-50, Gurugram-122018
E: lavanya@trinitylegalpartners.com

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that Mrs. Lalesh Devi has acquired Property area measuring 52 sq. yds, out of Khasra No. 217, situated at Village Surajpur Pargana, Dadri Tehsil and Distt., Gautam Budh Nagar, U.P vide Sale Deed dt. 02.06.2023 executed by Mrs. Bala Devi, Now Mrs. Lalesh Devi is the undisputed owner of above said property.

OR

Any person / firm / institution / company having any claim or right in respect of the said Property by way of inheritance, share, sale, agreement, lease, license, gift, possession, legal heirs, partners or encumbrance howsoever or otherwise is hereby required to intimate in writing to the undersigned within 07 days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents at below mentioned address. After expiration of notice period, the claims, if any, of such person shall be treated null and void and also treated as waived and not binding on our client.

Ajay Kumar Giri (Advocate) H No. 26/161, Basement, Vikram Vihar, Lajpat Nagar 4, New Delhi -110024

**एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")**
CIN : U65993DL2002PLC115769
**पंजीकृत कार्यालय:** 14वीं मंजिल, ईआरओएस कॉर्पोरेट टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019. ई-मेल: acre.arc@acreindia.in,वेबसाइट: www.acreindia.in
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** यूनिट नंबर 502, सी विंग, वन बीकेसी, प्लॉट नंबर सी - 66, जी - ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051. फोन: 022 68643101

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स एसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ("इंडियाबुल्स एआरसी")** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **संजय सिंह प्रोपराइटर एस.ए. एंटरप्राइजेज और रिंकू सिंह** को **28.02.2022** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. S038OXXIII (आईएचएफएल का पूर्व कर्ज खाता नं. HHLNOI00289895)** की राशि रू. **23,97,646 (रूपये तेईस लाख सत्तानवे हजार छह सौ छियालीस मात्र)** और **17.02.2022** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी । इसके अलावा **आईएचएफएल ने इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के पक्ष में **इंडियाबुल्स एआरसी XXIII ट्रस्ट के ट्रस्ट्री** के रूप में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज **31.12.2021**. को एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से सौपा है, इसके अलावा **इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, इंडियाबुल्स एआरसी –XXIII, ट्रस्ट के ट्रस्ट्री** ने दिनांक **29.06.2022** के असाइनमेंट करार के माध्यम से **एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")** के पक्ष में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज और कर्ज खाता जिसे **एसीआरई** की पुस्तकों में कर्ज खाता नं.**S038OXXIII** के रूप में पुन: क्रमांकित किया गया है, सौंपा है ।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **19.07.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू. 23,97,646 (रूपये तेईस लाख सत्तानवे हजार छह सौ छियालीस मात्र) 17.02.2022** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.** के आधीन होगा.

उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

आवासीय अपार्टमेंट/फ्लैट नं. सन-1-2406, टावर सन-1 की चौबीसवीं मंजिल पर, सुपर एरिया लगभग 113.805 स्क्वे. मीटर्स, कवर्ड एरिया लगभग 86.030 स्क्वे. मीटर्स, मिगसन व्यान" से पहचाने जानेवाले ग्रुप हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में, प्लॉट नं.जीएच-1बी-1 पर निर्मित, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश ।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 19.07.2024
स्थान : नोएडा
असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि
(102- ट्रस्ट)

किसी भी शिकायत के लिए आप **श्री मोहम्मद शारिक मलिक,** शिकायत निवारण अधिकारी, फोन नंबर **011-66115609**, ईमेल: **complaint@acreindia.in** से संपर्क कर सकते हैं। संगठन के अंतर्गत शिकायत निवारण तंत्र विस्तृत रुप से **https://www.acreindia.in/compliance** पर देखी जा सकती है।

**एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")**
CIN : U65993DL2002PLC115769
**पंजीकृत कार्यालय:** 14वीं मंजिल, ईआरओएस कॉर्पोरेट टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019. ई-मेल: acre.arc@acreindia.in,वेबसाइट: www.acreindia.in
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** यूनिट नंबर 502, सी विंग, वन बीकेसी, प्लॉट नंबर सी - 66, जी - ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051. फोन: 022 68643101

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड (CIN:U65993DL2002PLC115769)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **सत्यवान वर्मा और सीमा वर्मा** को **25.04.2023** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. S004OXVI (आईएचएफएल का पूर्व ऋण खाता नं. HHELAJ00255283)** की राशि **रू. 1,23,845.91 (रूपये एक लाख तेईस हजार आठ सौ पैंतालीस और इक्यानवे पैसे मात्र)** और **06.04.2023** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी ।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **18.07.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू. 1,23,845.91 (रूपये एक लाख तेईस हजार आठ सौ पैंतालीस और इक्यानवे पैसे मात्र) 06.04.2023** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

प्रतीक ग्रैंड सिटी में " ग्रैंड पेओनिया" से पहचाने जानेवाले ग्रुप हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के टावर पी 8 में नौवीं मंजिल पर फ्लैट नं. पी -906, जिसका सुपर कवर्ड एरिया 770 स्क्वे. फीट (607 स्क्वे. फीट का निर्मित क्षेत्र) जिसमें एक कवर्ड कार पार्किंग के साथ, प्लॉट नं. 4/बीएस 01 और 4/बीएस-05 पर स्थित, सिद्धार्थ विहार, गाज़ियाबाद-201001, जिसमें एक कवर्ड कार पार्किंग भी है।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 18.07.2024
स्थान : गाज़ियाबाद
असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.
(102- ट्रस्ट)

किसी भी शिकायत के लिए आप **श्री मोहम्मद शारिक मलिक,** शिकायत निवारण अधिकारी, फोन नंबर **011-66115609**, ईमेल: **complaint@acreindia.in** से संपर्क कर सकते हैं। संगठन के अंतर्गत शिकायत निवारण तंत्र विस्तृत रुप से **https://www.acreindia.in/compliance** पर देखी जा सकती है।

**PUBLIC NOTICE**

Chopta Structures LLP and Chopta Infrasolutions Pvt Ltd are based in Greater Noida, are individual business entities and are no where related to Reliance Structures Pvt Ltd and its other group companies, thereof no where related to Sunil Gupta or any of his family members. If any individual or organisation spreads rumour and try co-relate then it will be considered as fraud and defamation of our brand and we will take appropriate legal action under law of land.

**CHANGE OF NAME**

I, Satish Singh Baghel S/o Ram Singh Baghel R/o H.No-22, Gali No-1, West Karawal Nagar, North East Delhi-110094 declare that name of mine and my wife has been wrongly written as Satish Singh and Sunita in my minor daughter namely Priyanshi aged 15 year in her school record. The actual name of mine and my wife are Satish Singh Baghel and Sunita Devi respectively which may be amended accordingly.
It is certified that i have complied with other legal requirements in this connection.

Satish Singh Baghel

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029) (अब सम्मान कैपिटल लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **रमेंद्र कुमार चौधरी और मोना कुमारी** को **03.01.2024** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLDCP00260754** की राशि **रू.56,94,531.74 (रूपये छप्पन लाख चौरानबे हजार पाँच सौ इकतीस चौहत्तर पैसे मात्र)** और **14.12.2023** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **18.07.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.56,94,531.74 (रूपये छप्पन लाख चौरानबे हजार पाँच सौ इकतीस चौहत्तर पैसे मात्र) 14.12.2023** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (अब सम्मान कैपिटल लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

टावर अल्बारिया, एच-2 में, "ईको विलेज-1" नामक परियोजना में, अट्ठाईसवीं मंजिल पर, फ्लैट नं. 2803, जिसका सुपर एरिया 1590 स्क्वे. फीट, एक कवर्ड कार पार्किंग, प्लॉट नं. 08, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201303, उत्तर प्रदेश ।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
सम्मान कैपिटल लिमिटेड
(पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
दिनांक : 18.07.2024
स्थान : गौतम बुद्ध नगर

**एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")**
CIN : U65993DL2002PLC115769
**पंजीकृत कार्यालय:** 14वीं मंजिल, ईआरओएस कॉर्पोरेट टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019. ई-मेल: acre.arc@acreindia.in,वेबसाइट: www.acreindia.in
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** यूनिट नंबर 502, सी विंग, वन बीकेसी, प्लॉट नंबर सी - 66, जी - ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051. फोन: 022 68643101

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड ("आईएचएफएल")** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **शिव त्रिपाठी और प्रियंका** को **29.10.2021** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. S083OXXIII-02 (आईएचएफएल का पूर्व कर्ज खाता नं. HHLNOD00393671)** की राशि रू. **25,49,668.77 (रूपये पच्चीस लाख उनचास हजार छह सौ अड़सठ और सतहत्तर पैसे मात्र)** और **27.10.2021** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी । इसके अलावा **आईएचएफएल ने इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के पक्ष में **इंडियाबुल्स एआरसी –XXIII ट्रस्ट के ट्रस्ट्री** के रूप में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज **31.12.2021**. को एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से सौपा है, इसके अलावा **इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, इंडियाबुल्स एआरसी –XXIII ट्रस्ट के ट्रस्ट्री** ने दिनांक **29.06.2022** के असाइनमेंट करार के माध्यम से **एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")** के पक्ष में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज और कर्ज खाता जिसे **एसीआरई** की पुस्तकों में कर्ज खाता नं.**S083OXXIII-02** के रूप में पुन: क्रमांकित किया गया है, सौंपा है ।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **19.07.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू. 25,49,668.77 (रूपये पच्चीस लाख उनचास हजार छह सौ अड़सठ और सतहत्तर पैसे मात्र) 27.10.2021** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.** के आधीन होगा.

उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

अपार्टमेंट नं.सन 8-2504, पच्चीसवीं मंजिल, टावर-सन 8, प्लॉट नं. जीएच-01बी (1), सेक्टर-ईटीए-2, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201303.

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 19.07.2024
स्थान : गौतम बुद्ध नगर
असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.
(102- ट्रस्ट)

किसी भी शिकायत के लिए आप **श्री मोहम्मद शारिक मलिक,** शिकायत निवारण अधिकारी, फोन नंबर **011-66115609**, ईमेल: **complaint@acreindia.in** से संपर्क कर सकते हैं। संगठन के अंतर्गत शिकायत निवारण तंत्र विस्तृत रुप से **https://www.acreindia.in/compliance** पर देखी जा सकती है।

**एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")**
CIN : U65993DL2002PLC115769
**पंजीकृत कार्यालय:** 14वीं मंजिल, ईआरओएस कॉर्पोरेट टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019. ई-मेल: acre.arc@acreindia.in,वेबसाइट: www.acreindia.in
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** यूनिट नंबर 502, सी विंग, वन बीकेसी, प्लॉट नंबर सी - 66, जी - ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051. फोन: 022 68643101

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड ("आईएचएफएल")** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **श्री बलविंदर सिंह और श्रीमती अनेश** को **17.04.2017** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. B011OXXIII (आईएचएफएल का पूर्व कर्ज खाता नं. HHLLAJ00204724)** की राशि **रू. 16,37,238 (रूपये सोलह लाख सैंतीस हजार दो सौ अड़तीस मात्र)** और **13.04.2017** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी । इसके अलावा **आईएचएफएल ने इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के पक्ष में **इंडियाबुल्स एआरसी –XXIII ट्रस्ट के ट्रस्ट्री** के रूप में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज **31.12.2021**. को एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से सौपा है, इसके अलावा **इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, इंडियाबुल्स एआरसी –XXIII ट्रस्ट के ट्रस्ट्री** ने दिनांक **29.06.2022** के असाइनमेंट करार के माध्यम से **एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")** के पक्ष में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज और कर्ज खाता जिसे **एसीआरई** की पुस्तकों में कर्ज खाता नं.**B011OXXIII** के रूप में पुन: क्रमांकित किया गया है, सौंपा है ।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **19.07.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि रू. **16,37,238 (रूपये सोलह लाख सैंतीस हजार दो सौ अड़तीस मात्र) 13.04.2017** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.** के आधीन होगा.

उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

पहली मंजिल पर रेसिडेन्शियल प्रिमाईसेस यूनिट/अपार्टमेंट नं. ए- 0108, टावर- " ए", महालक्ष्मी ग्रीन मेंशन, जिसका सुपर एरिया लगभग 895 स्क्वे. फीट , ग्रुप हाउसिंग रेसिडेन्शियल प्रोजेक्ट एचआरए-14 में, जीटा-1 के सामने, सूरजपुर साइट-सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 19.07.2024
स्थान : नोएडा
असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.
(102- ट्रस्ट)

किसी भी शिकायत के लिए आप **श्री मोहम्मद शारिक मलिक,** शिकायत निवारण अधिकारी, फोन नंबर **011-66115609**, ईमेल: **complaint@acreindia.in** से संपर्क कर सकते हैं। संगठन के अंतर्गत शिकायत निवारण तंत्र विस्तृत रुप से **https://www.acreindia.in/compliance** पर देखी जा सकती है।

**एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")**
CIN : U65993DL2002PLC115769
**पंजीकृत कार्यालय:** 14वीं मंजिल, ईआरओएस कॉर्पोरेट टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019. ई-मेल: acre.arc@acreindia.in,वेबसाइट: www.acreindia.in
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** यूनिट नंबर 502, सी विंग, वन बीकेसी, प्लॉट नंबर सी - 66, जी - ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051. फोन: 022 68643101

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड ("आईएचएफएल")** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **हरीश शर्मा और राधा शर्मा** को **31.01.2022** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. H428OXXVII-2 (आईएचएफएल का पूर्व कर्ज खाता नं. HHLGTN00380915 )** की राशि **रू. 5,26,743.96 (रूपये पाँच लाख छब्बीस हजार सात सौ तैंतालीस और छियानवे पैसे मात्र)** और **22.12.2021** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी । इसके अलावा **आईएचएफएल ने इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के पक्ष में **इंडियाबुल्स एआरसी –XXVII ट्रस्ट के ट्रस्ट्री** के रूप में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज **23.03.2022** . को एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से सौपा है, इसके अलावा **इंडियाबुल्स एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, इंडियाबुल्स एआरसी –XXVII ट्रस्ट के ट्रस्ट्री** ने दिनांक **29.06.2022** के असाइनमेंट करार के माध्यम से **एसेट केअर एंड रिकन्स्ट्रक्शन एंटरप्राईज लिमिटेड ("एसीआरई")** के पक्ष में उपरोक्त कर्ज खाते के अपने सभी अधिकार, शीर्षक और ब्याज और कर्ज खाता जिसे **एसीआरई** की पुस्तकों में कर्ज खाता नं.**H428OXXVII-2** के रूप में पुन: क्रमांकित किया गया है, सौंपा है ।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **19.07.2024** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू. 5,26,743.96 (रूपये पाँच लाख छब्बीस हजार सात सौ तैंतालीस और छियानवे पैसे मात्र) 22.12.2021** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.** के आधीन होगा.

उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

फ्लैट नंबर सन 4-506, पाँचवीं मंजिल पर, टावर-सन 4, "मिगसन व्यान" से पहचाने जानेवाले प्रोजेक्ट में , प्लॉट नंबर जीएच-01बी (1), सेक्टर-ईटीए-2, गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा-201308, उत्तर प्रदेश।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 19.07.2024
स्थान : ग्रेटर नोएडा
असेट्स केअर एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन एन्टरप्राइजेस लि.
(102- ट्रस्ट)

किसी भी शिकायत के लिए आप **श्री मोहम्मद शारिक मलिक,** शिकायत निवारण अधिकारी, फोन नंबर **011-66115609**, ईमेल: **complaint@acreindia.in** से संपर्क कर सकते हैं। संगठन के अंतर्गत शिकायत निवारण तंत्र विस्तृत रुप से **https://www.acreindia.in/compliance** पर देखी जा सकती है।

## बांग्लादेश में अशांति

### आरक्षण पर विवाद

**आरक्षण पर विवाद** के कारण बांग्लादेश में अशांति पैदा हो गई है। छात्र 'स्वतंत्रता सेनानियों' के परिवारों को सरकारी नौकरियों में दिए जाने वाले आरक्षण का विरोध कर रहे हैं। भारत ने इसे बांग्लादेश का आंतरिक मामला बताया है। सरकार द्वारा 1971 में मुक्ति संग्राम में भाग लेने वालों के रिश्तेदारों को 30 प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान किया है। इसके खिलाफ छात्र सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जिसके कारण बांग्लादेश पिछले सालों में सबसे बुरी स्थिति का सामना कर रहा है। पिछले दशक के इन सर्वाधिक हिंसक विरोध प्रदर्शनों में दो पत्रकारों समेत 105 लोगों की जान गई है। इसके बाद पूरे देश में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सुरक्षा बलों को भीड़ पर गोली चलाने का आदेश देने के साथ ही उपद्रवियों को 'देखते ही गोली मारने' का आदेश भी दिया गया है। इससे स्थिति की गंभीरता का पता चलता है। छात्र प्रदर्शनकारियों द्वारा एक जेल पर हमला बोल कर बंदियों को छुड़ाने के बाद धीरे-धीरे पर निश्चित रूप से छात्रों का प्रदर्शन सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन में बदल रहा है। छात्रों का आरोप है कि मुक्ति सेनानियों के परिवारों को नौकरियों में आरक्षण से अधिकांशत शेख हसीना के समर्थकों को लाभ होगा क्योंकि उनकी अवामी लीग पार्टी ने स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया था। छात्र ऐसे देश में संघर्ष कर रहे हैं जहां लगभग 32 मिलियन युवाओं को न नौकरी मिली है और न शिक्षा। हालांकि, कुछ निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं, पर अनेक लोग नौकरी में स्थायित्व तथा बेहतर वेतन के लिए सरकारी नौकरियां पसंद करते हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों पर सरकार की कार्रवाई के बावजूद यह



हिंसा रोकने में ज्यादा प्रभावी नहीं रही है। कुछ दिन पहले शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों ने देश भर में व्यापक अराजकता और गतिरोध को जन्म दिया है। इस अराजकतापूर्ण स्थिति के कारण अनेक विदेशी छात्र खतरे में फंस गए हैं।

बांग्लादेश में लगभग 15,000 भारतीय रहते हैं जिनमें लगभग 8,500 छात्र हैं। लगभग 4,000 छात्र वहां से निकाले जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा है कि लगभग 1,000 भारतीय छात्रों को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचा दिया गया है। बाकी फंसे छात्रों के परिवार उनकी वापसी की बेचैनी से प्रतीक्षा कर रहे हैं। ढाका में भारतीय उच्चायुक्त ने छात्रों की सहायता के लिए एक हेल्पलाइन बनाई है जिसमें वापसी प्रक्रिया के बारे में अद्यतन जानकारी दी जाती है। छात्रों को उच्चायोग से संपर्क में रहने तथा उसके निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। गुरुवार से संचार साधनों पर प्रतिबंध लगा है जिसमें बोबाइल डेटा और टेक्सट मैसेज सेवायें शामिल हैं। सरकार द्वारा प्रदर्शनकारियों के प्रति कठोरता बरतने के कारण न केवल तनाव बढ़ा है, बल्कि हसीना सरकार की छवि भी खराब हुई है। प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार अपने 15 वर्ष के कार्यकाल में इस सर्वाधिक गंभीर चुनौती का सामना कर रही है। वास्तव में यह पिछले सालों में शेख हसीना के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है। छात्रों का प्रदर्शन सरकार के खिलाफ आम विरोध प्रदर्शन में बदल रहा है। शेख हसीना ने छात्रों से न्यायालय का फैसला आने तक प्रतीक्षा को कहा, पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। इस बीच भारत ने पड़ोसी देश में व्याप्त अराजकता को 'बांग्लादेश का आंतरिक मामला' बताया है, पर उसे चिन्ता है क्योंकि शेख हसीना सरकार के भारत के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। अतः बांग्लादेश में अराजकता या हिंसा से भारत-बांग्लादेश संबंध भी प्रभावित हो सकते हैं।

# आर्थिक समृद्धि हेतु प्राचीन विवेक

**समय आ गया है कि भारत ऐतिहासिक विवेक का प्रयोग कर वैश्विक अवसरों का लाभ उठाए तथा समृद्ध एवं समावेशी भविष्य की ओर आगे बढ़े। वर्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।**



**बी.के. झा**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। उसे न केवल यह लक्ष्य प्राप्त करना चाहिए, बल्कि अतिरिक्त संपदा का साझा कर जीवन्त व समावेशी समाज भी बनाना चाहिए। 'अर्थशास्त्र' के लेखक आचार्य चाणक्य ने कहा था, 'धर्मस्य मूलम अर्थः'। इसलिए चाणक्य की भूमि को स्पष्ट दृष्टिकोण सामने रखते हुए समाज को अतिरिक्त संपदा पैदा करने तथा उसका साझा करने के माध्यम से समृद्ध समाज बनाना चाहिए। वेदों के प्राचीन विवेक में कहा गया है, 'शत हस्ता समाहार, शास्त्र हस्ता संकिरा', अर्थात '100 हाथों से संपदा का सृजन करें तथा उसका हजार हाथों से साझा करें।' हिंदुओं ने विश्व अर्थव्यवस्था में ईसापूर्व पहली शताब्दी से लेकर 15वीं शताब्दी तक महत्वपूर्ण योगदान किया। इससे संपदा के सृजन तथ वितरण की उनकी समझदारी प्रकट होती है। हिंदू सभ्यता की समृद्धि अतीत के प्राचीन स्मारकों से स्पष्ट होती है जो वर्तमान समय में हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, लोथल, नालन्दा और तक्षशिला विश्वविद्यालय, थाईलैंड में अंकोरवाट, इंडोनेशिया में प्रंबन व बोरोबुदूर तथा भारत में रामेश्वरम, बृहदेश्वर और मीनाक्षी मंदिरों से प्रमाणित होती है। लेकिन यह समृद्धि इस्लामी आक्रमण, औपनिवेशिक शासन तथा औद्योगिक क्रांति के कारण नष्ट हो गई। इक्कीसवीं शताब्दी की अर्थव्यवस्था ज्ञान व यौवन से संचालित है।

हिंदू जनसंख्या का बड़ा हिस्सा नौजवान होने के साथ ही उसमें असाधारण क्षमता पैदा करने की सामर्थ्य विद्यमान है जिसका लाभ उठाया जाना चाहिए। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में मंदी के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति ने सारी दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया है। ऐसे में परंपरागत प्रतिक्रियाओं के रूप में 'कास्ट कटिंग' तथा संरक्षणवाद अनुपयुक्त हैं। वर्तमान समय में अतिरिक्त संपदा सृजन के लिए नए व रचनात्मक दृष्टिकोण की जरूरत है ताकि विश्व अर्थव्यवस्था को उसके संकट से उबारा जा सके। आज जहां कुछ अर्थव्यवस्थायें उथल पुथल का सामना कर रही हैं, वहीं उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समक्ष बड़े अवसर भी हैं। ऐसे में चुनौती वैश्विक स्थिति का लाभ सामूहिक प्रगति हेतु उठाना है।

हिंदुओं को वैश्विक स्तर पर सहयोग कर आकलैंड से अलास्का और ओस्लो से जोहांसबर्ग तक सभी भौगोलिक क्षेत्रों व देशों की बाजारों तक पहुंच बनानी चाहिए। इसी प्रकार पूंजी की उपलब्धता तथा तकनीकी खोजों में सहयोग होना चाहिए ताकि तकनीकी रूप से दक्ष हिंदुओं व इन खोजों को बिजनेस अवसरों में बदलने वालों के बीच सहयोग हो सके। केवल दान व उदारता से भूख, गरीबी और निरक्षरता जैसी मूल समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है। बढ़ती जनसंख्या की आवश्यकतायें भी बढ़ रही हैं जिनकी पूर्ति केवल अतिरिक्त संपदा के सृजन तथा खासकर सामाजिक संरचना में सबसे नीचे रहने वाली जनता के सशक्तीकरण से संभव है। इस दृष्टिकोण को 'टिकाऊ विकास' के दर्शन से जोड़ा जाना चाहिए जिसका उद्देश्य भूख, गरीबी और निरक्षरता का उन्मूलन हो।

ऐतिहासिक प्रमाणों से स्पष्ट है कि अंग्रेजों ने भारत की व्यापक लूट की थी। आर्थिक इतिहासकार उत्सा पटनायक की शोध से पता चलता है कि ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार ने भारत से 1765 से लेकर 1938 तक लगभग 45 ट्रिलियन डालर लूटे थे। यह विशाल धनराशि वर्तमान समय में ब्रिटेन की वार्षिक जीडीपी से 15 गुना अधिक है। इस संपदा ने इंग्लैंड में औद्योगिक क्रांति को फंड प्रदान किया जिससे भारत का महत्वपूर्ण आर्थिक योगदान स्पष्ट होता है। राष्ट्र और समुदाय अपनी आर्थिक शक्ति सहयोग व प्रतिबद्धता से प्राप्त करते हैं। उदाहरण के लिए, यहूदियों ने नरसंहार के बाद स्वयं को नेटवर्किंग, सामुदायिक सहायता तथा आत्म-संगठन से स्थापित किया। इसी प्रकार जापान और जर्मनी ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अपना निर्माण किया तथा चीन 1950 के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सक्षम हुआ।

2015 में भारत की जीडीपी 2.07 ट्रिलियन डालर थी, जबकि आज यह 3 ट्रिलियन डालर से थोड़ा अधिक है। अगले तीन साल में भारत का लक्ष्य 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनना है। 'हिंदूवाद' को आर्थिक वृद्धि से जोड़ने की अवधारणा फरवरी, 1973 में सामने आई थी। उस समय नाजिन यानुपी की छद्म नाम से लिखते हुए बीपीआर विट्ठल ने भारत की प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि दर का संदर्भ देते हुए सुझाव दिया था कि यह 1 से 3 प्रतिशत के बीच है। इस अवधारणा को 'हिंदू वृद्धि दर' का नाम दिया गया जिसे बाद में अर्थशास्त्री राज कृष्ण ने लोकप्रिय बनाया। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार कौशिक बसु ने 2007 में एक शोध पत्र में इसका समर्थन करते हुए कहा था कि 'हिंदू वृद्धि दर' की अवधारणा एक भारतीय अर्थशास्त्री स्वर्गीय राज कृष्ण ने सामने रखी थी ताकि वृद्धि दर के बारे में तत्कालीन भारतीय नीति निर्माताओं की निराशा सामने लाई जा सके। उन्होंने जो भी किया हो, बाद में वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत पर वापस लौट गई। इसके बाद से अनेक अर्थशास्त्रियों ने हिंदू वृद्धि दर की अवधारणा पर बातें रखीं जिनमें योजना आयोग के पूर्व अध्यक्ष मांटेक सिंह अहलूवालिया तथा पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार शंकर आचार्य व अरविंद विरमानी शामिल हैं।

'वर्ड हिंदू इकोनोमिक फोरम'-डब्लूएचईएफ के संस्थापक आईआईटी विद्वान स्वामी विज्ञानानंद को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने 'समाज को समृद्ध बनाने' के लक्ष्य से एक वैश्विक मंच का गठन किया। हिंदू समुदाय की आर्थिक प्रगति 2012 में हांगकांग में शुरू हुई और इसके बाद वह बैंकाक, नई दिल्ली, लंदन, लासएंजेल्स, शिकागो व मुंबई तक पहुंची। कोविड-19 वैश्विक महामारी की चुनौतियों के बावजूद डिजिटल बिजनेस नेटवर्कों तथा स्थानीय चैप्टरों के माध्यम से यह आंदोलन आगे बढ़ता रहा। भगवद्गीता के दर्शन पर आधारित यह आंदोलन अतिरिक्त संपदा के सृजन तथा सामाजिक बेहतरी के लिए भविष्योन्मुखी सोच तथा टिकाऊ विकास पर ध्यान केन्द्रित करता है। यह सामाजिक-आर्थिक गैर-सरकारी संगठन मुंबई में अपने महत्वपूर्ण आयोजन मुंबई में 13 से 15 दिसंबर तक डब्लूएचईएफ, 2024 के लिए प्रयासरत है। इसकी थीम 'भविष्य के लिए भविष्य में सोचो' है। इस फोरम का उद्देश्य भविष्योन्मुखी सोच तथा टिकाऊ आर्थिक विकास रणनीतियों का विकास करना है। 'विकसित भारत', इंडस्ट्री-4, कौशल विकास, ई-कामर्स, पूंजी बाजार तथा क्षेत्रीय अवसरों पर इस आयोजन का फोकस रहेगा। अब हिंदुओं को अपनी जनसंख्या के हिस्से के अनुपात में दुनिया की कम से कम 16 प्रतिशत जीडीपी पर अपना अधिकार करना चाहिए।

वैश्विक स्तर पर सहयोग व गठजोड़ मजबूत करने, बाजारों तक पहुंच में सुविधा प्रदान करने, वित्तीय परिस्थितिकी तंत्रों की सहायता करने तथा तकनीकी खोजों को प्रोत्साहन देने के माध्यम से हिंदू समाज अपना आर्थिक सशक्तीकरण और सामाजिक विकास कर सकता है। उद्यमों और उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ हिंदू समुदाय सामूहिक रूप से आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा दे कर अपना समृद्ध भविष्य सुनिश्चित कर सकता है। सहयोग व एकनिष्ठ प्रतिबद्धता की भावना से काम कर समुदायों और देशों ने अपनी आर्थिक शक्ति पुनः प्राप्त की है। यह सहयोगी दृष्टिकोण विश्व जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान करने के साथ हिंदू समाज की दृश्यमानता, स्वीकार्यता और सम्मान में व्यापक वृद्धि करेगा।

आज जब भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर आगे बढ़ रहा है तब उसका ध्यान अतिरिक्त संपदा के सृजन तथा उसका साझा करने पर होना चाहिए। अपने ऐतिहासिक विवेक का प्रयोग कर, वैश्विक सहयोग को बढ़ावा दे कर तथा भविष्योन्मुखी सोच व भविष्य के उपयुक्त रणनीतियों को स्वीकार कर हिंदू समाज वैश्विक स्तर पर अपना आर्थिक सशक्तीकरण कर सामाजिक विकास कर सकता है।

इससे अंततः भारत समेत सारी दुनिया के हिंदू समाज के साथ ही सारी दुनिया के विकास, समृद्धि तथा समावेशी समाज बनाने में सहायता मिलेगी।

# कार्यस्थल मानकों का महत्व

**"कार्यस्थल शिष्टाचार शब्द कार्यस्थल और समाज में किसी व्यक्ति के अपेक्षित व्यवहार और क्रियाकलापों को संदर्भित करता है।"**

**साक्षी सेठी**
(लेखिका शिक्षाविद हैं)



कार्यस्थल पर शिष्टाचार कई कारणों से आवश्यक है, क्योंकि वे कार्य वातावरण के समग्र कामकाज और माहौल में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। एक छात्र से एक कामकाजी पेशेवर बनने का संक्रमण अपने साथ कई चुनौतियां लेकर आता है, जिसमें कार्यस्थल शिष्टाचार को अपनाने की आवश्यकता भी शामिल है।

बहुत चर्चा में रहा, कार्यस्थल शिष्टाचार शब्द कार्यस्थल और समाज में किसी व्यक्ति के अपेक्षित व्यवहार और क्रियाकलापों को संदर्भित करता है, जिसमें दूसरों के प्रति सम्मान दिखाना और हमेशा एक अच्छा व्यवहार बनाए रखना शामिल है, जिससे सभी के लिए एक आरामदायक वातावरण बनता है। यह विभिन्न स्थितियों में कार्यों के लिए एक मार्गदर्शिका है और नियोक्ता और सहकर्मियों के प्रति विनम्र रहते हुए उन स्थितियों से कैसे निपटना है। यह एक कार्यस्थल से दूसरे कार्यस्थल में भिन्न होता है और प्रत्येक संगठन के लिए एक मानचित्र के रूप में कार्य करता है।

अक्सर कहा जाता है कि पहली छाप हमेशा के लिए होती है और एक पेशेवर सेटिंग में, वे धारणाओं और अवसरों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं। समय का पाबंद होना, उचित पोशाक पहनना और विनम्र अभिवादन सकारात्मक पहली छाप बनाने में मदद करते हैं। जब कर्मचारी इन व्यवहारों को प्रदर्शित करते हैं, तो वे अपने सहकर्मियों और संगठन के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हैं, जिससे शुरू से ही व्यावसायिकता का माहौल बनता है।



यह घटना एक सहकारी माहौल को बढ़ावा देती है, जहाँ कर्मचारी खुद को मूल्यवान महसूस करते हैं और उत्पादक रूप से एक साथ काम करने की अधिक संभावना रखते हैं। कुछ लोगों के लिए, यह नए अवसरों, पदोन्नति और करियर में उन्नति के द्वार भी खोल सकता है। नियोक्ता उन व्यक्तियों को महत्व देते हैं जो कार्य वातावरण में सकारात्मक योगदान देते हैं और कंपनी का अच्छा प्रतिनिधित्व करते हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि सम्मान और विश्वास किसी भी सफल व्यावसायिक संबंध की नींव हैं। कार्यस्थल शिष्टाचार का पालन करना जैसे कि सक्रिय रूप से सुनना, दूसरों को बाधित करने से बचना और योगदान को स्वीकार करना, आपसी सम्मान के माहौल को बढ़ावा देता है। यह सम्मानजनक व्यवहार सहकर्मियों के बीच विश्वास का निर्माण करता है, सहज सहयोग और सामंजस्यपूर्ण और कुशल टीमवर्क की सुविधा प्रदान करता है। एक संगठन जो उचित शिष्टाचार को बढ़ावा देता है और इसकी अपेक्षा करता है, उसे अधिक पेशेवर और प्रतिष्ठित माना जाता है। यह शीर्ष प्रतिभाओं, ग्राहकों के साथ-साथ व्यावसायिक भागीदारों को भी आकर्षित कर सकता है जो एक सम्मानजनक और अच्छे व्यवहार वाले संगठन से जुड़ना चाहते हैं।

अक्सर कहा जाता है कि एक बार विश्वास स्थापित हो जाने पर, संचार को बढ़ाता है और विचारों के खुले आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करता है, जिससे अभिनव समाधान और बेहतर निर्णय लेने की ओर अग्रसर होता है। कार्यस्थल में शिष्टाचार का उपयोग यह सुनिश्चित कर सकता है कि हर कोई उत्पादक होने के साथ-साथ सहज महसूस करे। कार्यस्थल शिष्टाचार बनाए रखना यह सुनिश्चित करने में एक लंबा रास्ता तय करता है कि व्यक्ति सहकर्मियों और वरिष्ठों का सम्मान करे और व्यक्ति की पेशेवर छवि बेदाग रहे।

याद रखें, एक कर्मचारी बहुत अधिक मूल्यवान स्टाफ सदस्य होगा यदि वे सतर्क रहें, अपने आस-पास की बातचीत में शामिल हों और सामान्य प्रवचन में योगदान दें। निस्संदेह, किसी भी कार्यस्थल पर, संघर्ष अपरिहार्य हैं, लेकिन उचित शिष्टाचार उन्हें हल करने में मदद कर सकता है।

शांत और सम्मानजनक व्यवहार के साथ संघर्षों का सामना करना, सभी दृष्टिकोणों को सुनना और पारस्परिक रूप से लाभकारी समाधान खोजना, वृद्धि को रोकता है और सकारात्मक कार्य वातावरण बनाए रखने में मदद करता है। वृद्धि अंतिम उपाय होना चाहिए लेकिन यदि आवश्यक हो तो किसी को भी पीछे

## आप की बात

### बाइडेन का फैसला

**बाइडेन** द्वारा राष्ट्रपति पद की दौड़ से पीछे हटने व कमला हैरिस का नाम प्रस्तावित करने के बाद अब डेमोक्रेटिक पार्टी के नेशनल कन्वेंशन में उनके नाम पर मुहर लगनी लगभग तय मानी जानी चाहिए। बड़ी मुश्किल से राष्ट्रपति जो बाइडेन का एक्स पर पोस्ट आया कि वे व्हाइट हाउस की दौड़ से बाहर होना चाहते हैं और अपनी उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस का नाम प्रस्तावित करते हैं। हालांकि, अब राष्ट्रपति चुनाव का ज्यादा समय नहीं बचा है और बाइडेन अपने बचे कार्यकाल का समय बकाया काम पूरे करने पर लगाने का इरादा प्रकट कर चुके हैं, इससे लगता है कि वे राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार में भी कमला हैरिस को ज्यादा समय न दे सकें। ऐसे में डेमोक्रेटिक पार्टी को एकजुटता के साथ कमला हैरिस के नेतृत्व में डोनाल्ड ट्रंप एवं जे डी वेंस की जोड़ी को पराजित करने का प्रयास करना चाहिए। अनेक समस्याओं और चुनौतियों के बाद कमला हैरिस इस कारण लाभ की स्थिति में हैं कि वे अमेरिका में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने वाली पहली गैर-श्वेत महिला होंगी। ट्रंप तथा उनके सहयोगी वेंस ने गर्भपात के अधिकारों पर जैसा महिला-विरोधी दृष्टिकोण अपनाया है, उसे देखते हुए कमला हैरिस अधिकांश अमेरिकी व खासकर युवा महिलाओं का समर्थन प्राप्त कर सकती हैं।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### सब्जियों के दाम

**बजट** से पहले आम आदमियों का बजट बिगाड़ रही हैं हरी सब्जियां और आलू-टमाटर। हरी सब्जियों के भाव लाल हो रहे हैं, टमाटर खरीदने वालों के जेब खाली हो रहे हैं और लहसुन के भाव तो आसमान छू रहे हैं। सब्जियों के दाम 70-80 रूपये किलो से कम नहीं हैं और टमाटर कभी सौ तो कभी सौ के पार हो रहे हैं। इनकी देखादेखी आलू के भावों ने भी रंग बदलना शुरू कर हॉफसेंचुरी बना ली है। शायद ही किसी ने आलू के दाम 50 रुपये किलो तक पहुंचने की कल्पना की होगी। भावों की तेजी के कारण ठेला भरकर सब्जी लेकर गली, मोहल्लों, कालोनियों में ठेले पर सब्जी बेचने वाले भी 4.-6 गिनती की सब्जियां लाने लगे हैं। लहसुन के खुदरा भाव तो आसमान में उड़ने वाले बगुले के समान 250-300 रूपये किलो तक पहुँच गए हैं। सरकार को सब्जियों के भाव नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने चाहिए तथा देखना चाहिए कि कहीं भारी मात्रा में जमाखोरी व कालाबाजारी तो नहीं हो रही है। यह भी कड़वा सच है कि उपभोक्ताओं पर पड़ने वाली भारी मार के साथ ही किसानों को लाभ नहीं मिल रहा है और बिचौलिये मालामाल हो रहे हैं। खेत से किचन के बीच फैले इन बिचौलियों को समाप्त करना होगा।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### खैरातों की भरमार

**महाराष्ट्र** विधानसभा की 288 सीटों पर अक्टूबर में होने वाले चुनाव के लिए मुफ्त की योजनाओं या खैरातों पर विपक्षी दलों ने महाराष्ट्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को 6,000 से लेकर 12,000 तक बेरोजगार भत्ता, 21 से 60 वर्ष आयु की महिलाओं को हर माह 1500 रुपये, अन्नपूर्णा योजना के तहत 3 गैस सिलेंडर मुफ्त व किसानों को मुफ्त बिजली जैसे वादे किए गए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले ऐसी खैरातों से देश की अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान पर बड़ी बहस हुई थी और इसे रेवड़ियों की संज्ञा दी गई थी। लेकिन आज इन मुफ्त की योजनाओं पर चुनाव वाले राज्यों की सरकारें दिल खोलकर पैसा लुटाने वाली हैं। महाराष्ट्र राज्य पर करीब 8 लाख करोड़ का कर्ज है, लेकिन सरकार की कोई चिंता नहीं दिखती है। इंडिया गठबंधन भी जल्द ही अपने घोषणापत्र में इससे भी बड़ी खैराती योजनाओं की घोषणा करेगा। ऐसे में राज्यों की ढांचागत विकास योजनाओं के लिए पैसा मिलना असंभव हो जाएगा। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार और पंजाब की आम आदमी पार्टी-आप सरकार खैराती योजनाओं के बोझ से चरमरा रही हैं। लेकिन नेताओं को कुर्सी की चिन्ता ज्यादा है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### तकनीक पर निर्भरता

**क्राउड स्ट्राइक** के एक अपडेट के कारण माइक्रोसॉफ्ट सर्विस आउटेज ने दुनिया भर में कंप्यूटर स्क्रीन ब्लू कर दीं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई के आने के बाद मानवमात्र की विभिन्न तकनीकों पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। इसने मानव जीवन को सुविधापूर्ण और सुखी बनाया है। पढ़ाई व ईलाज से लेकर अंतरिक्ष तक आधुनिक तकनीक ने अपना चमत्कार दिखाया है। महाभारत काल में जैसे संजय ने युद्ध का वर्णन दिव्य दृष्टि से किया था। वैसी ही जादुई दृष्टि आज स्मार्टफोन और टीवी स्क्रीन के रूप में हर आदमी के पास पहुंच चुकी है। कई-कई दिनों का काम मिनटों में होने लगा है। शारीरिक श्रम कम होता जा रहा है और जीवन के हर क्षेत्र में मशीनें और तकनीकें हावी हो गई हैं। लेकिन माइक्रोसॉफ्ट आउटेज ने इसके खतरों का भी अनुभव करा दिया है। भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचने की पुख्ता व्यवस्था वैज्ञानिकों को करनी होगी। इसके कारण करोड़ों रुपए के खर्च वाले अंतरिक्ष कार्यक्रम विफल हो सकते हैं और मरीजों की जान पर आ सकती है। ऐसे में नुकसान की भरपाई के लिए बीमा व्यवस्था भी करनी चाहिए।

–**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# अफसर स्वयं करें परियोजनाओं की हर 15 दिन में समीक्षाः योगी

● मुख्यमंत्री ने आजमगढ़ मंडल में की विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा

● बाढ़ को लेकर अफसरों को अलर्ट मोड में रहने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ आजमगढ़



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर आजमगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने कलक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों को लेकर मंडलीय समीक्षा बैठक की। इसके साथ ही मंडल के तीनों जिलों आजमगढ़, बलिया और मऊ के कानून-व्यवस्था की भी अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने राजस्व, कानून व्यवस्था, बिजली व्यवस्था और गोशालाओं से संबंधित जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ उन्होंने बैठक की। सीएम योगी कुल पौने चार घंटे तक जिले में रहे। सीएम के दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मुख्यमंत्री ने हरिहर में निर्माणाधीन संगीत महाविद्यालय का भी निरीक्षण किया।

लोकसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री का जिले में पहली बार आगमन हुआ। वे सोमवार को गोरखपुर से हेलिकाप्टर से पुलिस लाइन्स स्थित हेलीपैड पहुंचे। यहां से कार द्वारा सीएम योगी कलक्ट्रेट भवन पहुंचे। यहां उन्होंने मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। दोपहर में उन्होंने कलक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था को लेकर मंडलीय समीक्षा भी बैठक की। इस बैठक में आजमगढ़ जनपद के अधिकारी और मंडल के जनप्रतिनिध शामिल रहे। जबकि अन्य जनपदों के अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया।

सीएम ने शासन की जनहित एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं की नियमित रूप से निगरानी की जाए। हर परियोजना के लिए एक अलग नोडल अधिकारी नियुक्त करें, जो हर सप्ताह प्रगति की रिपोर्ट दे। वरिष्ठ अधिकारी हर 15 दिन पर परियोजनाओं की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं को उनकी निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। कोई परियोजना लेट नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जाम की समस्या न होने पाए। सड़क पर गाड़ियां खड़ी न हों। पटरी व्यवसायियों को भी व्यवस्थित किया जाए। मुख्यमंत्री ने सगड़ी तहसील के देवरा क्षेत्र में बहने वाली घाघरा नदी के जलस्तर की जानकारी ली। उन्होंने बाढ़ को लेकर सतर्क रहने के निर्देश दिए। साथ ही तैयारियों के बारे में जानकारी ली। सीएम ने कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की, कहा की अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर प्रकार के माफिया पर सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समीक्षा बैठक 2 घंटे से अधिक देर तक चली।

## हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण उसकी संतुष्टि के मुताबिक कराया जाएगाः मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हर हाल में सबकी समस्या का समाधान कराया जाएगा। यह उनकी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा, हर मामले में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिनके पास पक्का आवास नहीं है, उन्हें पीएम-सीएम आवास योजना से मकान मिलेगा। जिन्हें इलाज की आवश्यकता है, उनके मुकम्मल इलाज की व्यवस्था की जाएगी। इलाज में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण उसकी संतुष्टि के मुताबिक कराया जाएगा। सीएम योगी ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए। बड़े इत्मीनान से एक-एक कर उन्होंने सभी लोगों की समस्याएं सुनीं, उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को जरूरी निर्देश के साथ संदर्भित किया और लोगों को आश्वस्त किया कि परेशान मत होइए, समस्या समाधान के लिए त्वरित व प्रभावी कदम उठाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

## सावन के पहले दिन सीएम योगी ने की देवाधिदेव महादेव की पूजा



**लखनऊ।** सोमवार को पवित्र सावन माह का पहला दिन रहा। एक तो सावन का पहला दिन और उस पर भी सोमवार, भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए लिए इससे अधिक सुखद संयोग क्या होगा। इस पावन सांयोगिक अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवाधिदेव महादेव की विधि विधान से आराधना कर उनसे लोकमंगल की प्रार्थना की। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर भगवान शिव को प्रिय वस्तुओं का अर्पण कर उनकी पूजा की और सबके जीवन में आरोग्य, सुख, समृद्धि और शान्ति की कामना की।

## दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग होगा ऑनलाइन

● सब्मिशन व मॉनिटरिंग मॉड्यूल से किया जाएगा लैस, श्रीट्रॉन को सौंपा गया है जिम्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की प्रगति और उन्नति के लिए कृत संकल्पित योगी सरकार प्रदेश में समाज के सभी वर्गों के समेकित विकास का मार्ग प्रशस्त कर रही है। योगी सरकार दिव्यांगजन सशक्तिकरण पर विशेष तौर पर जोर देते हुए दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। ऐसे में, इन केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का सभी को लाभ मिले, उनके शंका निराकरण व समाधान उपलब्ध कराने के उचित साधन हों और इन सबकी रेगुलर मॉनिटरिंग हो सके, इस क्रम में सीएम योगी के विजन अनुसार दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को जल्द ही विशिष्ट ऑनलाइन वेबपोर्टल के विकास से लैस किया जाएगा। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के लिए जिस ऑनलाइन वेब पोर्टल का विकास होना है उसे यूजर मैनेजमेंट, ऑनलाइन फाइल मैनेजमेंट, अप्रूवल सिस्टम समेत कई सुविधाओं से युक्त किया जाएगा। इन सभी कार्यों को पूरा करने की जिम्मेदारी श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड को सौंपी गई है जो कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभागों को आईटी/आईटीईएस समाधान प्रदान करने के लिए नियुक्त नोडल एजेंसी है। फिलहाल, श्रीट्रॉन द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के ऑनलाइन वेबपोर्टल के लिए कार्रवाई शुरू करते हुए एजेंसी निर्धारण की प्रक्रिया पर कार्य किया जा रहा है।

श्रीट्रॉन द्वारा एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम से आवेदन मांगे गए हैं । इस प्रक्रिय में केवल वही कंपनियां हिस्सा ले सकेंगी जो कि पहले से ही श्रीट्रॉन में इंपैन्ल्ड हैं और इन्हीं में से चयनित एजेंसी को ऑनलाइन वेबपोर्टल व जरूरी फ्रेमवर्क के विकास का जिम्मा सौंपा जाएगा। इस कार्य को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की केटेगरी ए,बी व सी के अंतर्गत सर्विस प्रोवाइडर के तौर पर चयनित एजेंसी को पूर्ण करना होगा। माना जा रहा है कि अगस्त के पहले हफ्ते में एजेंसी निर्धारण की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विभाग राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित दिव्यांगजन विभाग की योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने और निगरानी के लिए इस वेब पोर्टल का विकास करा रहा है। यह पोर्टल आवेदक डाटा प्रबंधन और आवेदक को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता के लिए भी उत्तरदायी होगा। सभी डाटा क्लाउड सर्वर पर होस्ट किए जाएंगे ताकि विवरण तक आसानी से पहुँचा जा सके।

यूजर मैनेजमेंट सिस्टम (यूएमएस) को उपयोगकर्ताओं और उनके खातों के प्रभावी प्रबंधन के रूप में परिभाषित किया जाता है, और वेब पोर्टल के विकास के जरिए इस प्रक्रिया को डिजिटली एक्सेस किया जा सकेगा।

## विधानसभा अध्यक्ष ने दिलाई चार नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानसभा** अध्यक्ष सतीश महाना ने सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में नवनिर्वाचित चार विधायकों को विधानसभा की शपथ दिलाई। इनमें नवनिर्वाचित विधायक ददरौल शाहजहांपुर स अरविंद कुमार सिंह, लखनऊ पूर्व से ओपी श्रीवास्तव, गैसड़ी बलरामपुर स राकेश कुमार यादव तथा दुद्धी सोनभद्र से विजय सिंह शामिल हैं।

इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने उन्हें संविधान एवं विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली 2023 की प्रति भेंट की। विधान सभा अध्यक्ष ने सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि वह विधानसभा में एक जागरूक एवं सफल विधायक के रूप में कामयाब हो और सार्वजनिक जीवन में यशस्वी हो। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नवनिर्वाचित विधायक सदन में होने वाले वाद-विवाद में हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस अवसर पर विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

## लंबी दूरी के दो एक्सप्रेस-वे को आपस में जोड़ेंगे कई छोटे लिंक एक्सप्रेस-वे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सभी एक्सप्रेस-वे को आपस में एक दूसरे से कनेक्ट करने में जुटी योगी सरकार

**सात** साल पहले अच्छी फोर लेन सड़कों के लिए तरसने वाला उत्तर प्रदेश आज आधा दर्जन से अधिक एक्सप्रेस-वे (ई-वे) के जरिए द्रुत गति से सूबे के जिलों को आपस में कनेक्ट कर रहा है। प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद बीते सात साल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश में यूपी में ई-वे का लंबा जाल बिछ चुका है। इसके साथ ही लिंक ई-वे और संपर्क ई-वे की भी बड़ी श्रृंखला प्रदेश में कायम हो रही है, जिनके जरिए छोटे जनपदों को भी बड़े ई-वे के साथ जोड़ा जा रहा है। इससे जहां यात्रा तो आरामदायक होगी ही, साथ ही सफर की देरी भी घटेगी। प्रदेश में इस वक्त बलिया लिंक ई-वे (131 किमी) के अलावा चित्रकूट लिंक ई-वे (15.20 किमी), आगरा लखनऊ ई-वे से पूर्वांचल ई-वे तक लिंक एक्सप्रेस-वे (61.60 किमी), गंगा एक्सप्रेस-वे से आगरा एक्सप्रेस-वे वाया फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस-वे (93 किमी), यमुना एक्सप्रेस वे से गंगा एक्सप्रेस-वे वाया बुलंदशहर लिंक एक्सप्रेस-वे (84किमी) निर्माणाधीन या प्रस्तावित हैं। इन लिंक ई-वे के किनारों पर जहां सोलर पार्क डेवलप किये जाएंगे, वहीं इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन और जनसुविधा केंद्रों को भी विकसित किया जाएगा। योगी सरकार प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेस-वे और लिंक एक्सप्रेस-वे का जाल बुन रही है। बात बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे की करें तो यह गाजीपुर से बलिया के बीच की दूरी तय करेगी। इसके लिए 1600 करोड़ रुपए एनएचएआई द्वारा उपलब्ध कराए गये हैं। वहीं चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे जो कि शुरुआत में 4 लेन का होगा और जिसे आगे चलकर 6 लेन का बनाया जाएगा।

## विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बने लाल बिहारी यादव, उप नेता मो. जासमीर अंसारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी ने विधान परिषद सदस्य लाल बिहारी यादव को उत्तर प्रदेश विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष घोषित किया है जबकि उप नेता मो. जासमीर अंसारी को बनाया गया है। इसी तरह से समाजवादी पाटी प्रमुख अखिलेश यादव की संस्तुति पर किरनपाल कश्यप को मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया है जबकि आशुतोष सिन्हा को विधान परिषद को सचेतक बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि लाल बिहारी यादव परिषद सदस्य में सपा दल के नेता भी रहे हैं लेकिन अभी तक सपा के पास नेता प्रतिपक्ष बनाने के लायक सदस्य संख्या नही थी। पांच मई शा रिक्त हुए 13 पदों के चुनाव में सपा को तीन सीटें मिलीं। अब विधान परिषदश सपा के सदस्यों की संख्या कुल दस हो गई है, जो नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए आवश्यक सदस्य संख्या के बराबर है।

## एनएसयूआई छोड़कर दर्जनों छात्र सपा में शामिल

**सपा** प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के समक्ष समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्जनों छात्रों ने कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। एनएसयूआई छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले छात्र नेताओं में शुभम खरवार, आनन्द दिवाकर, रूपल रावत, हर्षित शुक्ला, आदर्श राव, अंकित कुमार गौतम, प्रणव श्रीवास्तव तथा विकास पटेल है।

## सावन के पहले सोमवार को बाबा के दरबार में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ वाराणसी

● ढाई लाख से अधिक भक्तों ने किया बाबा का दर्शन-पूजन, चढ़ाया श्रद्धा का जल

**नव्य**-भव्य श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रावण मास के पहले दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। इस दौरान शाम छह बजे तक ढाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के चरणों में श्रद्धा का जल चढ़ाया। मंगला आरती के बाद मंदिर का कपाट खुलने के साथ ही काशी हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठी। शिवभक्तों के स्वागत के लिए एक तरफ जहां रेड कॉरपेट बिछाया गया था तो वहीं दूसरी तरफ प्रशासनिक अधिकारियों ने भोले के भक्तों पर पुष्प वर्षा की। बाबा के दर्शन के लिए रविवार रात से ही भक्तों की क़तार लग गई थी।

सोमवार दोपहर बाद हुई बारिश ने भी बाबा को अपनी श्रद्धा निवेदित की। श्रावण मास के पहले सोमवार को शाम 8 बजे तक 2.69309 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने राजराजेश्वर काशी पुराधिपति के दरबार में शीश नवाया। आस्था के जनसैलाब को देखते होते योगी सरकार के निर्देश पर काशी विश्वनाथ धाम में सुविधा के साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किये गए थे। सोमवार को काशी केसरिया रंग में रंगी हुई दिखाई दी। बाबा के जलाभिषेक के लिए महादेव के भक्त रविवार रात से ही काशी में जुटने लगे थे। बाबा का कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुला तो आस्था में डूबे भक्त बाबा के चौखट तक पहुंचे और शीश झुकाकर बाबा पर जल चढ़ाया। पूरी काशी हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठी। सावन के पहले सोमवार को बाबा के चल प्रतिमा के स्वरुप का श्रृंगार हुआ,भक्त बाबा विश्वनाथ के इस स्वरूप का दर्शन करके निहाल हुए।

## हाथरस कांड की जांच कर रहे न्यायिक आयोग को कार्यालय आवंटित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन के क्रम में विगत 2 जुलाई 2024 को ग्राम फुलरई मुगलगढ़ी, थाना सिकंदरामऊ, जिला हाथरस में साकार नारायण विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग कार्यक्रम में घटित घटना की जांच हेतु गठित तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग के कार्यालय उपयोग हेतु कक्षों का आवंटन किया गया है। गृह विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि विकास भवन, प्रथम तल, लखनऊ में बृजेश कुमार श्रीवास्तव (द्वितीय), न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) इलाहाबाद उच्च न्यायालय, अध्यक्ष एवं स्टाफ के लिए कक्ष संख्या 114 से 117, हेमन्त राव (सेवानिवृत्त आईएएस) सदस्य एवं स्टाफ हेतु कक्ष संख्या 107 व 104 एवं भवेश कुमार सिंह (सेवानिवृत्त आईपीएस) सदस्य एवं स्टाफ हेतु कक्ष संख्या 108 व 105 का आवंटन किया गया है।

## सांसद रविकिशन की पत्नी को धमकी देने व करोड़ों की रंगदारी मांगने का मामला

## मुंबई के अभियुक्तों की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई 29 जुलाई को



विधि संवाददाता। लखनऊ

**गोरखपुर** के सांसद व फ़िल्म एक्टर रविकिशन शुक्ल को बलात्कार के झूठे मुक़दमे में फंसाने की धमकी देकर करोड़ों की रंगदारी मांगने व खुद को उनकी कथित पत्नी बताने वाली अपर्णा सोनी, बेटी शिनोवा व राजेश प्रेम नाथ सोनी की ओर से सत्र अदालत में अग्रिम जमानत अर्ज़ी दाखिल की गई है। ज़िला जज ने इस अर्ज़ी पर सुनवाई के लिए 29 जुलाई की तारीख़ तय की है। बीते 16 अप्रैल को इस मामले की रिपोर्ट रविकिशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने हज़रतगंज थाने में दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक मुंबई की रहने वाली अपर्णा सोनी उर्फ़ अपर्णा ठाकुर ने उन्हें धमकी देते हुए कहा कि उसके संबंध अंडरवर्ल्ड माफिया से है। यदि उसकी बात नहीं मानी गई तो वह उसके पति रविकिशन को बलात्कार के झूठे मुक़दमे में फंसाकर गोरखपुर से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ रहे उसके पति की छवि को धूमिल कर देगी। उसने जान से मारने की धमकी देते हुए 20 करोड़ रु की रंगदारी मांगी। यह भी आरोप है कि 15 अप्रैल को अपर्णा ने लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की और रविकिशन पर मनगढ़ंत आरोप लगाए।

## जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदानः केशव प्रसाद मौर्य



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय-7 कालीदास मार्ग पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगजनो, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना। जनता दर्शन में सम्भल, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, पीलीभीत, हाथरस, अलीगढ़, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मैनपुरी, कन्नौज, प्रयागराज, हरदोई, आगरा, लखनऊ, देवरिया, बलरामपुर, जौनपुर रायबरेली, कासगंज, बिजनौर, शाहजहांपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, इटावा, सीतापुर लगभग 3 दर्जन ज़िलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत सम्भल, लखीमपुर व बदायुं के जिला अधिकारी, कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए।

### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राजभवन में राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से की भेंट

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को लखनऊ स्थित राजभवन में राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र जी से भेंट की और विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## कांवड़ यात्रा के निर्धारित मार्गों और शिवालयों के पास न हो गंदगी

कार्यों में लापरवाही एवं शिथिलता की शिकायत पर होगी सख्त कार्रवाईः एके शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि श्रावण मास के पवित्र महीना में आदि विश्वेश्वर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना का विशेष महत्व है। सभी श्रद्धालु अपने आराध्य को प्रसन्न करने के लिए विभिन्न प्रकार से पूजा अर्चना करते हैं। इसी क्रम में लाखों श्रद्धालु भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से कांवड़ लेकर चलते हैं, अधिकांशतः प्रदेश के मुख्य गंगा घाटों और हरिद्वार से कांवड़ यात्रा चलती है, इसमें बच्चे, बूढ़े, जवान, महिला, पुरुष सभी शामिल होते हैं। इस दौरान भक्तजन भी इन कांवड़ मार्गों पर श्रृद्धावश कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की हर संभव मदद करते है। प्रदेश सरकार भी हर संभव प्रयास कर रही है कि कहीं पर भी श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न होने पाए।

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए यह बात कहीं और कांवड़ यात्रा व आने वाले त्योहारों की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने 22 जुलाई दिन सोमवार से श्रावण मास के पहले सोमवार से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा के निर्धारित मार्गो और शिवालयों पर विशेष प्रबंध करने के निर्देश नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा की कांवड़ यात्रा मार्गों और शिवालयों के आस पास कहीं पर भी गंदगी न होने पाए, साफ सफाई के बेहतर प्रबंध किया जाए। कांवड़ यात्रा मार्गों और शिवालियों के पास स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति का भी प्रबंध किया जाए। कांवड़ यात्रा मार्गों और शिवालियों के आस पास रोशनी का आभाव न रहे, विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, विद्युत् व्यवस्था सुदृढ़ रहे, विद्युत लाइन जर्जर और पोल झुके हुए न हो। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखें, विद्युत पोल, स्टेवायर, ट्रांसफार्मर सेफ्टी जाली में उतरने वाले करंट की नियमित जांच कराते रहें, स्थाई समाधान के लिए विद्युत पोल की अर्थिंग भी चेक कराए। स्ट्रीट लाइट के जंक्शन बॉक्स की भी जांच करें। जहां कहीं पर भी सड़क किनारे लाइन नीचे हो या सड़क के पास हो वहां पर विद्युत् दुर्घटना से सावधानी के बोर्ड भी लगाए। विद्युत लाइन को संपर्क करती हुई पेड़ों की शाखाओं की छटनी कराए। बिजली के स्पर्शाघात से कोई दुर्घटना न हो इसके सभी प्रबंध किए जाएं। कांवड़ यात्रा मार्गों और शिवालय क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाए, निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए ट्रॉली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाए। कावड़ यात्रा मार्गो में स्थापित शिविरों को समय से विद्युत कनेक्शन दिया जाए। सभी डिस्काम में मॉनिटरिंग के लिए 24 घंटे कंट्रोल रूम संचालित किया जाए।

गंगा घाटों में भी बैरिकेडिंग लगाई जाए ताकि कोई भी गहरे पानी में न जाने पाए। मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि कावड़ यात्रा मार्गों और शिवालयों के पास श्रद्धालुओं को संचारी रोगों, मच्छर जनित बीमारियों से बचाने के लिए चूना, ब्लीचिंग पाउडर और दवा का छिड़काव करें। कांवड़ मार्गों और शिवालियों के पास मोबाइल टॉयलेट स्थापित किए जाएं, मार्गों पर पड़ने वाले सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की साफ सफाई पर ध्यान देंगे। पेय जलापूर्ति के लिए टैंकर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# डीएम ने जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में अकबरपुर में सुनी लोगों की समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

● भूमि विवाद से संबंधित मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर करायें निस्तारण ● अधिकारी शिकायतों का ससमय, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें : डीएम ● जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 184 शिकायतों में से 06 का हुआ मौके पर निस्तारण



जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में अकबरपुर तहसील में समस्यायें सुनते डीएम व एसपी

**कानपुर देहात।** जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम आलोक सिंह ने तहसील अकबरपुर में लोगों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक, त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 184 शिकायतें प्राप्त हुई, मौके पर 06 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शिकायतें मुख्यत: राजस्व से 129, पुलिस से 12, विकास 9, विद्युत से 10, पीओ डूडा 6, नगर निकाय 5, समाज कल्याण 4 व अन्य 9, डीपीआरओ, जल निगम, बेसिक शिक्षा आदि विभिगों से संबंधित रहीं।

प्राप्त समस्याओं/शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंएं छोटे.छोटे मामलों को भी गंभीरता पूर्वक लेकर आवश्यक कार्यवाही की जायें। तहसील समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों की शिकायतें डीएम के समक्ष लोगों द्वारा रखी गई, डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराकर, निस्तारण आख्या से जिला प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश दिये। तहसील दिवस में पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा भी पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुन कर निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मौके पर सीएमओ डा. एके सिंह, एसडीएम अकबरपुर अवनीश कुमार, क्षेत्राधिकारी अकबरपुर तनु उपाध्याय, तहसीलदार अकबरपुर, परियोजना अधिकारी वीरेन्द्र कुमार, डीपीआरओ, डीडीएजी, समाज कल्याण अधिकारी, कृषि अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीजल चोरी करते चालक व खलासी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

**मौदहा, हमीरपुर।** अपने ही ट्रक से डीजल चोरी करने वाले चालक व खलासी को मालिक ने रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी चालक व खलासी के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। गल्ला मंडी थाना नौबस्ता जनपद कानपुर के राजेश वर्मा ने राजमार्ग में ग्राम छिरका के पास रविवार की रात उनका ही ट्रक चला रहे चालक नरेंद्र कुमार निवासी छिरका व हरि नाम सिंह निवासी ग्राम पैलावर कानपुर देहात को एक व्यक्ति की मदद से अपने ही ट्रक से डीजल चोरी करते समय रंगे हाथ पकड़ लिया जिस पर राजेश समेत वहां मौजूद अन्य लोगों ने आरोपियों की अच्छी खासी धुनाई कर उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के पास से एक पिपिया में 25 लीटर चोरी किया गया डीजल, एक सटक व एक कीप बरामद की है।

# प्रथम सोमवार को भक्तो ने व्रत रखकर मंदिरों में शिव मंदिर में भोलेनाथ के किए दर्शन

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**भगवान** शिव शंकर का प्रिय सावन महीना प्रारंभ हो चुका है। आज सावन का पहला सोमवार है। इसे लेकर जिलेभर में भारी उत्साह है और सोमवार को विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भीड़ उमड़ी। श्रावण मास के प्रथम दिन सोमवार को शहर के प्रमुख शिवालयों में बाबा के दर्शन और जलाभिषेक के लिए भक्त भोर पहर से मंदिर पहुंचे।

बोल-बम के जयकारों के बीच भक्तों ने बाबा का विधिवत पूजन अर्चन किया। शहर के पांडेश्वर नाथ मन्दिर रेलवे रोड, कोतवालेश्वर महादेव घुमना, महाकाल मन्दिर अंगूरीबाग, रब्बेश्वर महादेव कादरी गेट, भूतेश्वर महादेव आवास विकास, मोटे महादेव नुनहाई कटरा, द्वादश ज्योतिर्लिंग पंडाबाग, पुठरी शिव मंदिर नवाबगंज, महाकालेश्वर कम्पिल, पत्थरवाले महादेव माधवपुर, शिव शक्ति महाकाल मन्दिर सेंट्रल जेल रखा रोड विजाथपुर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

शहर में सर्वाधिक भीड़ पांडेश्वर नाथ मन्दिर में नजर आयी। हाथों में जलाभिषेक के लिए गंगा जल से भरा लोटा और पुष्प तथा बेलपत्र लिए भक्तों की कतार और जयकारों की गूंज वातावरण को भक्तिमय बना रही थी। जहाँ गर्भगृह से सड़क तक लम्बी कतार शिवभक्तों की नजर आयी। भक्तों ने महादेव पर गंगाजल और बेल पत्र अर्पित कर भक्त सुख-समृद्धि और परिवार कल्याण की प्रार्थना की। शहर के सभी शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज रही। मंगला आरती के बाद भक्तों ने बेलपत्र, पुष्प और गंगाजल से महादेव का अभिषेक किया।

# कलश यात्रा के दौरान गूंजे हर हर महादेव के उद्घोष


नगर में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** श्री शिवमहापुराण कथा से पूर्व भव्य विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर नगर भ्रमण किया। कलश यात्रा में सबसे आगे युवा उद्योगपति प्रदीप गुप्ता सिर पर वेदी रखकर वृन्दावन से आए आचार्य रमाकान्त जी महाराज सहित श्रद्धालुओं के साथ चल रहे थे। हर हर महादेव, बम बम भोले के उदघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। पावन श्रावण मास के प्रथम सोमवार को नगर के तिर्वारोड स्थित प्रदीप गुप्ता के हाथों से सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ एकत्र हुई महिलाओं ने अपने सर पर कलश रखकर नगर के तिर्वा रोड से जीटी रोड होते हुए वापस कथा स्थल पर पहुंच कर हवन पूजन के बाद श्री शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। युवा उद्योगपति प्रदीप गुप्ता नें बताया कि श्री शिवमहापुराण कथा का भव्य वर्णन 22 जुलाई से 28 जुलाई तक दो बजे से लकर छह बजे तक वृन्दावन से आए आचार्य रमाकान्त जी महाराज द्वारा किया जायेगा। सभी भक्तगण श्री शिवकथा का रसपान कर अपने जीव को कृथार्त करें। 29 जुलाई को पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा।

# पहले सोमवार पर शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव

● मंदिरों में उमड़ी भीड़, शिवभक्तों में दिखा गजब का जोश ● शहर के ताम्बेश्वर मंदिर में भक्तों ने लाइन में लगकर किया जलाभिषेक

**फतेहपुर।** सावन मास के पहले सोमवार पर दोआबा के शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। सुबह से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में शिवालयों में भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक किया। श्रद्धालु लाइनों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते भी नजर आए। सावन का पवित्र महीना भगवान भोले शंकर का माना जाता है इसलिए इस मास में भगवान भोले शंकर की पूजा अर्चना और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। इस बार सावन मास में शुक्रादित्य योग, बुधादित्य योग, नवपंचम योग, गजकेसरी योग, कुबेर योग और शशि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। जिससे श्रावण मास का महत्व कई गुना बढ़ गया है।

वहीं श्रावण मास को लेकर शहर स्थित प्राचीन और पौराणिक ताम्बेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान भोले के भक्त उन्हें जो वस्तुएं प्रिय हैं गंगाजल, बेलपत्र, दूध और शहद आदि से उनका अभिषेक कर रहे हैं। इसके अलावा जिले के अन्य शिवालयों में भी भोर पहर से भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। जलाभिषेक करते हुए हर हर महादेव के जयकारों से मंदिर गुंजायमान रहे। मंदिरों में श्रद्धालु वर्षों से आ रहे हैं। लोगों की ऐसी आस्था और विश्वास है कि यहां आने और पूजा अर्चना करने से उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वहीं सावन के पहले सोमवार के मौके पर गंगा घाट से गंगाजल लेकर कावड़िए पहुंचे भोले बाबा का जलाभिषेक किया।

थवईश्वर में रहा भक्तों का रेला: बहुआ क्षेत्र के थवईश्वर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ जुटी। पुलिस प्रशासन को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। महिला एवं पुरुषों की अलग अलग लाइनें लगवाई गईं। जिससे बारी-बारी से भक्तों ने मंदिर पहुंच कर भोले शिवशंकर की आराधना की। वहीं मेला परिसर में लगे मेले में लोगों ने अपने जरुरत की सामानों की खरीदारी भी की। इस शिवालय में दूर-दूर से भक्त पहुंच कर पूजा अर्चना करते हैं और अपने घर परिवार की सुख समृद्धि के लिए बाबा भोलेनाथ से अर्जी लगाई। वहीं माझिल गांव स्थित महादेव मंदिर में भी भक्त पूजा के लिए लाइन में लगे रहे। इन मंदिरों में भी उमड़ी आस्था: जाफरगंज क्षेत्र के अर्गलेश्वर, सिद्धेश्वर धाम लालपुर दरौटा, गहरूखेड़ा स्थित भरथरीश्वर शिव मंदिरों में भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। हथगाम के मनकामेश्वर मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं का मंदिर में जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना निरंतर चलती दिखी। भक्तों में दिखा गजब का उत्साह: सावन माह के पहले सोमवार को भक्तों में पूजा-अर्चना को लेकर गजब का उत्साह रहा। भोर से ही भक्तों की भीड़ मंदिरों की ओर निकल पड़ी। शिवलिंग पर बेल पत्र आदि चढ़ाकर भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना की।

## ऑटो की टक्कर से वृद्ध चरवाहे की मौत, समझौता

**सुमेरपुर।** कस्बे के इमिलिया थोक निवासी एक किसान खेतों से जब वापस आ रहा था तभी ऑटो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। कस्बे के इमिलिया थोक के वार्ड संख्या नौ निवासी कामता कुशवाहा ने बताया कि उसके पिता चुन्नू कुशवाहा (70) खेतों से बकरियां चराकर देर शाम घर वापस आ रहे थे । तभी कस्बे से मौदहा की ओर जा रही ऑटो ने ब्लाक के पास टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी व पुत्र को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक के पुत्र ने बताया कि ऑटो चालक से समझौता हो गया है। जिससे पिता का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया यही बात फैक्टरी एरिया चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा ने बताई कि दोनों पक्षों का समझौता कराया।

## क्विक न्यूज

### घर के सामने कुएं में गिरकर शराबी की मौत

**फतेहपुर।** शहर क्षेत्र के आबूनगर मुहल्ला निवासी राम सजीवन लोधी का पुत्र राजकुमार लोधी शराबी था। बताते हैं कि रविवार की रात नौ बजे वह शराब के नशे में घर के सामने बने कुएं में गिर गया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो आस-पास के लोग मौके पर पहुंच उसे निकालने का प्रयास करने लगा। कई बार रस्सी पकड़कर ऊपर खींचा गया लेकिन नशे की हालत में बार-बार रस्सी छूट रही थी। तभी उसे बचाने के लिए मुहल्ले का ही चुन्नू का पुत्र अरूण नीचे उतरकर सहारा देने लगा, लेकिन वह भी कामयाब न हो सका। करीब डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने मशक्कत के बाद रात लगभग बारह बजे राजकुमार को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### रिटायर्ड ज्वाइंट डायरेक्टर के पुत्र की सड़क हादसे में मौत

**फतेहपुर।** प्रयागराज जनपद के थाना सिविल लाइन ताशकंद निवासी जय प्रकाश का पुत्र आकाश कानपुर रेलवे में जेई के पद पर तैनात था। आज सुबह आठ बजे बाइक से कानपुर जा रहा था। जैसे ही वह मंझिल गांव के समीप एनएच-2 पर पहुंचा तभी हाईवे पार कर रहे राष्ट्रीय पक्षी मोर से टकरा गई जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायल को हरदों सीएचसी पहुंचाया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सड़क किनारे मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के बघेला गांव निवासी राजन पाल का पुत्र सुरेंद्र यादव रविवार की रात खाना खाकर कमरे में सो रहा था आज सुबह उसका शव घर के बाहर रोड किनारे ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद किया है। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई धर्मपाल ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर बड़े भाई राजू, भाई राजेंद्र की पत्नी संजय देवी ने लाठी-डंडा व लात-घूसों से पीट-पीटकर हत्या करने के बाद शव को रोड किनारे फेंक दिया। उसने बताया कि घटना के बाद थाने में दी गई। तहरीर के बाद पुलिस ने राजू को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

### करंट की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के नया पुरवा नरैचा गांव निवासी स्व. राम रतन का पुत्र रामपाल आज सुबह अपने निजी नलकूप को चलाने गया था। जैसे ही वह नलकूप चालू करने लगा तभी वह करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### डीएम एसपी ने ढाई घाट का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा संयुक्त रूप से ढाई घाट पर काँवड़ यात्रा व गंगा स्नान की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा घाट पर बेरिकेडिंग कराने, प्रकाश की व्यवस्था करने व चेतावनी बोर्ड लगाने के लिये निर्देशित किया गया। घाट पर दुकान लगाये दुकानदारों को साफ सफाई रखने व खा। पदार्थों को ढक कर रखने के लिये निर्देशितकियागया, थानाध्यक्ष शमसाबाद को सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमारमिश्रा, उपजिलाधिकारी कायमगंज गजराज सिंह व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### युवती कच्चे मकान की छत गिरने से घायल


**फर्रुखाबाद।** कच्चे मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गयी। जिससे हड़कंप मच गया। छत के मलबे की चपेट में आने से युवती घायल हो गयी। उसे उपचार के लिए भर्ती किया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम गौसपुर निवासी सतीक पुत्र नसरुल्ला का कच्चा मकान है। जिसकी छत अचानक रविवार को 3 बजे भरभरा कर जमीदोज हो गयी। जिसकी चपेट में आने से युवती सहरीन बानो घायल हो गयी। उसे उपचार के लिए भर्ती किया गया।

## लोकसभा में जिले के सांसद ने उठाई मांग

**फतेहपुर।** फतेहपुर लोकसभा सीट पर हाल में समाजवादी पार्टी के टिकट पर निर्वाचित पूर्व मंत्री नरेश उत्तम पटेल ने सोमवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान इस जनपद को सूखाग्रस्त जनपद घोषित करने की मांग उठाई हैं। फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र में कम वर्षा होने के कारण सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कहा कि विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है, नहरे में पानी नहीं पहुंच रहा है। किसानों को फसलों का भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने सरकार से मांग किया कि लोकसभा क्षेत्र में जहां छह विधानसभाएं हैं और 13 ब्लॉक हैं, वहीं नहरे है लेकिन पता नहीं किन कारणों से बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है। सांसद ने कहा कि पूर्व में जब उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार थी उस समय किसानों को पूरी बिजली मिलती थी। इस समय विद्युत आपूर्ति न होने की वजह से किसानो की धान की फसल, गन्ने की फसल या जितनी भी फसले हैं एवं जिन फसलों को जल चाहिए उन फसलों को भारी नुकसान हो रहा हैं।

# सीएमओ ने पैथालाजी की मशीने की जब्त, अस्पताल भी सील

**कुरारा (हमीरपुर)।** सीएमओ ने कुरारा कस्वा में संचालित अवैध पैथालाजी केंद्रों के निरीक्षण मे एक अस्पताल को सील किया गया है। वही संचालित एक पैथालॉजी की जांच मशीने जब्त की है। जिससे कस्बे में संचालित पैथालॉजी संचालकों में हंगामा मच गया। ज्यादातर पैथालॉजी संचालक पैथालॉजी बंद कर चंपत हो गए। कस्बे के मेंन बस स्टैंड में संचालित केएमसी नामक अस्पताल में दोपहर बाद सीएमओ डा. गीतम सिंह ने जाकर दस्तावेज मांगे परंतु दस्तावेज न मिलने पर अस्पताल को सील कर दिया। वही कस्बे के बेरी तिराहे के पास संचालित कृष्णा पैथालॉजी पर जाकर नवीनीकरण के कागज मांगने पर जब संचालक को पड़ी फाइल की छायाप्रतियां दिखाई तो वो नही माने और पैथालॉजी से सीबीसी मशीनए एक्सरे मशीन माइक्रोस्कोप टेलिस्कोप ब्लड मिक्सर मशीन आदि ई रिक्से में लदवाकर अपने साथ ले गए। कार्यवाही में


सीएमओ द्वारा जबत मशीन

सीएमओ गीतम सिंह अपनी कार से नीचे भी नही उतरे वही बैठे बैठे पूरी कार्यवाही की। सीएचसी प्रभारी सुनील जायसवाल ने सभी मशीनों को ई रिक्से में लदवाकर अपने साथ ले गए। वही पैथालॉजी संचालक नरेश विश्वकर्मा ने बताया कि उसका रजिस्ट्रेशन बीते 10 वर्षो से अधिक समय से है। कस्बे में करीब आधा दर्जन अवैध पैथालॉजी संचालित है जिन्हें सीएमओ ऑफिस के दलाल चलवा रहे है। मेरी इस वर्ष रजिस्ट्रेशन रिनुअल के लिए सीएमओ ऑफिस में मार्च से फाइल पड़ी हुई है। खुद सीएमओ रिनुअल नही कर रहे है।

# संपूर्ण समाधान दिवस बिंदकी में डीएम, एसपी व जहानाबाद विधायक ने सुनीं समस्याएं

**बिंदकी (फतेहपुर)।** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील के सोहन लाल द्विवेदी राजकीय बालिका इंटर कालेज परिसर में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता व विधायक जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह की उपस्थिति में हुआ। डीएम ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का मौके पर जाकर नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक, समय से निस्तारण करें। कोई भी शिकायत लंबित न रहें। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी। शिकायतों के निस्तारण में राजस्व व पुलिस बल की सयुंक्त टीम मौके पर जाकर उसका नियमानुसार निस्तारण कराया जाये। निस्तारण की कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी कराई जाये। राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया अपने-अपने क्षेत्र की ग्राम



समाज/आरक्षित भूमि को चिन्हित कर यथा स्थिति की रिपोर्ट से अवगत कराएं। शिकायतों को पुलिस अधीक्षक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को शिकायतों का समयावधि में निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बिंदकी में कुल 305 शिकायतें प्राप्त हुई इसके सापेक्ष छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु आवश्यकतानुसार पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। एसडीएम बिंदकी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, सीएमओ, तहसीलदार बिंदकी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए मौजूद रहे। 90 शिकायतों में मौके पर 11 प्रार्थना पत्रों का ए.डी.एम. ने किया निस्तारण: सम्पूर्ण समाधान दिवस खागा तहसील सभागार कक्ष में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें फरियादियों की लगभग 90 प्रार्थना पत्रों में लगभग 11 प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण किया गया और शेष शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया। एसडीएम, क्षेत्राधिकारी बृजमोहन राय, तहसीलदार जगदीश सिंह, नायब तहसीलदार ओम प्रकाश व शशांक राय, अधिशासी, खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार सिंह, पूर्ति निरीक्षक भास्कर मिश्रा एवं हरीश रावत, अधिशासी अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी आशीष पांडेय, देवेंद्र मिश्र, शिक्षक नवल किशोर वर्मा, सहित सभी थानों के एस. आइ. एवं अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# विशेष प्रवर्तन अभियान: प्रशासन ने फील्ड में बढाई सक्रियता, दर्ज किए 16 अभियोग

● गठित टीमों ने बड़ी मात्रा में बरामद किया लहन, कच्ची शराब नष्ट

**लखीमपुर खीरी।** अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी, परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से आबकारी आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश, डीईओ राजवीर सिंह के नेतृत्व मे प्रशासन, पुलिस, आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें विशेष प्रवर्तन अभियान चला रही, जो 26 जुलाई तक चलेगा। डीईओ राजवीर सिंह ने बताया कि सभी आबकारी निरीक्षक लगातार अपने.अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे है, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये। इस प्रकार जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 16 अभियोगो को पंजीकृत



किया। 261 लीटर अवैध शराब और 1100 लहन बरामद की। सोमवार को खीरी के आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर ने ग्राम बन्नी थाना कोतवाली सदर में दबिश दीए दबिश में संदिग्ध स्थानों से कच्ची शराब और लहन सहित चढ़ी भट्ठी बरामद की। मौके पर चढ़ी भट्ठियों और लहन को नष्ट किया।

आबकारी निरीक्षक एच एन पाण्डेय क्षेत्र 2 मोहम्मदी खीरी मय स्टाफ द्वारा ग्राम साहबगंज थाना मोहम्मदी में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध स्थान से कच्ची शराब और लहन बरामद की। मौके पर लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव क्षेत्र 3 निघासन ने मय स्टाफ ग्राम बाबागंज थाना पढ़ुवाए लट्ठौवा थाना सिंगाही में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध स्थान से कच्ची शराब और लहन चढ़ी भट्ठियों के साथ बरामद हुई। चढ़ी भट्ठियों को नष्ट करते हुए 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक प्रभात तिवारी क्षेत्र 4 पलिया ने मय स्टाफ कोइराना थाना पलिया में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों, उनके पास के स्थानों से कच्ची शराब, लहन बरामद किया। मौके पर एक अभियुक्त को कच्ची शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम जहानपुर, भूसौरिया, रहेरिया चौरथिया थाना गोला में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध स्थानों से कच्ची की चढ़ी भट्ठियों सहित प्लास्टिक के पाउचों में कच्ची शराब बरामद की।

# मुख्यमंत्री के पर्यावरण संरक्षण अभियान को गर्त में ले जा रहा वन विभाग

**संडीला (हरदोई)।** एक तरफ़प्रदेश के मुख्यमंत्री सारे प्रदेश में पर्यावरण सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण का अभियान स्वंय के निर्देशन में चलाकर संसार में उत्तर प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैंए वहीं उनकी ही सरकार में वन विभाग दूसरे वृक्षों की रक्षा करना तो दूर की बातए स्वंय द्वारा स्थापित वन उपवन को भगवान भरोसे छोड़कर उसे चरागाह में परिवर्तित कर रहा है। ग्रामसभा ककराली के मजरा सेमराखेड़ा में वन विभाग ने लगभग 10 15 बीघे का वन उपवन बना रखा है। गतवर्ष इस वन उपवन में लाखों रुपए खर्च करके इसकी मेढ़बंदी करके इसमें तार लगवाए गए तथा वृक्षों का रोपण कराया गया। यहां दैनिक वेतन पर ग्राम ककराली के एक युवक की नियुक्ति भी बताई गयीए लेकिन समय बीतने के साथ देखरेख के अभाव में न केवल चाहर दीवारी पर लगाए गए सीमेंट के खंभे तोड़ डाले गए वरन उसमें लगा सारा तार भी काट लिया गया। इसके बाद यह वन उपवन भगवान भरोसे हो गया। 3 4 महीने से तो इस वन उपवन की ओर कोई झांकने भी नहीं आया। इसका परिणाम यह हुआ कि ग्राम सभा आलमपुर तथा खखरा के सैकड़ों पशुओं को इस वन उपवन में चरने के लिए छोड़ दिया गया। सनद रहे कि ग्रामसभा सेमराखेड़ा में लगभग 200 बीघा पशुचर और ग्राम समाज की भूमि हैए लेकिन इसपर राजस्वकर्मियों की मिली भगत से पैसे और पहुंच वाले लोगों ने कब्जा करके इन्हें खेतों में परिवर्तित कर दिया है। पशुओं के लिए पेट भरना लगभग नामुमकिन हो गया और उनके लिए एकमात्र सहारा यही वन उपवन बच गया। वर्तमान में भगवान भरोसे पड़े इस वन उपवन में दिनभर मवेशी चरा करते हैं। इस वन उपवन ने वन विभाग द्वारा लगाए गए कर्मी के संबंध में जानकारी करने पर पता चला कि पिछले कई महीने से चूंकि उसको विभाग ने पैसे नहीं दिएए इसलिए उसने इस वन उपवन की ओर देखना बंद कर दिया। वर्तमान हालात में गतवर्ष लगाए गए लगभग सभी पेड़ चराई के कारण जमीन से ऊपर मात्र 6 इंच रह गए हैं जिनमें पत्तियां नहीं हैं और यह जंगल कम एक ऊबड़ खाबड़ मैदान जरूर नजर आने लगा है।

# डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

● गुणवत्तापरक, समयबद्ध शिकायतों का निस्तारण करें अफसर: डीएम

**लखीमपुर खीरी।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील सदर के लोकसभागार में संपूर्ण समाधान दिवसष् आयोजित हुआ। डीएम ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से



आच्छादित कर माण् मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में हैए इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। डीएम ने न केवल शिकायत लेकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया बल्कि योजनाओं को सोगाते भी दी। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 68 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत कियेए जिसमें 08 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 28, पुलिस 17, विकास 09, नगर निकाय 05, कृषि 04, विद्युत 03, आपूर्ति 02 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।

# नेशनल हेराल्ड मामले में स्वामी, सोनिया और राहुल लिखित जवाब दाखिल करें: दिल्ली उच्च न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद सुब्रमण्यन स्वामी और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले में संक्षिप्त जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने तीनों को चार सप्ताह के भीतर दलीलों पर लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और कहा कि इसके बाद लिखित जवाब 15 हजार रुपए के मुकदमा खर्च के साथ स्वीकार किया जाएगा। अदालत ने इस मामले को बहस के लिए 29 अक्टूबर को सूचीबद्ध किया है।

उच्च न्यायालय, स्वामी द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में सुनवाई अदालत के समक्ष सबूत पेश करने का अनुरोध करते हुए दाखिल याचिका पर सुनवाई कर रहा है। इस मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं अन्य आरोपी हैं। अदालत ने 22 फरवरी 2021 को सोनिया, राहुल, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव ऑस्कर फर्नांडिज (जिनकी अब मृत्यु हो चुकी है), सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और यंग इंडिया (वाईआई) को नोटिस जारी करते हुए स्वामी की याचिका पर जवाब देने को कहा था और मामले में आगे की कार्वाई पर रोक लगा दी थी।



अदालत ने सोमवार को कहा कि कार्यवाही पर रोक का अंतरिम आदेश मामले की अगली सुनवाई की तारीख तक जारी रहेगा। कांग्रेस नेताओं का पक्ष अदालत में वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एस.चीमा और तरन्नुम चीमा ने रखा। स्वामी ने 11 फरवरी 2021 को सुनवाई अदालत के उस आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था जिसमें उन्हें अतिरिक्त सबूत पेश करने की अनुमति देने से इनकार किया गया था। स्वामी के मुताबिक नए सबूतों से सोनिया,राहुल गांधी एवं अन्य को मामले में अभियोजित किया जा सकता है।

सुनवाई अदालत ने कहा था कि सबूत रखने के लिए भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-244 के तहत स्वामी द्वारा दाखिल अर्जी पर विचार मामले में उनकी गवाही होने के बाद किया जाएगा। स्वामी ने उच्चतम न्यायालय के महासचिव (रजिस्ट्री अधिकारी), उप भूमि एवं विकास अधिकारी और आयकर विभाग के उपायुक्त सहित कई गवाहों को तलब करने और उन्हें मामले में दाखिल दस्तावेजों को सत्यापित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

सुनवाई अदालत में एक निजी फौजदारी शिकायत में सत्तारूढ़ भाजपा के नेता ने गांधी परिवार और अन्य पर धोखाधड़ी और गबन करने की साजिश रचने का आरोप लगाया था जिसके माध्यम से यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड (वाईआई) ने 90.25 करोड़ रुपए वसूलने का अधिकार प्राप्त कर लिया, जो कि नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र के मालिक एसोसिएट जर्नल्स लिमिटेड द्वारा कांग्रेस को दिया जाना था।

## जद(एस) के विधान पार्षद को यौन उत्पीड़न के मामले में सशर्त जमानत मिली

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक अदालत ने यौन उत्पीड़न के मामले में जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के विधान परिषद सदस्य सूरज रेवन्ना को सोमवार को सशर्त जमानत दे दी। रेवन्ना को पिछले महीने हासन पुलिस ने 27 वर्षीय जद(एस) कार्यकर्ता का दुराचार करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। सूरज पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के भाई हैं। प्रज्वल रेवन्ना तीन मामलों में दुष्कर्म के आरोप का सामना कर रहे हैं, इसके अलावा उन पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने का भी आरोप है। अदालत ने जमानत के लिए कई शर्तें रखी हैं जिनमें अभियोजन पक्ष के गवाहों या शिकायतकर्ता और पीड़ित को धमकाना तथा प्रभावित नहीं करना और जांच में सहयोग करना शामिल है। इसके अलावा जब भी जांच के लिए, उन्हें बुलाया जाएगा तो वह जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होंगे, न्यायालय में अपना पासपोर्ट जमा करना होगा और न्यायालय से लिखित अनुमति प्राप्त किए बिना राज्य नहीं छोड़ेंगे।

# निपाह : केरल में जान गंवाने वाले लड़के के संपर्क में आए 350 लोगों में संक्रमण का खतरा

भाषा। कोझिकोड

**दुर्लभ** संक्रमण से जान गंवाने वाले 14 वर्षीय लड़के के संपर्क में आने के कारण निपाह वायरस से संक्रमित होने के खतरे का सामना करने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 350 हो गई है, जिनमें से 101 लोग उच्च जोखिम की श्रेणी में हैं। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने सोमवार को यह जानकारी दी। केरल का स्वास्थ्य विभाग 13 लोगों के परीक्षण के परिणामों की प्रतीक्षा कर रहा है, जिनके नमूने परीक्षण के लिए कोझिकोड मेडिकल कॉलेज की विषाणु विज्ञान प्रयोगशाला और तिरुवनंतपुरम के एडवांस्ड वायरोलॉजी इंस्टीट्यूट में भेजे गए थे।

परीक्षण के लिए भेजे गए नमूनों में से छह व्यक्तियों में लक्षण दिखे हैं जिनमें से तीन लोग द्वितीयक संपर्क सूची के हैं। भले ही मृत लड़के के माता-पिता में लक्षण नहीं हैं फिर भी हमने सभी आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए उनके नमूने भी परीक्षण के लिए भेजे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि संपर्क में आए लोगों की सूची में दो व्यक्ति पलक्कड़ के हैं, जबकि चार तिरुवनंतपुरम के हैं। पलक्कड़ के दो लोग एक निजी अस्पताल में फिलहाल काम कर रहे हैं, जबकि तिरुवनंतपुरम के चार लोग इलाज के लिए पेरिंथलमन्ना पहुंचे हैं। मंत्री ने कहा कि जान गंवाने वाले लड़के के दोस्तों ने उन्हें बताया कि उसने पांडिक्काड़ पंचायत के पास के पेड़ से एक फल खाया था, जहां चमगादड़ों की मौजूदगी का पता चला है।

केरल के मलप्पुरम के 14 वर्षीय लड़के की रविवार सुबह मौत हो गई थी। निपाह संक्रमण के कारण यहां उसका इलाज चल रहा था। मंत्री जॉर्ज ने कहा कि मृत बच्चे के दोस्तों को इसके नुकसान से निपटने में मदद करने के लिए परामर्श दिया जाएगा और उनकी कक्षाएं ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। जिन लोगों पर उसके संपर्क में आने का संदेह है उन्हें स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करने और इलाज कराने के लिए कहा गया है। डॉ. बालासुब्रमण्यम के नेतृत्व में राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान की एक टीम चमगादड़ों और उनके आवासन का निरीक्षण करने के लिए आज (सोमवार) केरल पहुंचेगी। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की एक टीम पहले ही केरल पहुंच चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बुखार पर निगरानी के लिए कुल 224 टीम तैनात की गई हैं और वे पांडिक्काड़ और अनक्कयम पंचायतों में घरों में सर्वेक्षण कर रही हैं। एक बयान में मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने निपाह वायरस से निपटने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आह्वान किया था और नागरिकों से चमगादड़ों के प्राकृतिक आवासन को नष्ट न करने का आग्रह किया था।

# केरल सरकार का विदेश सचिव नियुक्त करना असंवैधानिक : भाजपा सांसद

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के एक लोकसभा सदस्य ने सोमवार को कहा कि केरल सरकार द्वारा एक भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी को विदेश सचिव के रूप में नियुक्त करना असंवैधानिक और केंद्र के अधिकारों में अतिक्रमण है। लोकसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए भाजपा सदस्य पी पी चौधरी ने कहा कि आईएएस अधिकारी के वासुकी को विदेश सचिव के रूप में नियुक्त करने वाला केरल सरकार का 15 जुलाई का आदेश स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार के अधिकारों में अतिक्रमण है।

चौधरी ने लोकसभा में कहा, क्या केरल सरकार खुद को एक अलग राष्ट्र मान रही है। केरल सरकार ने 15 जुलाई को एक आदेश जारी कर श्रम एवं कौशल विभाग के सचिव वासुकी को बाह्य सहयोग से जुड़े मामलों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा था। चौधरी ने कहा कि बाह्य सहयोग का अर्थ यह है कि विभिन्न देशों और वहां स्थित भारतीय दूतावासों और मिशन के साथ कार्य करना है, जो कार्य आवंटन नियमावली के अनुसार केंद्रीय सूची का हिस्सा है।

राजस्थान के पाली से भाजपा सांसद ने कहा, कार्य आवंटन नियमों के अनुसार, ए कार्य केवल विदेश मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार द्वारा ही किए जा सकते हैं। चौधरी ने कहा, इसलिए, केरल सरकार द्वारा ऐसा आदेश जारी करना और एक आईएएस अधिकारी को विदेश सचिव नियुक्त करना असंवैधानिक है और यह संघीय सूची में अतिक्रमण है।

# उच्चतम न्यायालय ने आशीष मिश्रा को जमानत दी, निचली अदालत से सुनवाई में तेजी लाने को कहा

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने 2021 के लखीमपुर-खीरी हिंसा मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को सोमवार को जमानत दे दी और उसे दिल्ली या लखनऊमें ही रहने का निर्देश दिया। हिंसा की इस घटना में आठ लोगों की मौत हो गई थी। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 25 जनवरी को हिंसा की इस दुर्भाग्यपूर्ण एवं भयावह घटना से जुड़े मामले में आशीष मिश्रा को अंतरिम जमानत दी थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले में आरोपी किसानों गुरुविंदर सिंह, कमलजीत सिंह, गुरुप्रीत सिंह और विचित्र सिंह को भी जमानत दे दी और निचली अदालत को सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया।

उत्तर प्रदेश में लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया में तीन अक्टूबर 2021 को हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। यह हिंसा तब भड़की थी, जब किसान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के इलाके के दौरे का विरोध कर रहे थे। इस दौरान एक एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हिकल) ने चार किसानों को कुचल दिया था। इसके बाद गुस्साए किसानों ने वाहन चालक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो कार्यकर्ताओं की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इस हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हो गई थी।

पीठ ने कहा, सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अंतरिम आदेश को पूर्ण आदेश किया जाता है... हमें सूचित किया गया है कि 114 गवाहों में से अब तक सात से पूछताछ की गई है। हमें लगता है कि मुकदमे की सुनवाई में तेजी लाने की जरूरत है। उसने कहा, हम निचली अदालत को निर्देश देते हैं कि वह अन्य लंबित समयबद्ध या अत्यावश्यक मामलों को ध्यान में रखते हुए समय सीमा तय करे, लेकिन लंबित विषय को प्राथमिकता दे। शीर्ष अदालत ने सरकारी वकील को निर्देश दिया कि वह सुनिश्चित करें कि एक दिन में कम से कम पांच गवाहों से पूछताछ की जाए और उसने निचली अदालत से स्थिति रिपोर्ट मांगी।

सुनवाई शुरू होते ही मिश्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने दलील दी कि आरोपी के पिता अब सांसद या मंत्री नहीं हैं। दवे ने कहा, वह चुनाव हार गए हैं, इसलिए मैं (आरोपी) कितना प्रभावशाली हूं, इस बारे में जो पूरा विवाद खड़ा किया गया था, वह खत्म हो गया है। इस पर पीठ ने कहा, वह मंत्री न होते हुए भी प्रभावशाली हो सकते हैं। मुकदमे की स्थिति क्या है?

पीड़ितों में से एक की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि मुकदमे की शुरुआत के 19 महीने बाद तक केवल सात गवाहों से ही पूछताछ की गई है। उन्होंने दलील दी कि इस तरह तो मुकदमा कभी खत्म नहीं होगा। दवे ने कहा कि देरी इसलिए हो रही है, क्योंकि गवाह अदालत में पेश नहीं हो रहे।

उन्होंने कहा कि उनके मुवक्किल के पास दिल्ली में घर नहीं है, क्योंकि उनके पिता चुनाव हार गए हैं। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने संबंधी शर्त अब भी लागू है। हर बार मुझे कोई न कोई जगह किराए पर लेनी पड़ती है। मैं उत्तर प्रदेश में प्रवेश भी नहीं कर सकता। मेरी दो बेटियां हैं। कृपया मुझे उत्तर प्रदेश में लखीमपुर से बाहर रहने की अनुमति दे दी जाए। इसके बाद, शीर्ष अदालत ने आदेश पारित किया कि उनकी आवाजाही दिल्ली या लखनऊ तक ही सीमित रखी जाए।

# सर्जरी के बाद शरीर में सुई छूटने के 20 साल बाद महिला को पांच लाख रुपए मुआवजा मिलेगा

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के एक निजी अस्पताल में सर्जरी के बाद एक महिला के शरीर में 3.2 सेंटीमीटर की सर्जिकल सुई छोड़ दिए जाने के लगभग 20 साल बाद उपभोक्ता फोरम ने आदेश दिया है कि अस्पताल, पीड़िता को मुआवजे के तौर पर पांच लाख रुपए देगा। कर्नाटक राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने अस्पताल और दो चिकित्सकों को जयानगर निवासी पद्मावती को मुकदमा लड़ने के खर्च के रूप में 50,000 रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया है। इसने न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को भी निर्देश दिया है कि वह पेशेवर और चिकित्सीय लापरवाही के कारण महिला को पांच लाख रुपए का भुगतान करे। इस कंपनी ने ही पॉलिसी जारी की थी। पिछले माह जारी किए गए आयोग के आदेश के अनुसार 29 सितंबर 2004 को दीपक अस्पताल के दो चिकित्सकों ने कथित तौर पर महिला की हर्निया की सर्जरी की थी और सर्जरी पूरी होने पर उसका अपेंडिक्स भी हटा दिया गया था। सर्जरी के समय महिला की उम्र 32 वर्ष थी। इसके अगले दिन महिला ने गंभीर दर्द की शिकायत की तो उसे कुछ दर्द निवारक दवाएं दी गईं। उसे आश्वासन दिया गया कि यह सर्जरी के बाद की परेशानी है और ठीक हो जाएगी। आदेश में कहा गया है कि महिला को कई वर्षों तक पेट और पीठ में तेज दर्द का सामना करना पड़ा और बाद में उसे दो बार उसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पद्मावती, 2010 में बेंगलुरु के ही एक अन्य निजी अस्पताल में पहुंची जहां जांच के दौरान पता चला कि उसके पेट और शरीर के पिछले हिस्से में कोई बाहरी चीज (सर्जिकल सुई) मौजूद थी। महिला को उसे निकलवाने का कहा गया। इसके बाद महिला की फिर से सर्जरी की गई और उसके शरीर से 3.2 सेंटीमीटर की सर्जिकल सुई को निकाला गया। इसके बाद अगले वर्ष महिला ने उपभोक्ता फोरम का दरवाजा खटखटाया और शिकायत दर्ज कराई। आदेश में कहा गया, निश्चित रूप से सर्जिकल सुई निकाले जाने तक उसे गंभीर दर्द और असुविधा का सामना करना पड़ा। इसमें कहा गया कि इसलिए वह पांच लाख रुपए का मुआवजा पाने की हकदार है और बीमा कंपनी को राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया जाता है, जबकि दोनों चिकित्सक मुकदमे के खर्च के तौर शिकायतकर्ता को 50,000 रुपए देंगे।

## मुंबई में हिट एंड रन का एक और मामला : ऑडी कार ने दो ऑटोरिक्शा को मारी टक्कर, चार लोग घायल

**मुंबई।** मुंबई के मुलुंड इलाके में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर शराब के नशे में, अपनी तेज रफ्तार ऑडी कार से दो ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने मामले में कांजुरमार्ग निवासी दत्तात्रेय गोरे (43) को उसकी बहन के घर से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद आरोपी मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया था। अधिकारी ने बताया कि हादसा डम्पिंग रोड पर सुबह करीब छह बजकर 15 मिनट पर हुआ और पुलिस ने बाद में कार को जब्त कर लिया। कार ने दो ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे दो चालक और दो यात्री घायल हो गए। घायलों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के रक्त का नमूना कलीना फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भेजा था। जांच में पता चला कि हादसे के समय वह शराब के नशे में था।

# खेल संघों में चुनाव से अध्यक्ष और सचिव बनते है तो उनमें राजनीति तो होगी ही: रीजीजू

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को पेरिस ओलंपिक के विषय पर चर्चा के दौरान खेल संघों में राजनीति का विषय उठा तो संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि इन संघों में चुनाव के माध्यम से अध्यक्ष और सचिव चुने जाते हैं तो राजनीति होनी ही है, वहीं तृणमूल कांग्रेस सांसद कीर्ति आजाद ने कहा कि अगर खेल संघों में लड़ाई होगी तो खेल मंत्रालय की क्या जिम्मेदारी है। सदन में नियम 193 के तहत आगामी ओलंपिक में भारत की तैयारी विषय पर चर्चा के दौरान जब समाजवादी पार्टी के सदस्य नीरज मौर्य ने खेल संघों में राजनीतिक लोगों के चुने जाने और प्रतिद्वंद्विता सामने आने का जिक्र किया तो संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू ने कहा कि खेल संघों में चुनाव होते हैं तो राजनीति तो होगी ही।

मौर्य ने पिछले साल जंतर मंतर पर महिला पहलवानों के प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा, खेलों से राजनीति दूर हो। अगर ऐसा नहीं हुआ तो जंतर मंतर पर जो हुआ वो ही होता रहेगा। खेल संघों में खेल से जुड़े लोगों को ही मौका मिलना चाहिए।

इस पर पूर्व खेल मंत्री रीजीजू ने कहा, खेल संघों में राजनीति होनी ही है क्योंकि उनमें चुनाव से अध्यक्ष, सचिव बनते हैं। उन्होंने कहा, उस राजनीति को यहां नहीं लाएं। ओलंपिक की तैयारी पर बात हो रही है, आप उस पर बात कीजिए, राजनीतिक भाषण मत कीजिए। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा समेत अन्य विपक्षी सदस्यों से कहा, मेरा एक अनुरोध है कि आप चर्चा पर मंत्री का जवाब भी सुनिए। आप आरोप लगाकर सदन से चले जाते हैं और सुनने के लिए नहीं बैठते। खेलों के लिए दस साल में मोदी सरकार ने कितना काम किया है, उसे सुनिए। मोदी सरकार ने खेलों के लिए जो किया है, 75 साल में किसी सरकार ने नहीं किया। तृणमूल कांग्रेस के सदस्य कीर्ति आजाद ने संसदीय कार्य मंत्री के बयान का जिक्र करते हुए कहा, (खेल संघों में) लड़ाई क्यों होगी? अगर लड़ाई होगी तो खेल मंत्रालय की जिम्मेदारी क्या है?

## किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी के समय पुलिस को कानून के तहत प्रक्रिया का पालन करना चाहिए : उच्च न्यायालय

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार एक व्यक्ति को रिहा करने का आदेश देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी बहुत कठोर और हताशाजनक स्थिति में की जाती है, इसलिए पुलिस को कानून में निर्धारित सभी प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए, अन्यथा यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने व्यक्ति की गिरफ्तारी को अवैध करार दिया, क्योंकि पुलिस ने उसे इसकी वजह लिखित में नहीं बताई थी। अदालत के 18 जुलाई के फैसले की प्रति सोमवार को उपलब्ध हुई। पुलिस को किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने से पहले निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए। बिना उचित प्रक्रिया का पालन किए किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी उसे स्वतंत्रता के अधिकार से वंचित करने के समान है।

# विदेशी भारतीयों का धन 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़कर 124 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** विदेश में बसे भारतीयों द्वारा भारत में भेजा गया धन (रेमिटेंस) 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़कर 124 अरब डॉलर हुआ। 2025 में इसके 129 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। आर्थिक समीक्षा में यह बात कही गई। भारत के धन प्रेषण का प्राथमिक स्रोत तेल निर्यातक देश हैं। विश्व बैंक के अनुसार, भारत की सबसे अधिक प्रवासी आबादी है और यह सबसे ज्याद धन प्रेषण प्राप्त करने वाला देश है। भारत में 2023 में 120 अरब अमेरिकी डॉलर भेजे गए थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में सोमवार को पेश आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि भारत में 2024 के लिए धन प्रेषण का परिदृश्य मजबूत है। इसमें 3.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। इसमें कहा गया कि भारत की प्रवासी आबादी में अधिकतर उच्च आय वाले ओईसीडी बाजारों में कार्यरत उच्च कुशल श्रमिकों का एक बड़ा हिस्सा तथा जीसीसी बाजारों में कार्यरत कम कुशल प्रवासी शामिल हैं।

समीक्षा में कहा गया, संयुक्त अरब अमीरात और सिंगापुर जैसे स्रोत देशों के साथ अपने एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) को जोड़ने के भारत के प्रयासों से लागत में कमी आने और धन प्रेषण में तेजी आने की उम्मीद है। धन प्रेषण में 2023 में वृद्धि मुख्य रूप से घटती मुद्रास्फीति और अमेरिका तथा यूरोप में मजबूत श्रम बाजारों (भारत के कुशल प्रवासियों के लिए सबसे बड़े गंतव्य) और अन्य ओईसीडी गंतव्यों के साथ-साथ जीसीसी देशों में कुशल और कम-कुशल श्रमिकों की सकारात्मक मांग के कारण हुई। शुद्ध सेवा प्राप्तियां 2022-23 में 143.3 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 162.8 अरब डॉलर हो गईं। इसकी मुख्य वजह सॉफ्टवेयर, यात्रा तथा व्यावसायिक सेवाओं का बढ़ता निर्यात रहा।

# बंगाल के आलू कारोबारियों का उत्पीड़न के खिलाफ हड़ताल का आह्वान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के आलू कारोबारियों ने दूसरे राज्यों के कारोबारियों को आलू बेचने में राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन के कथित उत्पीड़न को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया है। कारोबारियों की हड़ताल से आलू की पहले से ही बढ़ी कीमतों में और बढ़ोतरी होने की आशंका है। आकार और किस्म के हिसाब से ए कीमतें 36-40 रुपए प्रति किलोग्राम के बीच हैं। प्रगतिशील आलू व्यापारी संघ (पीपीटीए) ने रविवार से हड़ताल का आह्वान किया है। संगठन का आरोप है कि अधिकारी आलू लादकर पड़ोसी राज्यों में जाने वाले ट्रकों को अवैध रूप से रोक रहे हैं। पीपीटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सरकार की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है, और हड़ताल जारी रहेगी। सरकार नए कानून के तहत आलू की आवाजाही को नहीं रोक सकती है। हालांकि हड़ताल पर राज्य प्रशासन की कोई टिप्पणी नहीं आई है। लेकिन ऐसा माना जाता है कि सरकार बंगाल के उपभोक्ताओं के लिए कीमतों को नियंत्रित करने के लिए आलू के निर्यात को प्रतिबंधित कर रही है। कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के एक सूत्र ने कहा, राज्य भर में व्यापारियों की हड़ताल के कारण कोई खरीदार नहीं आया है। आलू को कोल्ड स्टोरेज से बाहर नहीं निकाला जा सका है। उन्होंने बताया कि दूसरे राज्यों को बेचे जाने वाले आलू छोटे आकार के हैं, जिनकी खपत पश्चिम बंगाल में नहीं होती है, लेकिन पड़ोसी राज्यों में इसकी मांग है। कृषि कार्यबल के साथ हाल ही में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अधिकारियों को आलू की कीमतों में कटौती के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया था।

# पेज 1 का शेष

## आर्थिक....

होता है। दूसरा, कई मुद्दे हैं जो आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और उत्पादकता को प्रभावित करते हैं और उनपर उठाए जाने वाले कदम राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, दूसरे शब्दों में, देश के लोगों की ऊंची और बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करने और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत को पहले से कहीं अधिक त्रिपक्षीय समझौते की जरूरत है। समीक्षा में चीन से प्रत्यक्ष निवेश को बढ़ावा देने और उस देश से आयात को कम करने का आह्वान किया गया।

## नीट...

बाहर चले गए। सदन में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाये। बाद में मीडिया से बात करते हुए राहुल ने कहा कि विपक्ष सरकार पर दबाव बनाने के लिए इस मुद्दे को उठाता रहेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वह सदन में मंत्री के जवाब से संतुष्ट हैं, राहुल ने कहा कि मंत्री को जवाब देना चाहिए। 'उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के बारे में बात की, उन्होंने प्रधानमंत्री के बारे में बात की, लेकिन शायद उन्हें समझ नहीं आया और वह यह बताने में सक्षम नहीं थे कि वह इसके (नीट) के बारे में क्या कर रहे थे।' नीट परीक्षा का मुद्दा लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान चर्चा के लिए आया और विपक्ष के नेता समेत कई विपक्षी नेताओं ने कहा कि देश की परीक्षा प्रणाली में एक बहुत गंभीर समस्या है।

## विपक्ष ने....

उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, जनवरी 2029 चुनाव का वर्ष होगा। आप उसके बाद जाइए मैदान में। सदन का भी उपयोग करना है, कर लीजिए। वह (आम चुनाव से पहले के) छह महीने, जो खेल खेलने हैं, खेल लीजिए। लेकिन तब तक सिर्फ और सिर्फ देश, देश के गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को सशक्त करने के लिए जनभागीदारी का एक जन आंदोलन खड़ा कर 2047 के सपने को पूरा करने के लिए हम पूरी ताकत लगाएं। मोदी ने कहा कि उन्हें बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि 2014 के बाद कोई सांसद पांच वर्ष के लिए आया और कुछ को 10 साल के लिए मौका मिला लेकिन बहुत से सांसद ऐसे थे, जिनको अपने विचारों से संसद को समृद्ध करने का अवसर ही नहीं मिला। उन्होंने किसी पार्टी का नाम लिए बिना कहा, क्योंकि कुछ दलों की नकारात्मक राजनीति ने देश की संसद के महत्वपूर्ण समय को एक प्रकार से अपनी राजनीतिक विफलताओं को ढंकने के लिए दुरुपयोग किया है।

## कांवड मार्ग...

कई श्रद्धालु पवित्र माने जाने वाले इस महीने में मांस का सेवन वर्जित मानते हैं। राज्य सरकारों के भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने संबंधी निर्देशों को लेकर विवाद छिड़ गया है और भाजपा सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) भी उन दलों में शामिल हो गया है जो इन्हें वापस लेने की मांग कर रहे है। विपक्षी दलों ने संसद में इस मुद्दे को उठाने का फैसला किया है। पीठ ने इस मामले पर आगे की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी। उसने कहा, हम उपरोक्त निर्देशों के प्रवर्तन पर रोक लगाने के लिए अंतरिम आदेश पारित करना उचित समझते हैं। दूसरे शब्दों में, खाद्य विक्रेताओं को यह प्रदर्शित करने के लिए कहा जा सकता है कि उसके पास कौन से खाद्य पदार्थ हैं लेकिन उन्हें मालिकों, स्टाफ कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से सोमवार को अदालत में कोई पेश नहीं हुआ। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकारों के निर्देश को चुनौती देने वाली सांसद महुआ मोइत्रा, शिक्षाविद अपूर्वानंद झा, स्तंभकार आकार पटेल और गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की याचिका समेत कई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या इस मामले में कोई औपचारिक आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में एक परोक्ष आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने संबंधी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड का आदेश पहचान के आधार पर बहिष्कार है और यह संविधान के खिलाफ है। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह ने कहा कि राज्य के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि आदेश का अनुपालन स्वैच्छिक है, लेकिन इसे बलपूर्वक लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह आदेश का कोई वैधानिक आधार नहीं है। कोई भी कानून पुलिस आयुक्त को ऐसा करने का अधिकार नहीं देता। सिंघवी को अतिशयोक्ति से बचने के लिए कहते हुए पीठ ने कहा, इन आदेशों से सुरक्षा और स्वच्छता के आयाम भी जुड़े हैं। सिंघवी ने कहा कि कांवड़ यात्रा दशकों से जारी है और विभिन्न धार्मिक आस्थाओं- इस्लाम, ईसाई और बौद्ध धर्म के लोग कांवड़ियों की मदद करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुओं द्वारा संचालित कई शाकाहारी होटल और रेस्तरां में मुस्लिम और दलित कर्मचारी हैं। उन्होंने कहा, मैं कई बार हरिद्वार मार्ग पर गया हूं। वहां हिंदुओं द्वारा संचालित कई शुद्ध शाकाहारी रेस्तरां हैं। लेकिन अगर उनमें मुस्लिम या दलित कर्मचारी हैं, तो क्या मैं कह सकता हूं कि मैं वहां खाना नहीं खाऊंगा? क्योंकि भोजन किसी न किसी तरह से उनके (मुस्लिम कर्मचारियों) द्वारा छुआ जाता है। उन्होंने कहा, ये निर्देश बिना किसी कानूनी अधिकार के जारी किए गए हैं। वे चालाक बन रहे हैं। अगर मैं जानकारी देता हूं, तो मुझसे घृणा की जाएगी। अगर मैं जानकारी नहीं देता हूं, तो भी मुझसे घृणा की जाएगी। मेरे नाम बताने का क्या तर्क है? सिंघवी ने खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 का हवाला देते हुए कहा कि कानून के तहत मालिकों के लिए अपने भोजनालयों का नाम अपने नाम पर रखना अनिवार्य नहीं है।

## बिहार ....

ध्यान देने की जरूरत थी। उन्होंने कहा कि इनमें पर्वतीय और दुर्गम भूभाग, कम जनसंख्या घनत्व या आदिवासी जनसंख्या की बड़ी हिस्सेदारी, पड़ोसी देशों के साथ सीमाओं पर रणनीतिक स्थान, आर्थिक और बुनियादी संरचना के लिहाज से पिछड़ापन और राज्य के वित्त की अलाभकारी प्रकृति शामिल रहीं। चौधरी ने कहा कि फैसला उक्त सूचीबद्ध सभी कारकों और किसी राज्य की विशिष्ट स्थिति के एकीकृत विचार के आधार पर लिया गया था। उन्होंने कहा, पूर्व में विशेष श्रेणी के दर्जे के बिहार के अनुरोध पर एक अंतर-मंत्रालई समूह (आईएमजी) द्वारा विचार किया गया था, जिसने 30 मार्च 2012 को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। आईएमजी ने यह निष्कर्ष निकाला था कि एनडीसी के मौजूदा मानदंडों के आधार पर बिहार के लिए विशेष श्रेणी के दर्जे का मामला नहीं बनता है। वर्ष 2012 में कांग्रेस नीत संप्रग सरकार केंद्र में थी। रविवार को सर्वदलीय बैठक में जद(यू) नेता संजय कुमार झा ने विशेष राज्य के दर्जे की अपनी पार्टी की मांग दोहराई थी।

## जम्मू...

विलेज डिफेंस गार्ड के लिए खतरे की आशंका जताते हुए खुफिया जानकारी पर कार्रवाई की गई। सुरक्षा बलों की टीमों ने तेजी से हस्तक्षेप किया, जिससे कि वीडीसी सदस्य और उनके परिवार को कोई नुकसान न हो। ऑपरेशन और गोलाबारी जारी है। निवासियों में विश्वास पैदा करने के लिए अतिरिक्त सैनिक दिन के दौरान क्षेत्र में तैनात रहे।

## नीट यूजी....

तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने का अनुरोध करते हैं। निदेशक द्वारा गठित विशेषज्ञ टीम से अनुरोध है कि वह सही विकल्प पर राय तैयार करें और कल (मंगलवार) दोपहर 12 बजे तक रजिस्ट्रार को राय भेजें। पीठ ने शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार जनरल से कहा कि वह आईआईटी-दिल्ली के निदेशक को आदेश से अवगत कराएं। पीठ विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर मंगलवार को भी सुनवाई जारी रखेगी। इससे पहले दिन में, नीट-यूजी अभ्यर्थियों की ओर से पेश एक वकील ने शीर्ष अदालत को बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने प्रश्नपत्र लीक होने और लीक हुए प्रश्नपत्र को व्हाट्सएप के माध्यम से साझा किए जाने की बात स्वीकार की है। पीठ ने नीट-यूजी 2024 को रद्द करने का अनुरोध कर रहे याचिकाकर्ताओं से यह दर्शाने को कहा कि परीक्षा आयोजित करने में व्यवस्थागत विफलता हुई थी।पीठ ने कहा कि अब तक रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जो यह दर्शाए कि प्रश्नपत्र लीक व्यापक स्तर पर हुआ था।

# कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों के लिए नाम प्रदर्शित करना अनिवार्य नहीं

**मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने स्पष्ट किया कि उसने राज्य में कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को अपना नाम प्रदर्शित करने के लिए कोई निर्देश जारी नही किया है**



**भाषा।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** की भाजपा सरकार ने स्पष्ट किया है कि उसने राज्य में कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को अपना नाम प्रदर्शित करने के लिए कोई निर्देश जारी नहीं किया है। यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों पर दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने के निर्देश को लेकर उत्तर प्रदेश में विवाद के बीच मध्य प्रदेश सरकार ने शहरी निकायों से किसी भी तरह का भ्रम फैलाने से बचने को कहा है। शहरी विकास एवं आवास विभाग (यूडीएचडी) ने रविवार रात एक बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की। इससे कुछ दिन पहले उज्जैन के महापौर ने दावा किया था कि दुकानदारों को बोर्ड पर अपना नाम और फोन नंबर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया है। यूडीएचडी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों के नाम बोर्ड पर लिखने के संबंध में राज्य सरकार के स्तर पर कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है। उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल ने पिछले सप्ताह महापौर परिषद के 26 सितंबर 2002 के एक कथित निर्णय का हवाला देते हुए दावा किया था कि दुकानदारों से अपना नाम प्रदर्शित करने के लिए कहने वाले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने दावा किया था कि मंजूरी को आपत्तियों के लिए राज्य सरकार के पास भेज दिया गया है और सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। ऐसी खबरों को गलत बताते हुए यूडीएचडी ने शहरी निकायों को कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकान मालिकों को दिए गए निर्देशों के बारे में भ्रम फैलाने से बचने का निर्देश दिया। यूडीएचडी ने इस बात पर जोर दिया कि मध्य प्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम-2017 दुकान मालिकों को बोर्ड पर अपना नाम प्रदर्शित करने के लिए बाध्य नहीं करता है। विभाग ने कहा, मध्य प्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम-2017 के तहत दुकानों पर बोर्ड लगाए जा सकते हैं। इन बोर्ड पर दुकान मालिक का नाम प्रदर्शित करने की कोई बाध्यता नहीं है। महापौर की टिप्पणियों के बाद उज्जैन नगर निगम ने भी पुष्टि की कि शहर में दुकान के बोर्ड पर नाम और फोन नंबर प्रदर्शित करने को अनिवार्य बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। इसके अलावा, भाजपा विधायक रमेश मेंदोला ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर दुकान मालिकों द्वारा अपने नाम गर्व से प्रदर्शित करने का समर्थन किया। मेंदोला ने तर्क दिया कि नाम प्रदर्शित करना व्यक्तिगत गौरव और ग्राहक अधिकार का मामला है, न कि ऐसा कुछ जिसे अनिवार्य या हतोत्साहित किया जाना चाहिए। विधायक ने दावा किया, मध्य प्रदेश में हर छोटे-बड़े व्यापारी, व्यवसाई और दुकानदार को अपना नाम बताने में गर्व की अनुभूति होगी उत्तर प्रदेश में विवाद तब शुरू हुआ था, जब मुजफ्फरनगर पुलिस ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों को भ्रम से बचने के लिए मालिकों के नाम प्रदर्शित करने का आदेश दिया था। इस निर्देश की विपक्षी दलों और सत्तारूढ़ गठबंधन के कुछ सदस्यों ने आलोचना की है, जिनका तर्क है कि यह समुदाय विशेष के व्यापारियों को गलत तरीके से निशाना बनाता है।

## तेलंगाना में भी भोजनालय मालिकों के नाम प्रदर्शित किए जाएं : राजा सिंह

**हैदराबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों के मालिक के नाम प्रदर्शित करने संबंधी आदेश से पैदा हुए विवाद के बीच, अक्सर विवादों में रहने वाले तेलंगाना से भाजपा विधायक राजा सिंह ने कहा है कि उनके राज्य में भी यह लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को खाने-पीने की चीजें केवल हिंदू दुकानदारों से ही खरीदनी चाहिए। इस बीच, उच्चतम न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों द्वारा जारी उन निर्देशों पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी, जिनमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, उनमें काम करने वालों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है। राजा सिंह ने सोमवार को अपने भाषण का एक वीडियो जारी कर कांवड़ यात्रा के मार्ग पर खाने-पीने की चीजों की दुकानों पर उनके मालिक का नाम प्रदर्शित करने का आदेश देने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की। अपने विभाजनकारी भाषणों के लिए चर्चा में रहने वाले राजा सिंह ने कहा, पिछली बार हमने देखा था कि कांवड़ियों को भोजन उसमें थूककर परोसा गया था। उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश का संदर्भ देते हुए उन्होंने उसके फैसले की प्रशंसा करते हुए कहा कि हिंदू अब जान पाएंगे कि वे किसके भोजनालय में खाना खा रहे हैं। हैदराबाद की गोशामहल विधानसभा सीट से विधायक सिंह ने कहा, ऐसी चीज तेंलगाना में भी होनी चाहिए जहां कांवड़ यात्रा होती है। तेलंगाना ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश, असम और उन राज्यों में भी अनुकरण किया जाना चाहिए जहां भाजपा की सरकारें हैं।

# देश के भूजल स्तर में छह प्रतिशत का सुधार हुआ: जल शक्ति मंत्री



**नई दिल्ली** (भाषा) सरकार ने सोमवार को बताया कि देश के भूजल स्तर में छह प्रतिशत का सुधार हुआ है और भूजल सुरक्षित क्षेत्र भी 63 प्रतिशत से बढ़ कर 73 प्रतिशत हो गया है। जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी देते हुए बताया कि भूजल स्तर में गिरावट 2017 में 17 प्रतिशत थी जो 2023 में घट कर 11 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने कहा इस प्रकार भूजल स्तर में छह प्रतिशत का सुधार हुआ है।निर्दलीय सदस्य कार्तिकेय शर्मा के पूरक प्रश्न के उत्तर में पाटिल ने यह भी बताया कि भूजल सुरक्षित क्षेत्र भी 63 प्रतिशत से बढ़ कर 73 प्रतिशत हो गया है।बीजद के सुजीत कुमार के पूरक प्रश्न के उत्तर में पाटिल ने बताया कि देश स्वाधीनता के 75 वर्ष पूरे होने पर मनाए गए अमृत महोत्सव के दौरान, हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाए गए और इसका सकारात्मक परिणाम मिला है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकारों से मिली रिपोर्ट के अनुसार, भूजल स्तर बढ़ा है और उसकी गुणवत्ता भी सुधरी है लेकिन यह कार्य सतत करते रहना होगा वरना भूजल स्तर नीचे चला जाएगा। उन्होंने कहा वर्षा जल संरक्षण के लिए भी ध्यान देना होगा। मंत्रालय ने इस बारे में विभिन्न योजनाएं बनाई हैं। पाटिल ने कहा कि पानी को साफ रखने के लिए और स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने के लिए सरकार की ओर से पूरी कोशिश की जा रही है। भाजपा के केसरीदेव सिंह झाला के पूरक प्रश्न के जवाब में उन्होंने बताया कि गुजरात में कभी पानी की कमी थी लेकिन जब नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने जो योजनाएं बनाईं उनकी वजह से आज राज्य को भरपूर पानी मिल रहा है और किसान तीन तीन फसल ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात में आज सीमा की सुरक्षा में लगे जवानों को भी पीने का साफ पानी मिल रहा है।समाजवादी पार्टी की जया बच्चन ने भूजल के उपयोग संबंधी अनापत्ति प्रमाणपत्र की शर्तों का उल्लंघन करने पर सजा के बारे में जानना चाहा। इस पर पाटिल ने कहा कि भूजल के उपयोग संबंधी अनापत्ति प्रमाणपत्र की शर्तों का उल्लंघन करने पर नियमों के अनुसार सजा देने का प्रावधान है।एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में पाटिल ने बताया कि आर्सेनिक और फ्लोराइड के संदूषण वाले पानी की सफाई के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं का नेटवर्क है और हर राज्य में यह सुविधाएं हैं। उन्होंने कहा यहां तक की ग्राम पंचायतों तक को यह सुविधा मुहैया कराई गई है और स्थानीय समुदाय की महिलाओं को भी इसके लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। पाटिल ने बताया की देश की स्वाधीनता के बाद 70 वर्ष तक हर गांव में पानी नहीं पहुंच पाया। इसीलिए जल जीवन मिशन योजना शुरु की गई जिसका सबसे अधिक लाभ महिलाओं को हुआ। उनका 75 प्रतिशत समय पानी के प्रबंध करने में लगता था और इसके बावजूद उन्हें शुद्ध पानी नहीं मिल पाता था। यह उनका एक तरह से सशक्तीकरण है। करीब 25 लाख महिलाओं को पानी की गुणवत्ता जांचने का प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि 19 करोड़ घरों को जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी दिया जा रहा है और दो वर्ष में साढ़े छह करोड़ लोग इस योजना के दायरे में आए हैं। उन्होंने कहा केंद्र ने राज्य सरकार का भी बोझ हल किया है। प्रदूषित पानी से बीमारियां होती थीं लेकिन शुद्ध पानी मिलने से काफी हद तक यह समस्या दूर हुई है। इस तरह से राज्य सरकार का बोझ भी कम हुआ है।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत केंद्र सरकार आर्थिक मदद और तकनीकी सहायता देती है और योजना का कार्यान्वयन राज्य सरकार का जिम्मा है। हाल ही में इस संबंध में राज्य सरकारों से बातचीत भी हुई।भाजपा के अशोक चाव्हाण ने कहा कि केंद्र की ओर से 90 प्रतिशत राशि दी जाती है और राज्य सरकार का खर्च दस प्रतिशत होता है। विभिन्न एजेंसियों के काम में विलंब होने की वजह से योजना के क्रियान्वयन में विलंब होता है।

# आरएसएस-भाजपा ने सरकारी कर्मियों को संघ की गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति देने के फैसले को सराहा

**नई दिल्ली।** (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने सरकारी कर्मचारियों के हिंदूवादी संगठन की गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने के केंद्र के कदम की सोमवार को सराहना की। संघ ने कहा कि इस फैसले से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी। संघ ने आरोप लगाया कि अतीत में पूर्ववर्ती सरकारों ने प्रतिबंध लगाकर अपने राजनीतिक हितों को आगे बढ़ाने का काम किया। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 1966 में सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर प्रतिबंध लगाने का कांग्रेस सरकार का फैसला राजनीतिक कारणों से प्रेरित था। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रवादी संगठनों के प्रति हमेशा नकारात्मक मानसिकता रही है और ऐसी सोच का देश में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने दावा किया कि प्रतिबंध हटाने के मोदी सरकार के फैसले की आलोचना करने वाले विपक्षी दल केवल तुष्टिकरण की राजनीति में रुचि रखते हैं और उन्होंने हिंदुओं के प्रति नकारात्मक रवैया प्रदर्शित किया है। गोयल ने आरएसएस को एक राष्ट्रवादी संगठन बताया, जिसके सदस्य देशभक्ति से भरे हुए हैं। प्रतिबंध हटाए जाने के सरकारी आदेश के सार्वजनिक होने और कई विपक्षी नेताओं द्वारा इस कदम की आलोचना किए जाने के एक दिन बाद आरएसएस के प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने एक बयान में कहा, सरकार का मौजूदा निर्णय उचित है और यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 99 वर्षों से लगातार राष्ट्र के पुनर्निर्माण और समाज की सेवा में लगा हुआ है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता-अखंडता और प्राकृतिक आपदा के समय में समाज को साथ लेकर चलने में संघ के योगदान के कारण देश के विभिन्न स्तर के नेतृत्व ने समय-समय पर संघ की भूमिका को सराहा है। आंबेकर ने आरोप लगाया, राजनीतिक हितों के कारण तत्कालीन सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के संघ जैसे रचनात्मक संगठन की गतिविधियों में हिस्सा लेने पर बेबुनियाद प्रतिबंध लगा दिया था।

# ममता बंगाल में घुसपैठ को न्यायोचित ठहराने का प्रयास कर रही हैं: भाजपा



**नई दिल्ली** (भाषा)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि वह बांग्लादेश में संकट में फंसे लोगों को आश्रय देने को तैयार हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि बनर्जी का यह बयान राज्य में घुसपैठ को न्यायोचित ठहराने वाला है।भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बनर्जी की उस कथित टिप्पणी के लिए उन पर निशाना साधा जिसमें उन्होंने कहा था कि वह चाहती हैं कि बंगाल भारत के साथ अच्छे संबंध रखे। उन्होंने सवाल किया कि उनके (ममता के) इस बयान का क्या मतलब है? उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है।
कोलकाता में एक रैली में बनर्जी ने कहा था कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर वह पड़ोसी देश से परेशान लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण देंगी। प्रसाद ने कहा कि ऐसे मुद्दे पूरी तरह से भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि यह केंद्र सरकार ही थी जिसने 1971 के युद्ध के बाद बांग्लादेशियों को शरण देने का फैसला किया था। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस नेता पड़ोसी देशों में धार्मिक उत्पीड़न के कारण अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के लिए संशोधित नागरिकता कानून का कड़ा विरोध करती रही हैं लेकिन वह घुसपैठियों की मदद करना चाहती हैं।भाजपा नेता ने बनर्जी पर घुसपैठ को सही ठहराने की कोशिश करने और पश्चिम बंगाल की जनसांख्यिकी बदलने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि राज्य में तीन मुस्लिम बहुल जिले हुआ करते थे लेकिन यह संख्या बढ़कर अब नौ हो गई है।उन्होंने दावा किया कि बांग्लादेश से लोगों के आने के कारण कोलकाता की जनसांख्यिकी भी बदल रही है और आतंकवाद के मामलों में कई आरोपी राज्य में शरण पाते हैं।उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सदस्यों का जिक्र करते हुए कहा कि जो राष्ट्रवाद के लिए खड़े होते हैं, उन्हें हिंसक हमलों का सामना करना पड़ता है।

# मप्र के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री चौहान की इस्तीफा देने की धमकी

**भोपाल।** (भाषा) मध्य प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने सोमवार को वन एवं पर्यावरण विभाग से हटाए जाने के बाद अपने पद से इस्तीफा देने की धमकी दी है। वन एवं पर्यावरण विभाग मंत्रिपरिषद के नए सदस्य रामनिवास रावत को आवंटित किया गया है जो गत अप्रैल में कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। चौहान ने कहा कि अगर पार्टी संगठन के नेता उनकी चिंताओं पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देने में विफल रहे तो रतलाम से सांसद उनकी पत्नी अनीता सिंह चौहान भी इस्तीफा दे देंगी। नागर के पास मौजूद वन एवं पर्यावरण मंत्रालय रविवार को रावत को आवंटित कर दिया गया। प्रमुख आदिवासी नेता चौहान ने पीटीआई-भाषा से फोन पर कहा, मेरी आवाज नहीं सुनी गई। मैं पहले संगठन के नेताओं से बात करूंगा और अगला कदम तय करूंगा। मैं पार्टी संगठन से बात करने के बाद एक या दो दिन में फैसला करूंगा। अगर मुझे लगता है कि मुझे पद पर नहीं रहना चाहिए, तो मैं अपनी पत्नी अनीता के साथ इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में आदिवासियों की आबादी 23 प्रतिशत है। चौहान ने कहा, यह पहली बार है जब आदिवासियों को नेतृत्व दिया गया है, लेकिन वन विभाग (जो आदिवासियों से बहुत जुड़ा हुआ है) को मुझसे छीनकर कांग्रेस से आए एक नेता को दे दिया गया है। मुझे नहीं लगता कि यह मेरे या पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए फायदेमंद है। मंत्री ने दावा किया कि उन्होंने रविवार रात पार्टी नेताओं के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की और इस चर्चा को जारी रखने की योजना बनाई है। चौहान ने कहा, अगर वे चाहते हैं, तो मैं उनसे बात करूंगा. अगर वे नहीं चाहते हैं तो कोई बात नहीं। योपुर जिले के विजयपुर से छह बार विधायक रहे रामनिवास रावत 30 अप्रैल को लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। आठ जुलाई को कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल किए जाने के कुछ दिनों बाद रविवार को एक अधिसूचना जारी की गई जिसमें कहा गया कि रावत को वन एवं पर्यावरण विभाग आवंटित किया गया है।

## भाजपा का दीपक फड़फड़ा रहा है बहुत जल्द बुझ जाएगा: अखिलेश



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा से संबंधित आदेशों को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल का दीपक फड़फड़ा रहा है और यह जल्द बुझ जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों में भाग लेने के लिए सरकारी कर्मचारियों पर लगे प्रतिबंध को हटाने को लेकर केंद्र पर भी हमला किया और कहा कि सांप्रदायिक राजनीति को देश के लोगों ने खारिज कर दिया है।उत्तर प्रदेश के कन्नौज से सांसद ने कहा कि कांवड़ यात्रा से संबंधित आदेशों का हवाला देते हुए भविष्य में केंद्र और भाजपा शासित राज्यों द्वारा इस तरह के और कदम उठाए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा, सांप्रदायिक राजनीति को लोगों ने खारिज कर दिया है और जैसे दीया बुझने से पहले फड़फड़ाता है, वैसे ही वे (भाजपा) बुझने से पहले फड़फड़ा रहे हैं।

# गुजरात में तीन महीने में 503 अनाधिकृत धार्मिक ढांचे हटाए गए: सरकार

**अहमदाबाद** (भाषा)। गुजरात सरकार ने सोमवार को उच्च न्यायालय को बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश का पालन करते हुए पिछले तीन साल में सार्वजनिक स्थलों से लगभग 503 अनधिकृत धार्मिक ढांचे हटाए गए हैं। महाधिवक्ता कमल त्रिवेदी ने मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल की पीठ को बताया कि राज्य सरकार ने निगरानी, नियमित तौर पर ऐसे ढांचों को हटाने और संबंधित विभागों को स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए स्थानीय प्रशासन स्तर पर समितियां बनाने के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। त्रिवेदी ने कहा, लगभग तीन महीनों (स्वत: संज्ञान लेते हुए दायर याचिका पर 22 अप्रैल 2024 को सुनवाई किए जाने के बाद से) में 503 धार्मिक ढांचों को हटाया गया है, जिनमें से 236 जिला क्षेत्रों, जबकि 267 नगर निगम क्षेत्रों में थे।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा, नगर निगम क्षेत्रों में दो ऐसी संरचनाओं को नियमित किया गया है तथा 28 को स्थानांतरित किया गया है, जिनमें से 17 जिले में तथा 11 नगर निगम क्षेत्रों में हैं।

राज्य के गृह विभाग के सचिव द्वारा 22 अप्रैल 2024 के आदेश के अनुसार दाखिल एक हलफनामे में अदालत को विवरण प्रदान किया गया है। त्रिवेदी ने बताया कि स्थानीय अधिकारियों ने स्थानीय धार्मिक प्रमुखों के साथ 294 बैठकें कीं और उनसे ऐसे अनधिकृत ढांचे हटाने का आग्रह किया। उन्होंने उच्च न्यायालय को बताया कि राज्य सरकार ने 19 अप्रैल 2024 को एक दिशानिर्देश तैयार किया है, जिसमें स्थानीय अधिकारियों को 10 दिन के भीतर समितियों का गठन करने का निर्देश दिया गया है। त्रिवेदी ने कहा कि समिति द्वारा उठाए गए कदमों की हर तिमाही समीक्षा की जाती है।"। उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सार्वजनिक स्थानों पर अनधिकृत धार्मिकउच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सार्वजनिक स्थानों पर अनधिकृत धार्मिक संरचनाओं की पहचान करने और उन्हें हटाने, स्थानांतरित करने या नियमित करने के संबंध में एक व्यापक नीति तैयार करने का निर्देश दिया था।


## भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर-23, शॉल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक कब्जा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जुबैर/अनीसा/ LBGUR00005769003 | अपार्टमेंट नंबर 12, तीसरी मंजिल (अपार्टमेंट नंबर 312, ब्लॉक एफ-II) ब्लॉक एफ-II साउथेंड अपार्टमेंट, चार्मवुड विलेज सूरजकुंड रोड, ग्राम लक्कड़पुर, फरीदाबाद 121001/ जुलाई 18, 2024 | जुलाई 19, 2023 रु. 41,26,977/- | दिल्ली/ फरीदाबाद/ गुड़गाँव/ सेलांगर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् कब्जे की संपत्ति(याँ) नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जुलाई 23, 2024**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर (गुड़गाँव, फ़रीदाबाद)**

**भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए**

## ELECTION PROGRAMME

**Election programme for the election of the Managing Committee of The Bilaspur Primary Agriculture Co-operative Society Ltd., Bilaspur to be held on 18.08.2024.**

| SR.NO. | PARTICULAR | DATE | TIMES | PLACE |
|---|---|---|---|---|
| 01. | Exhibition of List of voters as required under Sub Para(2) of rule 35 and objection on the list of Voters will be submitted on the last day Exhibition of Voter list in the office of Assistant registrar, Coop. Societies Gurugram | 19-07-2024 to 26-07-2024 | 9:00 a.m. to 5:00 p.m. | (1). In the Regd. Office of the Society & Village failing in the area operation of the Society. (2). Assistant Registrar Co-operative Societies, Gurugram Near John Hall Civil Line, Gurugram (3). Central Cooperative Bank, Gurugram |
| 02. | Hearing of objection of the list of voters as required under sub para(4) of rule 35 | 29-07-2024 | 10:00 a.m. to 3:00 p.m. | ARCS Office, Gurugram |
| 03. | Filing of Nomination Papers. | 02-08-2024 | 10:00 a.m. to 2:00 p.m. | In the office of Assistant Registrar, Co-operativeSocieities, Gurugram, Near John Hall, Civil Line, Gurugaon |
| 04. | Scrutiny of Nomination Papers. | 05-08-2024 | 10:00 a.m. to 2:00 p.m. | ---------- Do-------------- |
| 05. | Display of List of Validity nominated Candidates. | 05-08-2024 | 4:00 p.m. | ---------- Do-------------- |
| 06. | Withdrawal of Nomination Paper display of list of candidates. | 09-08-2024 | 10:00 a.m. to 2:00 p.m. | ---------- Do-------------- |
| 07. | Allocation of Symbols | 09-08-2024 | 03:00 p.m. | ---------- Do-------------- |
| 08. | Display of List of contesting candidates. | 09-08-2024 | 04:00 p.m. | ---------- Do-------------- |
| 09. | Taking of poll, if necessary. | 18-08-2024 | 08:00 a.m. to 4:00 p.m. | In the premises as per list of booth attached. |

Note:- (1) Election of the Managing Committee of the said society will be held as per section 28 ibid of the Haryana Cooperative Societies Act 1984 (2) Election will be held as per orders of Hon'ble High Court of Punjab & Haryana in BejulSomaia Vs. State of Haryana in CWP no. 3648 of 2007

(Devender Beniwal)
Assistant Registrar, Co-operative Societies, Gurugram, (Returning Officer)

## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर-23, शॉल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पूरन सिंह बघेल/ मोनिका सिंह बघेल/ LBNOD00001361845 | एमआईजी फ्लैट एस-2, द्वितीय तल (छत के अधिकार के साथ), सामने बाईं ओर, प्लॉट संख्या-बी-83, ब्लॉक-बी, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2, गाँव पसौंडा, परगना लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201010/ जुलाई 19, 2024 | फ़रवरी 13, 2024 रु. 4,55,559/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | मिनहाज आलम/ खतीजा/ LBDEL00005488227/ LBGHZ00005871158 | फ्लैट नंबर बी-505 (छत के अधिकार के बिना), 5वीं मंजिल, टॉवर/ब्लॉक-बी, स्टार रामेश्वरम, एनएच-58 पर स्थित, राज नगर एक्सटेंशन, गांव नूर नगर, लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201001/ जुलाई 19, 2024 | फ़रवरी 16, 2024 रु. 26,80,193/- | दिल्ली/ एनसीआर/ मुंबई |
| 3. | वीरेंद्र सिंह गुसाईं/ शिवानी गुसाईं/ LBGHZ00005871979/ LBDEL00006383733/ LBGHZ00006052260/ LBGHZ00006083144 | प्लॉट नंबर 94, आवासीय कॉलोनी संयोग नगर में स्थित, गांव सदरपुर, परगना डासना, तहसील और जिला, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश- 201001/ जुलाई 19, 2024 | फ़रवरी 26, 2024 रु. 39,03,772/- | दिल्ली/ एनसीआर/ डूँडाहेड़ा हरियाणा |
| 4. | सतबीर सिंह/ सुमन/ LBDEL00002906542 | दुकान नं. डीजीएल033, ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नं.-01बी, मयूर पैलेस डिस्ट्रिक्ट सेंटर, डीएलएफ द गैलेरिया, मयूर विहार फेज-1, दिल्ली- 110091/ जुलाई 19, 2024 | मार्च 26, 2024 रु. 4746029/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

**दिनांक : जुलाई 23, 2024**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए**

# बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शनों के बाद शांति, इंटरनेट सेवाएं अब भी ठप

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद सरकारी नौकरियों में आरक्षण घटाने के उच्चतम न्यायालय के फैसले से स्थिति शांत होने के बावजूद लगातार पांचवें दिन इंटरनेट सेवाएं ठप रहीं और सरकार ने सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया। देश में कुछ ही दिन पहले, देखते ही गोली मारने के आदेश के साथ कर्फ्यू लगा दिया गया था और सैन्यकर्मी राजधानी ढाका और अन्य क्षेत्रों में गश्त करते देखे गए। देश में पुलिस और मुख्य रूप से छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारी 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम लड़ने वाले (पूर्व) सैनिकों के रिश्तेदारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं।

कम से कम चार स्थानीय समाचार पत्रों में बताया गया है कि हिंसा में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने हिंसा में हुई मौतों के आधिकारिक आंकड़े अब तक साझा नहीं किए हैं।

बांग्लादेश के उच्चतम न्यायालय ने रविवार को अपने फैसले में कहा कि 93 प्रतिशत सरकारी नौकरियां योग्यता आधारित प्रणाली के आधार पर आवंटित की जाएं, पांच प्रतिशत 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भाग लेने वालों के परिजनों तथा अन्य श्रेणियों के लिए दो प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी जाएं। रविवार रात को कुछ छात्र प्रदर्शनकारियों ने सरकार से इंटरनेट सेवाएं बहाल करने का आग्रह किया। भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयक हसनत अब्दुल्ला ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि जिस पूर्ण बंद के आह्वान को उन्होंने पिछले सप्ताह लागू करने का प्रयास किया था उसे अब वापस ले रहे हैं। उन्होंने कहा, लेकिन हम डिजिटल कार्वाई को रोकने और इंटरनेट सेवाएं बहाल करने के लिए 48 घंटे का समय दे रहे हैं।

अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि वे चाहते हैं कि सरकार कर्फ्यू समाप्त करे और यह सुनिश्चित करे कि देश दो दिनों के भीतर सामान्य स्थिति में वापस आ जाए। जनवरी में हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री शेख हसीना की लगातार चौथी बार जीत के बाद से हुए इन विरोध प्रदर्शनों ने बांग्लादेश की सरकार के लिए सबसे गंभीर चुनौती पेश की। इस दौरान विश्वविद्यालयों को बंद करने के साथ इंटरनेट सेवा ठप कर दी गई और सरकार ने लोगों को घर पर रहने का आदेश जारी किया। प्रदर्शनकारियों ने तर्क दिया कि आरक्षण प्रणाली भेदभावपूर्ण थी और इससे शेख हसीना के समर्थकों को फायदा हुआ।

# संगठित राजनीतिक माफिया आतंकियों के खिलाफ नए सैन्य अभियान के बारे में झूठ फैला रहा: पाकिस्तानी सेना

**इस्लामाबाद/पेशावर।** पाकिस्तानी सेना ने सोमवार को कहा कि एक संगठित राजनीतिक माफिया आतंकियों के सफाए और आर्थिक विकास तथा स्थिरता के उद्देश्य से शुरू किए गए एक नए आतंकवाद-रोधी अभियान अज्म-ए-इस्तेहकाम के बारे में गलत सूचना फैला रहा है। वहीं, इससे पहले आतंकवादियों ने पाकिस्तान के प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के एक कबायली जिले में लड़कियों के सरकारी स्कूल को निशाना बनाया। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ ने रावलपिंडी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अभियान शुरू करने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा, इस अभियान को विफल करने के लिए बड़े एक विशाल अवैध राजनीतिक माफिया खड़ा हो गया है और उस माफिया का पहला कदम झूठे और फर्जी तर्कों के माध्यम से अभियान को विवादास्पद बनाना है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रमुख सैन्य अभियानों- जर्ब-ए-अज्ब और रद्द-उल-फसाद के साथ बड़े पैमाने पर विस्थापन देखा गया था। एक संवाददाता ने उपरोक्त दोनों अभियानों का उल्लेख करते हुए पूछा कि क्या वर्तमान अभियान अज्म-ए-इस्तेहकाम के दौरान भी इसी प्रकार का विस्थापन होगा? उन्होंने कहा, यह कोई सैन्य अभियान नहीं है, बल्कि एक बृहद आतंकवाद-रोधी पहल है जिसका उद्देश्य आर्थिक विकास और स्थिरता को बढ़ावा देना है। उन्होंने पिछले सैन्य अभियानों का जिक्र करते हुए कहा, हमारी समस्या यह है कि हम अपनी राजनीति के कारण हर महत्वपूर्ण मुद्दे को मजाक बना देते हैं।

सेना प्रवक्ता ने कहा कि असल बात यह है कि हम राजनीति की वेदी पर बहुत महत्वपूर्ण मुद्दों की भी बलि चढ़ा रहे हैं और आज्म-ए-इस्तेहकाम इसका एक उदाहरण है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसका उद्देश्य केवल पहले से लागू राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी) में तेजी लाना है, जिसे 2014 में आतंकवाद को खत्म करने के लिए शुरू किया गया था। उधर, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक कबायली जिले में अज्ञात आतंकवादियों ने रविवार और सोमवार की दरमियानी रात को लड़कियों के एक सरकारी स्कूल को बम धमाके से उड़ा दिया। प्रांत के शिक्षा मंत्री फैसल खान तराकई ने बताया कि आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान कबायली जिले में लड़कियों के सरकारी माध्यमिक स्कूल को बम से उड़ा दिया, लेकिन धमाके में कोई जनहानि नहीं हुई है। विस्फोट में स्कूल के सात कमरे नष्ट हो गए। इस स्कूल में कुल 255 लड़कियों ने दाखिला लिया हुआ है।

# तीन भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए कमला हैरिस का समर्थन किया

**वाशिंगटन।** सभी पांच भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटने के राष्ट्रपति जो बाइडन के फैसले की सराहना की है और उनमें से तीन ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार के रूप में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को अपना समर्थन दिया है।

इंडियन ओवरसीज बैंक
शाखा कार्यालयः वृंदावन शाखा
किशोरपुरा, गौतम पाड़ा, वृंदावन,
जिला मथुरा – 281121 (यू.पी.)
टेलीः 8925950443, ईमेलः iob0443@iob.in

निजी संधि के माध्यम से बिक्री की सूचना
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के (नियम 6 और 8) के तहत जारी

दिनांक 16.07.2024

को,
मैसर्स सनी टॉटी ट्रेडिंग उद्योग
प्रोपराईटरः श्री सनी ठाकुर
रिहायशी मकान जोकि प्लॉट नं. सी–1 और डी–2 (पार्ट), खसरा नं. 770, कृष्णा एन्कलेव के भीतर, नौगांव, तहसील और जिला मथुरा, उत्तर प्रदेश–281004 में स्थित
महोदय,
आईओबी वृंदावन शाखा के साथ एनपीए खाता मैसर्स सनी टॉटी ट्रेडिंग उद्योग (044303707000003)
1. सरफेसी अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत आपके खिलाफ शुरू की गई वसूली कार्रवाई का संदर्भ है।
2. कृपया आपको जारी किए गए दिनांक 11.11.2022 के डिमांड नोटिस का संदर्भ लें, जिसमें 12.10.2022 को देय 1135197.86 रुपये की बकाया राशि संविदात्मक दरों पर आगे ब्याज के साथ और पुनर्भुगतान की तारीख तक उस पर शुल्क, शुल्क आदि की मांग की गई है।
3. कृपया नीचे उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति का कब्जा लेने के संबंध में आपको जारी किए गए 15.02.2023 के कब्जे के नोटिस और वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रवर्तन के प्रावधानों के तहत बैंक को सुरक्षित लेनदार के रूप में बैंक को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुरक्षित संपत्ति की प्राप्ति के उद्देश्य से 19.02.2023 को जनसत्ता (दैनिक) और फाइनेंशियल एक्सप्रेस (दैनिक) (दैनिक) में उक्त कब्जे के नोटिस के प्रकाशन का भी संदर्भ लें प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के संबंध में कार्रवाई की गई है। आज तक आपने बैंक को अपनी देयता के निर्वहन के लिए पूर्ण भुगतान नहीं किया है।
4. जैसा कि आप जानते हैं कि बैंक ने सुरक्षित संपत्ति को 17.05.2023 और 06.12.2023 को ई–नीलामी के लिए नीचे रखा था, जोकि नहीं हुई थी।
5. बैंक को नीचे उल्लिखित प्रतिभूत परिसंपत्ति को खरीदने के लिए रु. 4500000/– की राशि का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और इसलिए निजी संधि द्वारा बिक्री के माध्यम से नीचे उल्लिखित प्रतिभूत परिसंपत्ति को बेचने का प्रस्ताव है।
6. बिक्री के समापन की अस्थायी तिथि और समय 31.07.2024 को वृंदावन में (दोपहर 12.00 बजे) है।
7. हम आपको 15 दिनों का नोटिस देते हैं कि नीचे उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति ऊपर उल्लिखित तिथि और समय पर निजी संधि के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा बेची जाएगी।
8. इसके अलावा, आपका ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिए आपके लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।
9. इसलिए कृपया सूचित करते है कि निजी बिक्री की तारीख तक अर्थात 31.07.2024 दोपहर 12.00 बजे तक, जब बिक्री समाप्त होने का प्रस्ताव है, तो आपको लागत/शुल्क आदि के साथ संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान करने का अधिकार है, जो 31.07.2024 को रुपये 450000/– और संविदात्मक दरों पर आगे ब्याज के साथ देय और भुगतान की तारीख तक सहमति के अनुसार सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाएं

रिहायशी मकान जोकि प्लॉट नं. सी–1 और डी–2 (पार्ट), खसरा नं. 770, कृष्णा एन्कलेव के भीतर, नौगांव, तहसील और जिला मथुरा, उत्तर प्रदेश–281004 में स्थित, क्षेत्रफल 185.79 वर्ग मी.
यह संपत्ति श्री सनी ठाकुर के नाम पर है

भवदीय
प्राधिकृत अधिकारी

# ट्रंप ने राष्ट्रपति की दौड़ से पीछे हटने के लिए बाइडन की आलोचना की

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से अचानक पीछे हटने के लिए निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन पर निशाना साधा और दावा किया कि बाइडन के चिकित्सक समेत उनके इर्द-गिर्द मौजूद सभी लोग जानते थे कि वह राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने या राष्ट्रपति बनने के योग्य नहीं हैं। ट्रंप ने यह टिप्पणी तब की है, जब बाइडन (81) ने रविवार को यह घोषणा कर सभी को हैरत में डाल दिया कि वह राष्ट्रपति पद की दौड़ से पीछे हट रहे हैं और उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए भारतीय-अफ्रीकी मूल की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का अनुमोदन किया।

ट्रंप ने बाइडन के कोविड-19 से संक्रमित होने को लेकर संदेह भी जताया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, तो अब हम कुटिल जो बाइडन से लड़ने के लिए समय और पैसा खर्च करने के लिए मजबूर हैं, बहस में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद वह चुनाव मैदान से पीछे हट गए। अब हमें सब कुछ फिर से शुरू करना होगा। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, क्या रिपब्लिकन पार्टी को धोखाधड़ी के लिए मुआवजा नहीं देना चाहिए कि जो बाइडन के चिकित्सक समेत उनके इर्द-गिर्द मौजूद हर व्यक्ति और फर्जी मीडिया यह जानती थी कि वह राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने या राष्ट्रपति बनने के समक्ष नहीं है? केवल पूछ रहा हूं। ट्रंप ने कहा कि बाइडन के साथ उनकी बहस का प्रसारण एबीसी न्यूज पर सितंबर में होना था। उन्होंने बाइडन को अमेरिका के इतिहास में सबसे खराब राष्ट्रपति बताया। ट्रंप ने कहा, अब बाइडन इस दौड़ से बाहर निकल गए हैं, मुझे लगता है कि बहस का प्रसारण पक्षपातपूर्ण एबीसी के बजाय फॉक्स न्यूज पर होना चाहिए था।

# डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने की दावेदारी में हैरिस सबसे आगे

**एपी। वाशिंगटन**

**राष्ट्रपति** जो बाइडन द्वारा चुनाव मैदान से हटने की घोषणा करने के बाद राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने का दरवाजा कई दावेदारों के लिए खुल गया है। हालांकि डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख नेताओं ने किया कमला हैरिस का समर्थन, पार्टी में उनके लिए तेज हो रही है लामबंदी। राष्ट्रपति बाइडन ने पार्टी उम्मीदवार के तौर पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को अपना समर्थन दिया है तथा कई अन्य प्रमुख डेमोक्रेटिक नेता भी उनकी उम्मीदवारी के पक्ष में आगे आए हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि पार्टी में उनकी उम्मीदवारी का रास्ता कितना आसान होगा। डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने के प्रमुख दावेदारों की सूची इस प्रकार है:

### कमला देवी हैरिस

कैलिफोर्निया के ऑकलैंड में जन्मी उपराष्ट्रपति कमला देवी हैरिस नागरिक अधिकार वकील एवं न्यायविद दिवंगत थरगुड मार्शल को प्रेरणास्रोत मानती हैं और अपने जीवन पर नागरिक अधिकार आंदोलन से जुड़े रहे अपने माता-पिता के प्रभाव का अकसर जिक्र करती हैं। लॉस एंजिलिस के वकील डगलस एमहॉफ कमला हैरिस के पति हैं। बाइडन ने 2020 में हैरिस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनते हुए उन्हें निडर योद्धा कहा था। कमला जनवरी 2021 से उपराष्ट्रपति के रूप में सेवाएं दे रही हैं। अमेरिका की पहली महिला, पहली अश्वेत और दक्षिण एशियाई मूल की पहली ऐसी नागरिक हैं जो इस पद पर आसीन हुई हैं। हैरिस (59) ने दो बार कैलिफोर्निया की अटॉर्नी जनरल चुने जाने के बाद 2016 में अमेरिकी सीनेट में अपनी सीट जीती थी।

### जे.बी. प्रिट्जकर

इलिनोइस के गवर्नर जे.बी. प्रिट्जकर अमेरिका में पद पर आसीन सबसे अमीर नेता हैं। वह हयात होटल के उत्तराधिकारी, एक पूर्व निजी इक्विटी निवेशक और परोपकारी हैं। उनकी कुल संपत्ति 3.4 अरब अमेरिकी डॉलर है। फोर्ब्स 400 की सबसे अमीर अमेरिकियों की सूची में 250वें स्थान पर रखा गया।

### ग्रेचेन व्हिटमर

ग्रेचेन व्हिटमर मिशिगन की गवर्नर हैं। वह राज्य विधायिका में डेढ़ दशक तक सेवाएं देने के बाद 2018 में गवर्नर पद के चुनाव में पहली बार जीत हासिल कर डेमोक्रेटिक पार्टी में तेजी से उभरीं।

### गेविन न्यूजॉम

कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजॉम सैन फ्रांसिस्को के मूल निवासी हैं, जो 1995 में मेयर पद के लिए विली ब्राउन के प्रचार अभियान में स्वयंसेवक के तौर पर राजनीति में शामिल हुए थे। मेयर ब्राउन ने दो साल बाद न्यूजॉम को सैन फ्रांसिस्को बोर्ड ऑफ सुपरवाइजर्स की एक खाली सीट पर नियुक्त किया बाद में उन्हें इस सीट पर पुनर्निर्वाचित किया गया। न्यूजॉम ने बाद में मेयर पद का चुनाव जीता और 2004 में सैन फ्रांसिस्को क्लर्क को समलैंगिक जोड़ों को विवाह लाइसेंस जारी करने का निर्देश देकर वह राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आए।

### जोश शापिरो

पेनसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शापिरो को पार्टी का एक उभरता नेता माना जाता है। गर्वनर पद के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समर्थित उम्मीदवार को करारी शिकस्त दी थी। अटॉर्नी जनरल के तौर पर भी सेवाएं दे चुके हैं। उत्तरी कैरोलाइना के गवर्नर रॉय कूपर, केंटकी के गवर्नर एंडी बेशर और पूर्व अंतरिक्ष यात्री एवं सीनेटर मार्क केली भी डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने के दावेदारों में शामिल हैं।

Karnataka Bank Ltd. 100
Your Family Bank. Across India.

| | |
|---|---|
| आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा<br>प्लॉट नं. 8-बी, प्रथम तल, राजेंद्र पार्क,<br>पूसा रोड<br>नई दिल्ली – 110060 | फोनः 011-40591567 (एक्स. 240)<br>ईमेलः delhiarm@kbank.com<br>वेबसाइटः www.karnatakabank.com<br>सीआईएनः L85110KA1924PLC001128 |

अचल सम्पत्ति की बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित।

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका भौतिक कब्जा कर्नाटक बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, सुरक्षित लेनदार द्वारा 05.06.2023 को लिया गया है, उसके उधारकर्ता/गारंटर/सह–ऑब्लिगेंट (1) मैसर्स एवन एलिमेंट्स प्रा. लि., इसके निदेशकों द्वारा प्रतिनिधित्व (i) श्रीमती नेहा जैन पत्नी अभिनव जैन, (ii) श्रीमती करुणा जैन पत्नी संदीप कुमार जैन, पंजीकृत पताः सं. 38/1, प्रथम तल, गोविंदपुरी, कालकाजी बस डिपो के सामने, दिल्ली 110007, (2) श्रीमती नेहा जैन पत्नी अभिनव जैन, (3) श्रीमती करुणा जैन पत्नी संदीप कुमार जैन, दोनों (2) और (3) निवासीः मकान नं. 11, द्वितीय तल, वीर नगर जैन कॉलोनी, नई दिल्ली 110007 से सुरक्षित लेनदार कर्नाटक बैंक लिमिटेड, नई दिल्ली जी टी करनाल रोड शाखा, नं. 6 जैन कॉलोनी, वीर नगर, जी टी करनाल रोड दिल्ली की बकाया राशि रु. 84,87,309.15 (रुपये चौरासी लाख सत्तासी हजार तीन सौ नौ और पंद्रह पैसे मात्र) अर्थात पीएसओडी ऋण खाता सं. 5537000600014201 के अंतर्गत दिनांक 01.06.2024 से भविष्य के ब्याज, प्लस लागत इत्यादि सहित की वसूली हेतु "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक 22.08.2024 को बेचा जाएगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

व्यवसायिक सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि द्वितीय तल, छह मंजिला भवन के अंतर्गत, जिसमें बेसमेंट, ग्राउंड और चार और मंजिलें (बी+जी+4) शामिल, सेंट्रल स्क्वायर कॉम्प्लेक्स के नाम से जाना जाने वाला व्यवसायिक परिसर, क्षेत्रफल 853.01 वर्ग फीट का सुपर एरिया, कवर्ड एरिया 498 वर्ग फीट, यूनिट नं. पी–3/224, प्लाजा–3, ब्लॉक ए, सीएससी–2, मनोहर लाल खुराना मार्ग, बाड़ा हिंदू राव, दिल्ली–110006, में स्थित, यह सम्पत्ति श्रीमती करुणा जैन के नाम पर है। चौहद्दीः पूरब में – खुला, पश्चिम में – प्रवेश/गलियारा, उत्तर में – यूनिट नं. 225 दक्षिण में – यूनिट नं. 223
आरक्षित मूल्य/अपसेट मूल्य जिसके नीचे संपत्ति नहीं बेची जा सकतीः रु. 90,00,000.00 (रु. नब्बे लाख मात्र)
जमा/निविदा की जाने वाली बयाना राशिः रु. 9,00,000.00 (रु. नौ लाख मात्र)
(उधारकर्ता/बंधककर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।)
(यह नोटिस उधारकर्ता/गारंटर को सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम–2002 के नियम (9) के उपनियम (1) के तहत नोटिस के रूप में भी कार्य करेगा)
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया कर्नाटक बैंक की वेबसाइट अर्थात www.karnatakabank.com में दिए गए लिंक देखें। दिनांक 22.08.2024 को मेगा ई–नीलामी के अंतर्गत
ई–नीलामी 22.08.2024 को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक 05 मिनट के असीमित विस्तार के साथ पोर्टल https://bankauctions.in/ के माध्यम से आयोजित की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता को https://bankauctions.in/ पर अपना नाम पंजीकृत करना होगा और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना होगा और ई–नीलामी (संभवतः 21.08.2024 को) मैसर्स 4क्लोजर, 605 ए, 6वीं मंजिल, मैत्रिवनम, अमीरपेट, हैदराबाद– 500038, संपर्क नं. 040–23836405, मोबाइल 8142000809, ई–मेलः info@bankauctions.in से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।

दिनांकः 22.07.2024
स्थान : नई दिल्ली
कृते कर्नाटका बैंक लि.
मुख्य प्रबंधक और प्राधिकृत अधिकारी

# विश्व नेताओं ने बाइडन का उनके वैश्विक नेतृत्व और मित्रता का आभार


वाशिंगटन में व्हाइट हाउस के बाहर जो बाइडन के समर्थन में पोस्टर लिए महिला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को अपने देश से प्यार करने वाला महान व्यक्ति बताते हुए विश्व नेताओं ने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान उनके साहसिक कदमों और वैश्विक नेतृत्व के लिए सोमवार को उनका आभार व्यक्त किया। राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को घोषणा की कि वह राष्ट्रपति पद का आगामी चुनाव नहीं लड़ेंगे। डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के तौर पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का अनुमोदन किया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह राष्ट्रपति बाइडन के फैसले का सम्मान करते हैं और उनके शेष कार्यकाल में साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने बाइडन के साथ काम करते समय उनका अमेरिका के प्रति प्यार और सेवा के प्रति समर्पण देखा। उन्होंने अमेरिका और ब्रिटेन के बीच कुछ उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने एक्स पर बाइडन का उनके नेतत्व और सेवाओं के लिए आभार जताया। लोकतांत्रिक मूल्यों, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि और भावी पीढ़ियों के लिए जलवायु कार्वाई के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता के साथ ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका गठबंधन पहले कभी इतना मजबूत नहीं रहा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने कनाडाई लोगों का साथी और एक सच्चा दोस्त बनने के लिए बाइडन का आभार जताया।

ट्रुडो ने अपनी और बाइडन की एक तस्वीर साझा करते हुए पोस्ट किया, मैं राष्ट्रपति बाइडन को कई वर्षों से जानता हूं। वह एक महान व्यक्ति हैं, और वह जो कुछ भी करते हैं उसमें अपने देश के प्रति उनका प्रेम होता है। राष्ट्रपति के रूप में, वह कनाडाई लोगों के साथी हैं और एक सच्चे मित्र हैं। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा, मैं इस मुद्दे पर सीधे टिप्पणी करने से बचता हूं क्योंकि यह अमेरिका की घरेलू राजनीति से जुड़ा है लेकिन मैं मानता हूं कि राष्ट्रपति बाइडन का निर्णय संभावित रूप से सबसे अच्छा राजनीतिक निर्णय लेने की उनकी इच्छा पर आधारित है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने कहा कि उनका देश स्वतंत्रता की लड़ाई के लिए राष्ट्रपति बाइडन के अटूट समर्थन के लिए उनका आभारी है। यह लड़ाई अमेरिका में मजबूत द्विदलीय समर्थन के कारण महत्वपूर्ण रही है और जारी है। इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हरजोग ने बाइडन को यहूदी लोगों का सच्चा सहयोगी बताया और उनके दशकों लंबे करियर में इजराइली लोगों के लिए उनकी दोस्ती और दृढ़ समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। आयरलैंड के विदेश मंत्री माइकल मार्टिन ने एक्स पर एक पोस्ट में बाइडन को "आयरलैंड का स्थाई मित्रै बताते हुए कहा कि उन्हें यह खबर सुनकर दुख और खुशी दोनों हुई। मार्टिन ने कहा कि बाइडन ने इस द्वीप पर शांति और समृद्धि के लिए अमूल्य समर्थनै दिया और उन्होंने बाइडन को शुभकामनाएं दीं। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बाइडन ने अपना जीवन सार्वजनिक सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

# डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी को लेकर मस्क और खोसला में जुबानी जंग

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में नवंबर में प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी को लेकर अरबपति टेक कारोबारी एलन मस्क और भारतीय-अमेरिकी उद्यम पूंजीपति विनोद खोसला के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में खोसला ने ट्रंप को एक ऐसा रिपब्लिकन नेता करार दिया, जिसमें कोई कोई नैतिकता नहीं है, जो झूठ बोलता है, धोखा देता है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म, अपमान करता है और उनके जैसे प्रवासियों से नफरत करता है। खोसला ने कहा कि उनके लिए ट्रंप जैसे व्यक्ति का समर्थन करना बहुत मुश्किल है।

भारतीय-अमेरिकी उद्यम पूंजीपति ने सवाल किया, वह मेरे करों में कटौती कर सकते हैं या कुछ विनियमन में राहत दे सकते हैं, लेकिन यह उनके व्यक्तिगत मूल्यों में व्याप्त भ्रष्टता को स्वीकार करने का कोई कारण नहीं हो सकता। क्या आप एक ऐसा राष्ट्रपति चाहते हैं, जो अपने पहले वर्ष में जलवायु प्रगति को एक दशक पीछे धकेल दे? क्या आप अपने बच्चों को अच्छे मूल्य सिखाते समय उदाहरण के रूप में उन्हें पेश करना चाहते हैं? खोसला के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने कहा, ट्रंप आपसे नफरत नहीं करते हैं। अलबत्ता, वह आपको पसंद करते हैं। उनसे मिलिए और अपने बारे में उनके विचार जानिए। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ मस्क ने स्पष्ट किया कि वह यह नहीं कह रहे हैं कि ट्रंप में कोई कमी नहीं है, लेकिन एक ऐसा प्रशासन होना चाहिए, जिसके योग्य एवं गुणवत्तापूर्ण होने और अत्यधिक सरकारी नियंत्रण के मुकाबले व्यक्तिगत स्वतंत्रता को बढ़ावा देने की संभावना ज्यादा हो।

मस्क ने कहा, आपने कितनी बार मीडिया में ऐसा कुछ पढ़ा है, जिससे आपको असलियत पता चलती हो, लेकिन उन्होंने जो छापा वह पूरी तरह से झूठ था? खैर, राजनीति में तो हालत और भी बुरी है, यह एक खूनी खेल है... कई साल पहले, वह डेमोक्रेटिक पार्टी थी, लेकिन अब पेंडुलम रिपब्लिकन पार्टी की ओर मुड़ गया है। जवाब में खोसला ने कहा कि वह मीडिया पर भरोसा न करने के अलावा योग्य एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशासन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को बढ़ावा दिए जाने की बात से सहमत हैं। उन्होंने कहा, लेकिन जलवायु परिवर्तन को भूल जाएं और ड्रिल बेबी ड्रिल? (ईंधन का दोहन जारी रखें)।

एमएजीए (अमेरिका को फिर से महान बनाने) पर ध्यान दें और नाटो को त्याग दें।

भारतीय स्टेट बैंक
होम लोन सेंटर (एचएलसी) सी-59 सामुदायिक केन्द्र, नारायणा औद्योगिक क्षेत्र फ़ेज-1, नई दिल्ली-110028
मांग सूचना

सुश्री अनुराधा खोसला के गृह ऋण की वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (जिसे बाद में "अधिनियम" कहा जाएगा) की धारा 13(2) के तहत नोटिस
जबकि अधोहस्ताक्षरी ने भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते सरफेसी अधिनियम के तहत तथा धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नियम 3 के साथ, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किया है, जिसमें नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ताओं / बंधककर्ताओं / गारंटरों (जिन्हें बाद में "उक्त उधारकर्ता" के रूप में संदर्भित किया गया है) से कहा गया है कि वे नोटिस में उल्लिखित राशि को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार चुका दें। उक्त नोटिस या तो डाक प्राधिकारियों द्वारा बिना वितरित किये वापस कर दिया गया है या उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं/गारंटरों द्वारा स्वीकार नहीं किया गया है। अतः बैंक अत्यधिक सावधानी बरतते हुए मांग नोटिस का प्रकाशन कर रहा है। अतः नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम के अनुसार उक्त उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं/गारंटरों के अंतिम ज्ञात पतों के परिसर में ये नोटिस चिपका दिए हैं। उक्त नोटिस की प्रतियां नीचे हस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध हैंय तथा उक्त उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर, यदि वे चाहें तो सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस में नीचे हस्ताक्षरकर्ता से उक्त प्रतियां प्राप्त कर सकते हैं। उपरोक्त पृष्ठभूमि के मद्देनजर, एक बार फिर, उक्त उधारकर्ताओं / बंधककर्ताओं / गारंटरों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर भारतीय स्टेट बैंक को नीचे दी गई राशि का भुगतान करें, साथ में नीचे उल्लिखित तारीखों से ऋण और अन्य दस्तावेजों के तहत भुगतान की तारीख तक संविदात्मक दरों और शेष राशि पर भविष्य का ब्याज भी देय होगा। ऋण की उचित चुकौती के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित परिसंपत्तियों को संबंधित उधारकर्ताओं द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के पास बंधक / दृष्टिबंधक रखा गया है। यदि उक्त उधारकर्ता / बंधककर्ता / गारंटर पूर्वोक्तअनुसार भारतीय स्टेट बैंक को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो भारतीय स्टेट बैंक उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के विरुद्ध सरफासी अधिनियम और नियमों की धारा 13(4) के अंतर्गत कार्यवाही करेगा, जो पूरी तरह से उक्त उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं/गारंटरों के जोखिम पर लागत और परिणामों के रूप में होगी। इसके अलावा, अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (बी) के प्रावधानों की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है। सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुडाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में सरफेसी अधिनियम के तहत आपको भारतीय स्टेट बैंक की पूर्व लिखित सहमति के बिना सुरक्षित परिसंपत्तियों को बिक्री, पट्टे या अन्य तरीके से हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, तो उसे अधिनियम की धारा 29 के तहत कारावास और/या जुर्माने का दण्ड दिया जाएगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

| उधारकर्ता /बंधककर्ता / गारंटर का नाम और पता | लागू की जाने वाली प्रतिभूति का विवरण | 13(2) नोटिस के अनुसार राशि | मांग सूचना की तिथि |
|---|---|---|---|
| सुश्री अनुराधा खोसला पुत्री वीरेंद्र कुमार खोसला फ्लैट नं. KLP0151804 केलिप्सो टावर केटी–15 जेपी ग्रीन्स विश टाउन सेक्टर–128, नोएडा, जीटीबी नगर–201008 और: एचसीएल टेक्नोलॉजीज लि., प्लॉट नं. 1 और 2, सेक्टर–126, नोएडा, महर्षि नगर, (यूपी)–201304 | उप लीजहोल्ड रिहायशी अपार्टमेंट सं. KLP015804, 18वीं मंजिल, क्षेत्रफल 244.01 वर्ग मी. एक कवर्ड कार पार्किंग के साथ, टॉवर केटी–15, केलिप्सो कोर्ट, जेपी ग्रीन्स विश टाउन सेक्टर–128, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर (यू.पी.) एक कवर्ड कार के साथ | रु. 2,03,35,844/– (रु. दो करोड़ तीन लाख पैतीस हजार आठ सौ चौवालीस मात्र) दिनांक 22.07.2024 तक और सभी ऋणों में अर्जित ब्याज और अन्य शुल्क/व्यय सहित | मांग सूचना की तिथि 22.07.2024<br>एनपीए की तिथि 16.07.2024<br>ऋण खाता नं. 41428904915 41429061767 41394437263 |

स्थानः नोएडा, जी.बी. नगर   तिथिः 22.07.2024   प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, होम लोन सेंटर, नारायणा औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली

Karnataka Bank Ltd. 100
Your Family Bank. Across India.

| | |
|---|---|
| आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा<br>प्लॉट नं. 8-बी, प्रथम तल, राजेंद्र पार्क,<br>पूसा रोड<br>नई दिल्ली – 110060 | फोनः 011-40591567 (एक्स. 240)<br>ईमेलः delhiarm@kbank.com<br>वेबसाइटः www.karnatakabank.com<br>सीआईएनः L85110KA1924PLC001128 |

अचल सम्पत्ति की बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित।

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका भौतिक कब्जा कर्नाटक बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, सुरक्षित लेनदार द्वारा 27.02.2023 को लिया गया है, [illegible] श्री अरुण मक्कड़ [illegible] रोहिणी, दिल्ली [illegible] की बकाया राशिः रु. 32,45,435.61 [illegible] के आधार पर दिनांक 22.08.2024 को बेचा जाएगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

व्यवसायिक सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि दुकान/यूनिट सं. 26, प्रथम तल, ब्लॉक–ए, सीएससी–1, सेक्टर–16 [illegible] रोहिणी, दिल्ली [illegible]
आरक्षित मूल्य/अपसेट मूल्य जिसके नीचे संपत्ति नहीं बेची जा सकतीः रु. 12,00,000.00 (रु. बारह लाख मात्र)
जमा/निविदा की जाने वाली बयाना राशिः रु. 1,20,000.00 (रु. एक लाख बीस हजार मात्र)
(उधारकर्ता/बंधककर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।)
(यह नोटिस उधारकर्ता/गारंटर को सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम–2002 के नियम (9) के उपनियम (1) के तहत नोटिस के रूप में भी कार्य करेगा)
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया कर्नाटक बैंक की वेबसाइट अर्थात www.karnatakabank.com में दिए गए लिंक देखें। दिनांक 22.08.2024 को मेगा ई–नीलामी के अंतर्गत
ई–नीलामी 22.08.2024 को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक 05 मिनट के असीमित विस्तार के साथ पोर्टल https://bankauctions.in/ के माध्यम से आयोजित की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता को https://bankauctions.in/ पर अपना नाम पंजीकृत करना होगा और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना होगा और ई–नीलामी (संभवतः 21.08.2024 को) मैसर्स 4क्लोजर, 605 ए, 6वीं मंजिल, मैत्रिवनम, अमीरपेट, हैदराबाद– 500038, संपर्क नं. 040–23836405, मोबाइल 8142000809, ई–मेलः info@bankauctions.in से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।

दिनांकः 22.07.2024
स्थान : नई दिल्ली
कृते कर्नाटका बैंक लि.
मुख्य प्रबंधक और प्राधिकृत अधिकारी

Karnataka Bank Ltd. 100
Your Family Bank. Across India.

| | |
|---|---|
| आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा<br>प्लॉट नं. 8-बी, प्रथम तल, राजेंद्र पार्क,<br>पूसा रोड<br>नई दिल्ली – 110060 | फोनः 011-40591567 (एक्स. 240)<br>ईमेलः delhiarm@kbank.com<br>वेबसाइटः www.karnatakabank.com<br>सीआईएनः L85110KA1924PLC001128 |

अचल सम्पत्ति की बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित।

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका भौतिक कब्जा कर्नाटक बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, सुरक्षित लेनदार द्वारा 18.03.2023 को लिया गया है, [illegible] श्री रविन्द्र कुमार मौर्य [illegible] ई–165, प्रथम तल, नंद राम पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली–110059 [illegible] के आधार पर दिनांक 22.08.2024 को बेचा जाएगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

रिहायशी संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान सं. ई–165, प्रथम तल, नंद राम पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली–110059 [illegible]
आरक्षित मूल्य/अपसेट मूल्य जिसके नीचे संपत्ति नहीं बेची जा सकतीः रु. 16,50,000.00 (रु. सोलह लाख पचास हजार मात्र)
जमा/निविदा की जाने वाली बयाना राशिः रु. 1,65,000.00 (रु. एक लाख पैंसठ हजार मात्र)
(उधारकर्ता/बंधककर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।)
(यह नोटिस उधारकर्ता/गारंटर को सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम–2002 के नियम (9) के उपनियम (1) के तहत नोटिस के रूप में भी कार्य करेगा)
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया कर्नाटक बैंक की वेबसाइट अर्थात www.karnatakabank.com में दिए गए लिंक देखें। दिनांक 22.08.2024 को मेगा ई–नीलामी के अंतर्गत
ई–नीलामी 22.08.2024 को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक 05 मिनट के असीमित विस्तार के साथ पोर्टल https://bankauctions.in/ के माध्यम से आयोजित की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता को https://bankauctions.in/ पर अपना नाम पंजीकृत करना होगा और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना होगा और ई–नीलामी (संभवतः 21.08.2024 को) मैसर्स 4क्लोजर, 605 ए, 6वीं मंजिल, मैत्रिवनम, अमीरपेट, हैदराबाद– 500038, संपर्क नं. 040–23836405, मोबाइल 8142000809, ई–मेलः info@bankauctions.in से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।

दिनांकः 22.07.2024
स्थान : नई दिल्ली
कृते कर्नाटका बैंक लि.
मुख्य प्रबंधक और प्राधिकृत अधिकारी

# हमें ऐसा कोई चाहिए था जो लगातार उपलब्ध हो

## सूर्यकुमार को टी20 कप्तान बनाने पर बोले अगरकर

भाषा। मुंबई



**मुख्य चयनकर्ता** अजीत अगरकर ने सोमवार को कहा कि जब हार्दिक पंड्या पर तरजीह देकर सूर्यकुमार यादव को टी20 टीम की कप्तान बनाने का फैसला किया गया तो फिटनेस, ड्रेसिंग रूम से फीडबैक और लगातार उपलब्धता उनके पक्ष में रही। अगरकर भारत के श्रीलंका दौरे से पहले नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया से बात कर रहे थे। श्रीलंका दौरे पर भारतीय टीम को तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही एकदिवसीय मैच खेलने हैं। संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अगरकर ने कहा, सूर्यकुमार को कप्तान क्यो बनाया गया। क्योंकि वह योग्य उम्मीदवार था। पिछले एक साल से अधिक समय से वह ड्रेसिंग रूप में है और उसके बारे में ड्रेसिंग रूम से फीडबैक मिला है। उसमें क्रिकेट की अच्छी समझ है और वह अभी भी टी20 क्रिकेट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से है। उन्होंने कहा , हमें ऐसा कप्तान चाहिए था ो सारे मैच खेले। हमें लगता है कि वह कप्तान बनने का हकदार है और हम देखेंगे कि वह इस भूमिका में कैसे फिट बैठता है। अगरकर ने कहा कि उन्हें ऐसा कप्तान चाहिए था जिसका फिटनेस का रिकॉर्ड अच्छा हो और जिसका चोटों का इतिहास नहीं रहा हो। स्टार ऑलराउंडर पंड्या के बारे में अगरकर ने कहा, हार्दिक जैसा कौशल मिलना मुश्किल है और फिटनेस मिलना भी मुश्किल है। हमारे पास थोड़ा और समय है और हम कुछ चीजों पर गौर कर सकते हैं। उन्होंने कहा , वह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण खिलाड़ी है लेकिन फिटनेस बड़ी चुनौती है। हमें ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो अधिकांश समय उपलब्ध हो। पूर्व उप कप्तान लोकेश राहुल की अनदेखी पर उन्होंने कहा, जब राहुल को बाहर किया गया तो मैं वहां नहीं था। मैं उस समय चयनकर्ता नहीं था। उन्होंने कहा , अभी हमारे पास समय है। मेरे आने के बाद 50 ओवरों का विश्व कप और टी20 विश्व कप था। फिटनेस चिंता का विषय है। इसके अलावा भी हमारा मानना है कि सूर्यकुमार में अच्छा कप्तान बनने के सारे लक्षण है। उन्होंने कहा , दो साल का समय लंबा है जिसमें हम कुछ चीजों को अलग तरीके से देखकर प्रयोग कर सकते हैं। हमें हर समय उपलब्ध रहने वाले खिलाड़ी चाहिए। इस तरह से हम हार्दिक का प्रबंधन बेहतर तरीके से कर सकेंगे। अगरकर ने स्वीकार किया कि चयन समिति को यह स्पष्ट करना चाहिए था कि विश्व कप के बाद टी20 क्रिकेट को अलविदा कहने वाले रविंद्र जडेजा को बाहर नहीं किया गया है। उन्होंने कहा , इतनी छोटी श्रृंखला के लिए उन्हें और अक्षर पटेल दोनों को ले जाने का कोई मतलब नहीं था। हमें पता है कि जड्डू ने क्या किया है। उसने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया। उसे बाहर नहीं किया गया है। उन्होंने कहा , सारे विकल्प खुले हैं।लेकिन दोनों को ले जाने पर कोई एक ही तीनों मैच खेलता। आगे टेस्ट श्रृंखलाएं खेलनी है जिसमें जडेजा अधिकांश मैच खेलेंगे। इन तीन मैचों से कोई फर्क नहीं पड़ता। अगरकर ने कहा , हमें स्पष्ट करना चाहिए था कि उसे बाहर नहीं किया गया है। वह अभी भी हमारी रणनीति में है और काफी महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व उपकप्तान केएल राहुल, ऋषभ पंत और पंड्या के लिए भी कप्तानी के दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा , हम पंत को सबसे पहले मैदान पर वापसी करते देखना चाहते थे।वह अहम खिलाड़ी है लेकिन उसने पिछले कुछ समय से बहुत क्रिकेट नहीं खेला है। हम उस पर वापसी के बाद इतना दबाव नहीं डालना चाहते थे। उन्होंने कहा , केएल कुछ समय से टी20 प्रारूप में नहीं है। हमारे पास आजमाने का समय है। इस बार अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 में हार्दिक का चोटिल होना चुनौतीपूर्ण था। उस समय रोहित खेल नहीं रहा था लेकिन उसके होने से हमारा काम आसान हो गया। हम आगे वैसी स्थिति नहर्नी चाहते। अगरकर ने कहा कि चयनकर्ता चाहते हैं कि उपकप्तान शुभमन गिल अनुभव और सीनियर खिलाड़ियों से सीखे। उन्होंने कहा , शुभमन तीनों प्रारूपों का खिलाड़ी है और उसने अपनी प्रतिभा की बानगी भी दी है। हम चाहते हैं कि वह सीनियर खिलाड़ियों और अनुभव से सीखे।उसने नेतृत्व क्षमता का परिचयन दिया है।

# गंभीर चाहते हैं कि अधिकांश मैच खेले विराट और रोहित, 2027 वनडे विश्वकप पर नजरें




भाषा। मुंबई

**भारत** के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को कहा कि वह चाहते हैं कि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले चुके रोहित शर्मा और विराट कोहली अधिकांश वनडे और टेस्ट खेलें। उन्होंने उम्मीद जताई कि 2027 वनडे विश्व कप खेलने के लिए वे अपनी फिटनेस बनाए रखेंगे। रोहित और कोहली दोनों ने विश्व कप जीतने के बाद टी20 प्रारूप को अलविदा कह दिया। दोनों श्रीलंका दौरे पर टी20 श्रृंखला में नहीं होंगे लेकिन वनडे श्रृंखला खेलेंगे। भारत का मुख्य कोच बनने के बाद पहली बार मीडिया से रूबरू हुए गंभीर ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कार्यभार प्रबंधन की भी बात कही। उन्होंने कहा , मैं पहले भी कह चुका हूं कि जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी का कार्यभार प्रबंधन अहम है। लेकिन एक बल्लेबाज के लिए लगातार खेलते रहना जरूरी है अगर वे अच्छे फॉर्म में हैं। गंभीर ने कहा , रोहित और विराट अब टी20 क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि बाकी दोनों प्रारूपों में वे अधिकांश मैचों में उपलब्ध रहेंगे। बुमराह के बारे में उन्होंने कहा , यह हमारी जिम्मेदारी है कि अधिकांश महत्वपूर्ण मैचों के लिए वह तरोताजा रहे। इसीलिए कार्यभार प्रबंधन है। सिर्फ जसप्रीत बुमराह ही नहीं बल्कि अधिकांश तेज गेंदबाजों के लिए यह बहुत जरूरी है। गंभीर ने यह भी कहा कि 2027 वनडे विश्व कप को देखते हुए वह चाहते हैं कि रोहित और कोहली अपनी फिटनेस पर फोकस रखें। उन्होंने कहा , उन्होंने बता दिया है कि बड़े मैचों में वे क्या कर सकते हैं। टी20 विश्व कप और 50 ओवरों के विश्व कप में भी। दोनों के भीतर काफी क्रिकेट बाकी है। चैम्पियंस ट्रॉफी और आस्ट्रेलिया दौरा आने वाला है। अगर वे फिटनेस बरकरार रख सके तो 2027 वनडे विश्व कप भी खेल सकते हैं लेकिन यह उनका निजी फैसला होगा। मैं इतना ही कह सकता हूं कि अभी उनके भीतर काफी क्रिकेट बाकी है।
गंभीर ने तीन प्रारूपों के लिए अलग अलग टीमों की संभावना से भी

### गंभीर-अगरकर का तालमेल: कार्यभार प्रबंधन के बहाने श्रृंखला चुनने में मनमर्जी नही कर पाएंगे खिलाड़ी

नई दिल्ली। मुख्य कोच गौतम गंभीर की बेबाकी और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की स्पष्टवादिता से बने तालमेल से भारतीय क्रिकेट में ऐसे दौर की शुरुआत होने वाली है जहां खिलाड़ी कार्यभार प्रबंधन के बहाने श्रृंखला चुनने में मनमर्जी नही कर पाएंगे। श्रीलंका दौरे से पहले गंभीर और अगरकर ने संवाददाता सम्मेलन में कुछ कड़े फैसलों के बारे में बताया तो कुछ चीजों को इशारों में समझाया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भारतीय क्रिकेट में काफी कुछ नया होने वाला है। गंभीर और अगरकर की उपस्थिति शारीरिक रूप से भले ही प्रभावशाली न लगे लेकिन भारतीय क्रिकेट की जानकारी रखने वाला प्रत्एक व्यक्ति जानता है कियह दोनों पूर्व क्रिकेटर स्पष्ट और कड़े फैसले करने वालों में शामिल हैं जो आसानी से नही बदलते। इन दोनों का लक्ष्य अब 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए खाका तैयार करना है। उनकेलिए कार्यभार प्रबंधन बड़ी चुनौती होगी लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि इस मामले में बल्लेबाजों और गेंदबाजों केलिए अलग नियम होंगे।

# टीआरपी के लिए अच्छा लेकिन कोहली से मेरा रिश्ता निजी मामला है , कहा गंभीर ने

भाषा। मुंबई



**भारत** के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को घोषणा की कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के साथ उनका बहुचर्चित रिश्ता टीआरपी के लिए नहीं बल्कि उन दोनों के बीच है और आने वाले समय में दोनों एक लक्ष्य के लिए ही काम करने वाले हैं। गंभीर और कोहली अच्छे दोस्त नहीं रहे और यह आईपीएल में दोनों के बीच कई बार टकराव से स्पष्ट है। हालांकि अब यह जोड़ी 27 जुलाई से श्रीलंका के टी20 और एकदिवसीय दौरे से एक साथ काम करेगी। गंभीर ने संवाददाताओं से कहा, टीआरपी के लिए अच्छा है लेकिन मेरा रिश्ता सार्वजनिक नहीं है। विराट कोहली के साथ मेरा रिश्ता हम दोनों के बीच है और यह दो परिपक्व लोगों के बीच का रिश्ता है। मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर के साथ गंभीर श्रीलंका दौरे से पहले प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। भारत को श्रीलंका में तीन टी20 और तीन वनडे खेलने हैं। कोहली के संदर्भ में उन्होंने कहा, हमने बहुत चर्चा की है और हर किसी के पास अपनी जर्सी के लिए लड़ने का अधिकार है। गंभीर ने कहा , लेकिन इस समय हम भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। 140 करोड़ भारतीयों का और मुझे यकीन है कि हम एक लक्ष्य के लिए काम कर रहे हैं और भारत को गौरवान्वित करने की कोशिश करेंगे। हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले कोहली श्रीलंका दौरे पर भारत की वनडे टीम का हिस्सा हैं। गंभीर ने कहा कि मैदान से बाहर दोनों के संबंध बहुत अच्छे हैं।उन्होंने कहा , और ऐसा ही रहेगा। लेकिन इसे सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं। यह दो व्यक्तियों के बीच का संबंध है। मैंने उससे काफी बात की है और एक दूसरे को मैसेज भेजे हैं। उन्होंने कहा , कई बार हम सिर्फ सुर्खियां चाहते हैं , यह महत्वपूर्ण नहीं है। इस समय सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम दोनों भारत का परचम लहराने के लिए काफी मेहनत करेंगे। यही हमारा काम है। श्रीलंका दौरे के लिए भारत के पूर्व हरफनमौला अभिषेक नायक और नीदरलैंड के पूर्व बल्लेबाज रियान टेन डोइशे भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा होंगे जो गंभीर के साथ आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए काम कर चुके हैं। गंभीर ने कहा कि सहयोगी स्टाफ के बारे में विस्तार से श्रीलंका दौरे के बाद पता चलेगा। उन्होंने कहा , मैं बीसीसीआई से बहुत खुश हूं। उन्होंने मुझे अधिकांश चीजे दी जो मैने मांगी थी। श्रीलंका दौरे के बाद सहयोगी स्टाफ के बारे में विस्तार से जानकारी मिलेगी। अभी अभिषेक और रियान सहायक कोच हैं और टी दिलीप फील्डिंग कोच रहेंगे। साईराज बहुतुले श्रीलंका दौरे के लिए अंतरिम गेंदबाजी कोच हैं।

# भारत के खिलाफ तटस्थ स्थल पर टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का कोई प्रस्ताव नहीं: पीसीबी


**कराची। ( भाषा )** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि उसने भारत के खिलाफ विदेश में टी20 श्रृंखला खेलने का कोई प्रस्ताव नहीं रखा है और उसका ध्यान चैंपियंस ट्रॉफी के सुचारू आयोजन पर है। इस तरह की चर्चाएं हैं कि पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों के साथ इंग्लैंड या ऑस्ट्रेलिया में किसी विदेशी स्थल पर टी20 श्रृंखला की संभावना पर बात कर रहे हैं। एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा, इस तरह का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है क्योंकि अभी हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती चैंपियंस ट्रॉफी को उचित तरीके से आयोजित करना है और हमारा अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम भी काफी व्यस्त है। सूत्र ने कहा कि कोलंबो में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बैठक में पीसीबी के दो मुख्य लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बजट को मंजूरी दिलाना और फिर आईसीसी तथा बीसीसीआई से यह आश्वासन प्राप्त करना था कि भारत इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा। सूत्र ने कहा, फिलहाल हमारा मुख्य एजेंडा यही है। इसलिए भारत के साथ किसी द्विपक्षीय श्रृंखला पर विचार करने का सवाल ही नहीं उठता। भारत ने 2012 से पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला निलंबित कर रखी है। तब पाकिस्तान ने सीमित ओवरों की संक्षिप्त श्रृंखला के लिए भारत का दौरा किया था। 2007 में पाकिस्तान के भारत दौरे के बाद से दोनों देशों ने कोई टेस्ट श्रृंखला भी नहीं खेली है।

# नेपाल पर बड़ी जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी भारतीय महिला टीम




दाम्बुला। (भाषा) पहले दो मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के मंगलवार को यहां होने वाले अपने अंतिम मैच में नेपाल के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से और दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से हराया था। नेपाल अपने पहले मैच में अमीरात को हराने में सफल रहा था लेकिन दूसरे मैच में उसे पाकिस्तान से 9 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। भारत का सेमीफाइनल में जगह बनाना तय लग रहा है जबकि पाकिस्तान ने पिछले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने रन रेट में काफी सुधार किया है। भारतीय टीम हालांकि अन्य टीमों की स्थिति पर गौर करने के बजाय अपने विजय अभियान को जारी रखने पर ध्यान देगी। उसने अभी तक टूर्नामेंट में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है जिसे वह जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की थी जबकि अमीरात के खिलाफ कप्तान हरमनप्रीत कौर और रिचा घोष ने अर्धशतक जड़े थे।विस्फोटक बल्लेबाज घोष ने अमीरात के खिलाफ 29 गेंद पर 64 रन बनाए थे जिससे भारत महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार 200 रन का आंकड़ा छूने में सफल रहा। हरमनप्रीत ने 47 गेंद पर 66 रन बनाकर सूत्रधार की भूमिका निभाई थी। जहां तक भारतीय गेंदबाजी का सवाल है तो रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। यहां तक कि पिछले मैच में चोटिल ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल की जगह टीम में शामिल की गई तनुजा कंवर ने भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई और चार ओवर में केवल 14 रन दिए और एक विकेट भी लिया।
इंदु बर्मा की अगुआई वाली नेपाल की टीम ने अमीरात के खिलाफ जीत से अच्छी शुरुआत की थी लेकिन पाकिस्तान के सामने उसकी एक नहीं चली। अब उसकी टीम भारत की चुनौती से अच्छी तरह वाकिफ होगी और अगर उसे भारतीय टीम को परेशानी में डालना है तो उसकी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

## भारतीय कुश्ती में घटी घटनाओं से बहुत दुखी हूं पर ओलंपिक में दो पदक की उम्मीद: योगेश्वर दत्त



**नई दिल्ली।** (भाषा) ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त ने सोमवार को कहा कि पिछले दो साल में भारत में कुश्ती की प्रगति बुरी तरह प्रभावित हुई, लेकिन इसके बावजूद उन्हें उम्मीद है कि 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक खेलों में भारतीय पहलवान दो पदक जीत सकते हैं।ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया तथा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट सहित देश के छह शीर्ष पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन किया जिसके कारण भारत में कुश्ती गतिविधियां करीब डेढ़ साल तक ठप रही।इसका खासा बुरा प्रभाव पड़ा तथा राष्ट्रीय शिविर और प्रतियोगिताएं स्थगित कर दी गई। इससे पहलवान ओलंपिक और ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए ढंग से तैयारी नही कर पाए। लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता योगेश्वर ने यहां एक कार्यक्रम से इतर कहा, पिछले डेढ़ से दो वर्षों में भारतीय कुश्ती में जो कुछ हुआ उससे मै बहुत दुखी हूं। हमारा यह खेल वास्तव में बुरे दौर से गुजरा है जिससे इसकी प्रगति पर बुरा प्रभाव पड़ा और इस खेल को चाहने वालों के पास भी नकारात्मक संदेश गया।

## विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप: क्वार्टर फाइनल में हार गईं भारतीय टीमें

**नई दिल्ली।** भारत के लड़कों और लड़कियों की टीम को ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय लड़कों की छठी वरीयता प्राप्त टीम चौथी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से।-2 से जबकि लड़कियों की टीम तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया से समान अंतर से हार गईं।लड़कों के वर्ग में युवराज वाधवानी ने सेओजिन ओह को 3-2 से हराकर भारत को जीत के साथ शुरुआत दिलाई लेकिन पिछले सप्ताह व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले शौर्य बावा को चार करीबी गेम में रजत पदक विजेता जू यंग ना से हार का सामना करना पड़ा।निर्णायक मुकाबले में कुन किम ने अरिहंत केएस को पराजित करके दक्षिण कोरिया को सेमीफाइनल में पहुंचाया। लड़कियों के वर्ग में शमीना रियाज के व्हिटनी विल्सन से हारने के बाद अनाहत सिंह ने थानुसा उथ्रियन के खिलाफ़ कड़े मुकाबले में 3-2 से जीत दर्ज की लेकिन निर्णायक मुकाबले में निरुपमा दुबे को डोयस ए सैन ली से पांच गेम तक चले मैच में हार का सामना करना पड़ा।

# पेरिस ओलंपिक मेरा आखिरी टूर्नामेंट

## अब युवाओं के लिए जिम्मेदारी उठाने का समय: श्रीजेश



**नई दिल्ली** (भाषा)। भारतीय हॉकी की दीवार कहे जाने वाले दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने कहा कि पेरिस ओलंपिक उनके करियर का आखिरी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। श्रीजेश 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए मैदान पर उतरते ही भारत के लिए चार ओलंपिक खेलने वाले पहले गोलकीपर बन जाएंगे। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। केरल के इस खिलाड़ी के लिए कोच्चि से तोक्यो ओलंपिक में पदक विजेता बनने की कहानी इतनी आसान नहीं रही। करियर के शुरुआत में उन्हें बलजीत सिंह, एड्रियन डिसूजा और भरत छेत्री जैसे अनुभवी गोलकीपरों के कारण टीम में जगह बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। श्रीजेश ने पेरिस से पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, यह (ओलंपिक) में आखिरी टूर्नामेंट होगा। उन्होंने कहा, यह परिवार के साथ समय बिताने का मौका होगा। मैं उनकी सहूलियत के हिसाब से भविष्य की योजना बनाऊंगा क्योंकि उन्होंने इतने वर्षों से मेरे लिए बहुत त्याग किए हैं। देश के लिए 328 मैच खेलने वाले इस गोलकीपर ने कहा, मैं कुछ भी करने से पहले बच्चों, पत्नी और माता-पिता की राय लूंगा। मैं उसके अनुसार योजना बनाऊंगा। इसके साथ ही मैं जमीनी स्तर पर काम करूंगा और भारतीय हॉकी को विकसित करने में मदद करूंगा। श्रीजेश के लिए तोक्यो ओलंपिक का कांस्य पदक करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है लेकिन वह पेरिस में इस पदक का रंग बदलना चाहते हैं। तोक्यो में भारतीय टीम ने ओलंपिक पदक के 41 साल के सूखे को खत्म किया था। उन्होंने कहा, जब आप प्रदर्शन करते हैं तो उम्मीदें बढ़ती हैं और यह अच्छा है, क्योंकि इससे हमें आत्मविश्वास मिलता है। इसे सकारात्मक रूप से लेना चाहिए। हमें ज्यादा दबाव लेने से बचना चाहिए। मैं निजी तौर पर बस पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करना चाहता हूं और इस बार पदक का रंग बदलने में मदद करना चाहता हूं। चेहरे पर अकसर मुस्कान रखने वाले इस 36 साल के खिलाड़ी ने कहा, चार ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होना एक बड़ा सम्मान और विशेष उपलब्धि है लेकिन बस इतना ही। अब युवाओं के मेरी जगह लेने का समय आ गया। मेरा करियर बहुत सफल रहा है और मैंने जो हासिल किया है उससे मैं संतुष्ट हूं।

# आईसीसी ने टी20 विश्वकप के आयोजन की समीक्षा को तीन सदस्यीय समिति गठित की

**कोलंबो।** (भाषा) अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईसीसी) ने पिछले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में हुए टी20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा के लिए सोमवार को तीन सदर्स्ईय समिति गठित की। समिति में न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर ट्वोज और आईसीसी के अन्य दो निदेशक लॉसन नायडू तथा इमरान ख्वाजा को जगह मिली है। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार , आईसीसी बोर्ड पुष्टि करता है कि आईसीसी टी20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा होगी। तीन निदेशक रोजर ट्वोज, लॉसन नायडू और इमरान ख्वाजा के मार्गदर्शन में यह होगा और ए इसी साल बोर्ड को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। समझा जाता है कि आईसीसी को न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डलास में मैचों के आयोजन पर दो करोड़ डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है। पता चला है कि टूर्नामेंट के अमेरिकी चरण के लिए आवंटित बजट लगभग 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर था और यह पाया गया कि बजट में काफी इजाफा हुआ जिस पर वैश्विक संस्था के कुछ प्रभावशाली बोर्ड सदस्यों ने आपत्ति जताई। खराब स्तर की ड्रॉप इन पिचों, टिकट प्रणाली और साजो-समान से जुड़े मुद्दों ने आईसीसी की परेशानी और बढ़ा दी। विभिन्न निविदाएं सौंपे जाने को लेकर भी चिंता जताई गई है। समझा जाता है कि समिति आईसीसी के कुछ शीर्ष अधिकारियों की भूमिका की भी गहन जांच करेगी।आईसीसी के प्रतियोगिता प्रमुख क्रिस टेटली ने पहले ही इस्तीफा दे दिया है। हालांकि आधिकारिक कारण यह बताया गया था कि हर साल होने वाले आईसीसी के प्रमुख टूर्नामेंटों (पुरुष और महिला) का असर पड़ रहा है। अमेरिका में क्रिकेट की संचालन संस्था यूएसएसी को औपचारिक तौर पर नोटिस पर रखा गया है और आईसीसी की एसोसिएट सदस्यता पात्रता का अनुपालन करने के लिए 12 महीने का समय दिया गया है।आईसीसी एसोसिएट सदस्यता पात्रता के अनुसार यूएसएसी दो नियमों संचालन (2.2 बी एक) और प्रशासन तथा कार्यकारी ढांचे (2.2 बी दो) पर खरा नहीं उतरता। विज्ञप्ति के अनुसार, अमेरिका क्रिकेट और क्रिकेट चिली को औपचारिक रूप से नोटिस दिया गया है और आईसीसी सदस्यता मानदंडों के अपने वर्तमान गैर अनुपालन को सुधारने के लिए उन्हें 12 महीने का समय दिया गया है। मुख्य कार्यकारियों की समिति (सीईसी) ने 2026 टी20 विश्व कप के लिए आठ क्षेत्रीय क्वालीफाइंग स्थानों के आवंटन की पुष्टि की। इसमें अफ्रीका और यूरोप से दो-दो टीमें, अमेरिका महाद्वीप से एक और एशिया तथा ईएपी क्षेत्रीय फाइनल से कुल तीन टीमें क्वालीफाई करेंगी। आईसीसी ने साथ ही पुष्टि की कि 2030 में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 12 की जगह 16 टीम का टूर्नामेंट होगा।

## स्टिमक ने भारतीय फुटबॉल के नए कोच को चेतावनी देते हुए कहा,यात्रा आसान नही होगी

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने सोमवार को अपने उत्तराधिकारी मनोलो मार्केज को चेतावनी दी कि आगे की यात्रा आसान नही होगी। उन्होंने हालांकि इस पद के लिए स्पेन के पूर्व खिलाड़ी का समर्थन करते हुए कहा कि उनके पास अच्छा परिणाम देने की काबिलियत है। स्टिमक 1998 में विश्व कप के सेमीफाइनल तक का सफर तय करने वाली टीम के सदस्य थे। उन्होंने अपेक्षाकृत आसान ड्रॉ मिलने के बावजूद 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में भारत की विफलता के बाद पिछले महीने बर्खास्त कर दिया गया था। स्टिमक ने ट्विटर पर लिखा, प्रिय मनोलो, भारत का नया मुख्य कोच नियुक्त होने पर बधाई। यह यात्रा आसान नही होगी, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों के साथ आपका अनुभव बताता है कि आप ब्लू टाइगर्स को अगले स्तर पर ले जाने के लिए सबसे उपयुक्त है। शुभकामनाए। मेरे दोस्त।

## सितंबर में चुनावों के बाद ओसीए के पहले भारतीय प्रमुख बनेंगे रणधीर सिंह

**नई दिल्ली।** अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के पहले भारतीय प्रमुख बनने की राह पर है क्योंकि आठ सितंबर को होने वाले चुनाव मे वह शीर्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार बचे है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के पूर्व सदस्य और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के पूर्व महासचिव 77 साल के रणधीर अभी महाद्वीप की शीर्ष ओलंपिक संस्था के कार्यवाहक प्रमुख है। ओसीए ने बयान मे कहा, ओसीए चुनाव आयोग पुष्टि कर सकता है कि ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह आठ सितंबर 2024 को ओसीए आम सभा के चुनाव के लिए नामित होने वाले एकमात्र उम्मीदवार है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड,ए-8, सेक्टर-7, जिला-गौतमबुद्ध नगर, नोएडा ( उ.प्र. )-201301, दूरभाष-01202470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।